| मौसम | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| धनबाद | 29.2 | 17.8 |
| जमशेदपुर | 30.3 | 17.2 |
| डालटनगंज | 30.4 | 15.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची एवं पटना से प्रकाशित

रांची ● गुरुवार, 16 नवंबर 2023 ● कार्तिक शुक्ल 03, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5 ● वर्ष : 1, अंक : 209


विराट कोहली

117 (113)

4 9 4 2

शतकों का अर्धशतक

## सुर्खियां » इंटरनेशनल

- अपनी लड़ाई में हमें न घसीटे हमास : ईरान
- पाक ने फैजाबाद धरने की जांच को आयोग बनाया
- बांग्लादेश में सात जनवरी को होंगे आम चुनाव
- मालदीव राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण में जाएंगे रीजीजू

## नेशनल

- एमपी विस चुनाव के लिए प्रचार समाप्त, वोटिंग कल
- देश में वस्तुओं का निर्यात बढ़कर हुआ 6.21%
- ब्रिटिश एनएसए से सार्थक बात हुई : एस. जयशंकर
- सेल्फी ले रहे प्रशंसक को नाना पाटेकर ने जड़ा थप्पड़

## स्टेट

- पीएम मोदी की सुरक्षा में हुई दो बार भारी चूक
- प्रिंस दुबई से चला रहा समानांतर सरकार
- धनबाद में शंटिंग के दौरान बेपटरी हुई एलेप्पी ट्रेन
- मशीन से बनी रोटी खायेंगे सूबे के 16 जेलों के कैदी

## किसने क्या कहा

- सिंधिया जी कद में थोड़े छोटे हैं, पर अहंकार में वाह भई वाह : प्रियंका गांधी
- मेरी आवाज दबाने के लिए मुझे गिरफ्तार किया गया : –संजय सिंह
- कमजोर रहकर शांति संभव नहीं –जगदीप धनखड़

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,000 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

## ब्रीफ खबरें

### राष्ट्रपति मुर्मू ने बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगवान बिरसा मुंडा को बुधवार को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की. राष्ट्रपति ने संसद परिसर में बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी. मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर झारखंड के सभी निवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं. मेरी मंगल कामना है कि झारखंड राज्य सदा प्रगतिशील रहे.

### दो आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सुरक्षा बलों ने बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम करते हुए दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सतर्क जवानों ने एलओसी के पास कुछ हलचल देखी और सुरक्षा बलों द्वारा घुसपैठियों को चुनौती देने पर दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई. अधिकारियों ने बताया कि अब तक सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को मार गिराया है और अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान जारी था. सुरक्षा बलों ने जून में कुल 11 घुसपैठियों को मार गिराया गया था.

### डोडा में बस खाई में गिरी, 37 की मौत

**डोडा(जम्मू-कश्मीर)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को यात्रियों को लेकर जा रही एक बस सड़क से फिसलकर करीब 300 फुट गहरी खाई में गिर गयी, जिससे कम से कम 37 लोगों की मौत हो गयी और 19 अन्य घायल हो गये. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. बस में करीब 56 यात्री सवार थे. यात्रियों से भरी यह बस बटोटे-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास सड़क से फिसल गयी और खाई में गिर गयी. उन्होंने बताया कि बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है.

### बाबर आजम ने छोड़ी पाक टीम की कप्तानी

**कराची।** पाकिस्तान के विश्व कप से बाहर होने के चार दिन बाद बाबर आजम ने बुधवार को सभी प्रारूपों के कप्तान पद से त्यागपत्र दे दिया.



पाकिस्तान ने मौजूदा विश्व कप के नौ मैच में से पांच मैच गंवाए थे और आखिर में वह पांचवें स्थान पर रहा था. उसे अफगानिस्तान से भी हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद बाबर को कप्तान पद से हटाने की मांग की जा रही थी.

दो करोड़ बहनों को लखपति बनाएंगे

# गारंटी

## 7200 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन



प्रमुख संवाददाता। रांची

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खूंटी में भाई दूज पर देश की 2 करोड़ बहनों को लखपति बनाने का वादा किया है. जनजातीय गौरव दिवस पर खूंटी के बिरसा कॉलेज स्टेडियम में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि वह भाई दूज के दिन बहनों से वादा करते हैं कि उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देंगे. स्वयं सहायता समूह की 2 करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना उनका सपना है. पीएम ने कहा मोदी की गारंटी यानी हर गारंटी पूरा होने की भी गारंटी है. उन्होंने विकसित भारत के चार मंत्र भी दिये. कहा विकसित भारत के 4 अमृत स्तंभ हैं। इनमें पहला भारत की महिलाएं, दूसरा देश के किसान और पशुपालक, तीसरा देश के नौजवान और चौथा भारत का मध्य और गरीब वर्ग है. मौके पर उन्होंने 7200 करोड़ की योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास और उद्घाटन भी किया. 24000 करोड़ के पीवीजीटी मिशन का शुभारंभ किया. 8 करोड़ किसानों के खाते में पीएम सम्मान निधि की 15वीं किस्त के तहत 18000 करोड़ रुपये भी दिये. 15,000 करोड़ रुपये का मुफ्त पशुधन टीकाकरण करने का भी पीएम ने ऐलान किया और विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी शुभारंभ किया.

### मोदी ने बांटे चार अमृत स्तंभ

**महिला, किसान, नौजवान और मध्यम वर्ग पर फोकस**

- 24000 करोड़ के पीवीजीटी मिशन का शुभारंभ
- 8 करोड़ किसानों के खाते में 18000 करोड़ दिये
- विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

### उलिहातू से शुरू हुए दो ऐतिहासिक अभियान

पीएम ने कहा, आज का दिन सौभाग्य से भरा हुआ है. बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में उनके परिजनों से मुलाकात हुई और यहां की पवित्र मिट्टी को माथे पर लगाने का सौभाग्य मिला. आज यहां दो ऐतिहासिक अभियान विकसित भारत संकल्प यात्रा व पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीवीजीटी मिशन) शुरू हो रहे हैं.

राज्य का 24वां स्थापना दिवस मना

# सौगात

## 7042.74 करोड़ की योजनाओं का तोहफा हेमंत सरकार ने दिया



विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य के 24वें स्थापना दिवस पर हेमंत सोरेन सरकार ने राज्यवासियों को 7042.74 करोड़ की सौगात दी. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित समारोह में 1714.44 करोड़ के 229 योजनाओं का उद्घाटन और 5328.30 करोड़ रुपये की कुल 677 योजनाओं का शिलान्यास किया. आपकी सरकार, आपके द्वार के तीसरे चरण का शुभारंभ किया गया. इस मौके पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने झारखंड स्टार्ट-अप पॉलिसी 2023, झारखंड एमएसएमई प्रमोशन पॉलिसी 2023, झारखंड निर्यात पॉलिसी 2023 और झारखंड आईटी, डाटा सेंटर तथा बीपीओ इन्वेस्टमेंट प्रमोशन पॉलिसी 2023, अबुआ आवास योजना और मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लांच किया. सरकार द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वर्ष 2023-24 के लिए 5,55,652 किशोरियों को 261 करोड़ की सहायता राशि बांटी गयी. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले करीब 70 खिलाड़ियों में लगभग 2 करोड़ पुरस्कार राशि का वितरण किया गया.

### 229 योजनाओं का उद्घाटन

**677 योजनाओं का शिलान्यास**

- झारखंड स्टार्ट-अप पॉलिसी लांच
- मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना हुई शुरू

### विकास के लिए साथ काम करें : राज्यपाल

इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि झारखंड विकास और पिछड़ेपन की श्रेणी में नीचे से दूसरे पायदान पर है. झारखंड को विकास के श्रेणी में उपर से पहले और दूसरे नंबर पर लाने के लिए दलगत भावना से ऊपर उठकर काम करना होगा. वहीं, सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि जहां भी डबल इंजन की सरकार नहीं है, वहां-वहां सौतेला व्यवहार होता है. केंद्र ने 8 लाख लोगों को आवास के लिए राशि नहीं दी. भले ही केंद्र न दे मगर हम इन्हें आवास देंगे.

सेमीफाइनल फतह

# सेंचुरी किंग



सचिन के सामने उनके घरेलू मैदान पर तोड़ा उनका रिकॉर्ड

### वनडे में सबसे ज्यादा शतक

| खिलाड़ी | देश | पारी | शतक |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली | भारत | 279* | 50 |
| सचिन तेंदुलकर | भारत | 451 | 49 |
| रोहित शर्मा | भारत | 251 | 31 |

एजेंसी। मुंबई

विश्व कप 2023 में भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल में विराट कोहली ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने वनडे करियर का 50वां शतक लगाया. अब वह वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. इस मामले में विराट ने महान सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया. सचिन खुद इस मैच को देखने के लिए वानखेड़े में मौजूद हैं. कोहली ने उनके सामने उनके घर में सबसे ज्यादा शतक का रिकॉर्ड अपने नाम किया. सचिन ने 452 वनडे पारियों में 49 शतक लगाए थे. वहीं, कोहली ने 279वीं पारी में 50 शतक लगा दिए हैं.

विश्व कप 2023

## फाइनल में भारत

**सेमीफाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया**

विश्व कप के पहले सेमीफाइनल मुकाबलें में भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर फाइनल में जगह पक्की की. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 397 रन बनाए. भारत की ओर से विराट कोहली ने शानदार 117 रनों की पारी खेली और अपना 50वां वनडे शतक पूरा किया. वहीं श्रेय्यस अय्यर ने भी 105 रन बनाए. न्यूजीलैंड के लिए डैरेल मिचेल ने 134 रनों की पारी खेली, वहीं भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने 7 विकेट चटकाए.

झारखंड कांग्रेस ने लगाया आरोप : आदिवासी वोट के लिए पीएम मोदी ने किया झारखंड दौरा

# श्रद्धांजलि के बहाने उलिहातू में भगवाकरण : कांग्रेस

संवाददाता। रांची

झारखंड स्थापना दिवस व बिरसा मुंडा की जयंती पर पीएम मोदी के झारखंड दौरे को लेकर सियासत तेज हो गयी है. झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और ग्रामीण विकास मंत्री सह विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पीएम मोदी पर हमला बोला है. राजेश ठाकुर ने आरोप लगाया कि बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि देने के बहाने खूंटी के उलिहातू में मंच का भगवाकरण किया गया. पीएम मोदी पांच राज्यों



के चुनाव में आदिवासी वोट का ध्रुवीकरण के लिए खूंटी आये.

राजेश ठाकुर ने बोला कि जिसने कहा था कि भाजपा में जाना कुतुबमीनार से कूदने जैसा है, उसे मंच पर जगह देना जनता के साथ धोखे जैसा है. बाबूलाल मरांडी अभी भी विधानसभा में भाजपा के सदस्य नहीं हैं, लेकिन उन्हें भाजपा अध्यक्ष के तौर पर जगह दी जाती है. इससे यह स्पष्ट होता है कि नरेंद्र मोदी झारखंड में बतौर पीएम नहीं, भारतीय जनता पार्टी के नेता के रूप में आये. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड की जनता पूछ रही है कि आप किस हैसियत से बाबूलाल को

### पीएम नहीं, भाजपा नेता के रूप में झारखंड आये मोदी

मंच पर बैठाये. बाबूलाल की तरह झारखंड में 81 विधायक है, उन्हें मंच पर क्यों नहीं जगह दी गयी. कहा कि अगर बाबूलाल को मंच पर जगह देनी थी तो जनजातीय आयोग में सदस्य बनाकर देते. तब हमें आपत्ति नहीं होती. प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पीएम मोदी एक तरफ बिरसा मुंडा जिस जेल में थे, वहां जाकर उनको श्रद्धांजलि देते हैं. वहीं, बिरसा की राह पर चलने वाले को जेल में डाला गया.

## आपको रोका किसने था !

सुरजीत सिंह

कांग्रेस का आरोप है कि राज्य स्थापना दिवस के मौके का भगवाकरण कर दिया गया. भगवान बिरसा मुंडा के गांव उलिहातू में आयोजित कार्यक्रम के मंच का भगवाकरण कर दिया गया. यह आरोप कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने लगाया है.

**टिप्पणी** मान लीजिये कि यह आरोप बिल्कुल सही है. राजधानी में आयोजित स्थापना दिवस समारोह हो, उलिहातू हो या अखबारों के पन्ने, हर जगह भाजपा है या झारखंड सरकार. कांग्रेस की उपस्थिति ना तो सड़क पर दिखी, ना किसी समारोह में, ना हॉर्डिंग पर और ना ही अखबारों के पन्नों पर. हां प्रेस कांफ्रेंस जरूर आपने की. यहां कांग्रेस कोटे के मंत्री भी शामिल हुए. यह कोई पहला मौका नहीं है. ऐसा पहले भी हुआ है. आप (कांग्रेस) कहीं दिखते ही नहीं. खास कर तब जब बात बटुआ ढीला करने की हो. बात चाहे पार्टी स्तर पर हो या व्यक्तिगत स्तर पर. – शेष पेज 10 पर देखें

### नयी दिल्ली-दरभंगा एक्सप्रेस में अगलगी

**इटावा/नयी दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में इटावा के पास बुधवार शाम नयी दिल्ली-दरभंगा स्पेशल एक्सप्रेस में आग लगने से इसके तीन डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए. यह जानकारी अधिकारियों ने दी. इटावा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) संजय कुमार ने कहा कि चार व्यक्तियों को मामूली चोटें आईं हैं. उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, किसी भी यात्री के झुलसने की जानकारी नहीं हैं. आग शाम साढ़े पांच बजे लगी. आग लगने का कारण तत्काल पता नहीं चल पाया है. ट्रेन की बोगियों से काला धुआं निकलते देखा गया. मौके पर मौजूद पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, इस घटना में एक कोच जलकर खाक हो गया.

बीएड नामांकन जेसीईसीईबी ने विभाग को भेजा लेटर, होगी आगे की प्रक्रिया

# चौथी काउंसिलिंग खत्म, 3000 सीटें खाली

रजनीश प्रसाद। रांची

झारखंड में चौथे राउंड की बीएड की काउंसिलिंग पूरी हो चुकी है. इसके बाद भी 3000 सीट खाली है. आगे क्या करना है, इसके लिए झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) ने झारखंड उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग को पत्र भेजा है. वहीं उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस पर काम चल रहा है. आगे काउंसिलिंग की जाएगी या फिर ओपन काउंसिलिंग होगी. इसके लिए नोटिफिकेशन बहुत जल्द जारी कर दिया जाएगा. झारखंड में बीएड के कुल 133 कॉलेज हैं, जिसमें से 4 सरकारी कॉलेज हैं. 129 निजी

## झारखंड में बीएड के कुल 133 कॉलेज हैं

- 4 सरकारी व 129 निजी कॉलेज हैं
- सभी कॉलेजों में कुल 13400 सीट है



**इन तिथियों को हुई थी काउंसिलिंग की शुरुआत**

- पहले राउंड की काउंसिलिंग 8 जुलाई से हुई थी
- दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 25 अगस्त से हुई थी
- तीसरे राउंड की काउंसिलिंग 14 अगस्त से हुई थी
- चौथे राउंड की काउंसिलिंग 5 अक्टूबर से हुई थी

कॉलेज हैं. इन सभी कॉलेजों में कुल 13400 सीट है. चार काउंसिलिंग के बाद 10400 ही सीट भरा है. सभी कॉलेजों में लगभग 100-100 सीट है. वहीं देवघर बीएड कॉलेज में 200 सीट है. मालूम हो कि पिछले साल भी बीएड की यही स्थिति रही थी. काउंसलिंग खत्म होने के बाद भी सीट नहीं भरी थी. इसके बाद ओपन काउंसिलिंग करने का आदेश जारी कर दिया गया था. इस साल भी संभवतः ओपन काउंसिलिंग की जा सकती है. पहले, दूसरे, तीसरे और चौथे राउंड के काउंसिलिंग में 6 अलग-अलग तिथियों पर काउंसिलिंग की गयी थी. इस दौरान रजिस्ट्रेशन से लेकर सभी अन्य काम किए गए थे.

### कोल्हान जंगल में आईईडी विस्फोट ग्रामीण घायल

**चक्रधरपुर।** पश्चिमी सिंहभूम के कोल्हान जंगल में फिर आईईडी विस्फोट की घटना हुई है और इसकी चपेट में आकर एक ग्रामीण घायल हो गया है. गोईलकेरा थानाक्षेत्र के बोयपाईससांग के पास यह घटना घटी. बताया जाता है कि गोईलकेरा थानाक्षेत्र के बरायबीर गांव निवासी मधु तैसूम मंगलवार की दोपहर कुछ ग्रामीणों के साथ साइकिल पर लकड़ी लाने बोयपाईससांग जंगल गया था. इसी दौरान साइकिल का पहला चक्का जमीन में गाड़े गए आईडी की चपेट में आने से विस्फोट हो गया. घटना में उसके दोनों हाथ में गंभीर चोटें पहुंची. घायल अवस्था में ही मधु तैसूम गोईलकेरा के हाथीबुरु सीआरपीएफ कैंप पहुंचा, जहां जवानों ने उसका प्राथमिक इलाज किया.

## रांची के पुलिस अधिकारी पर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप

संवाददाता। रांची

रांची जिले में पदस्थापित एएसआई नीरज खोसला पर एक नाबालिग लड़की ने पिछले एक साल से यौन शोषण करने का आरोप लगाया है. किशोरी ने सीआईडी से शिकायत की है. इसके बाद महिला थाना में मामला दर्ज किया गया है. सुखदेवनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग लड़की ने सीआईडी में अपना बयान भी दर्ज कराया है.

अपने बयान ने नाबालिग ने कहा है कि 15 अगस्त 2022 की रात मेरी मां बगल में किसी काम से गयी हुई थी. मेरे पिताजी भी घर पर नहीं थे, तभी मेरे पड़ोसी नीरज खोसला मेरे घर आए और हमको बुलाकर अपने घर ले गये. उसके घर में कोई नहीं था.

**खास बातें**

- नाबालिग की ने सीआईडी से की शिकायत, मामला दर्ज
- आरोपी अफसर सुखदेवनगर थाना में पदस्थापित है

नीरज अंकल मुझे बुलाकर छत पर ले गये और मेरे साथ गंदी हरकत करने लगे. मेरे मना करने पर पिताजी को जान से मारने की धमकी देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया. मैं दर्द से कराहती रही, छोड़ने की विनती की, मगर उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया. इसके बाद मेरे भाई व परिवार को जान से मारने की धमकी देकर मुझे घर भेज दिया.

– शेष पेज 10 पर देखें

### ब्रीफ खबरें

#### झुमरी तिलैया में भगवान चित्रगुप्त की पूजा की धूम

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झुमरी तिलैया नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत चित्रगुप्त नगर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से की जा रही है. समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार अभय ने कहा कि यहां पर भगवान चित्रगुप्त की पूजा 42 वर्षो से की जा रही है. कहा जाता है कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यमराज के सहायक चित्रगुप्त महाराज की पूजा की जाती है. भगवान चित्रगुप्त की पूजा करने से हरेक व्यक्ति को मृत्यु के बाद नरक की यातनाएं नहीं झेलनी पड़ती है. पूजा को सफल बनाने में सचिव रविन्द्र कुमार मोती,ओमकार सिन्हा,गौतम कुमार, नीरज कुमार आदि शामिल थे.

#### झारखंड को पुनर्स्थापित करने का वक़्त आ गया

**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कोकर, रांची स्थित भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर समाधि स्थल पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया. बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि झारखंड कोई स्वाभाविक राज्य नहीं है. एक लंबी लड़ाई लड़कर इसे हासिल किया है. जिन विषयों और उद्देश्यों के साथ झारखंड का गठन हुआ, उसे पुनर्स्थापित करने का वक्त आ गया है. हमें हर हाल में यह सुनिश्चित करना होगा कि झारखंड एवं झारखंडियों का परिचय स्थापित रहे, अमिट रहे। मौके पर छात्र आंदोलकारी विराट महतो, रंजीत कुमार, गंगाधर महतो ,बंटी कुमार ,मनोज कुमार ,बबलू कुमार आदि मौजूद थे .

#### भंडारे के साथ हुई संपन्न गोवर्धन पूजा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो प्रखंड के नावाडीह स्टेशन के समीप गुरहा मैदान में यदुवंशी परिवार द्वारा आयोजित गोवर्धन पूजा का समापन बुधवार को भव्य भंडारे के साथ हुआ. इस दौरान आस पास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया. इसके पूर्व मंगलवार को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी, विधायक नीरा यादव, जिप सदस्य रामधन यादव, राजद नेता सुबाश यादव समेत हज़ारों लोग पूजा अर्चना मे शामिल हुए . देर रात दोगोला कार्यक्रम का आयोजन हुआ. इसमें दो गायक व्यास विकास लहरी (जहानाबाद) बनाम गुड्डू हलचल (अरवल) के बीच मुकाबला हुआ.

## लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का लिया संकल्प

# जयंती पर डीसी-एसपी ने धरती आबा को किया नमन

संवाददाता। रामगढ़

झारखंड राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बुधवार को छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान डीसी चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडे, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट सहित जिला के वरीय पदाधिकारियों ने छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.मौके पर डीसी चंदन कुमार ने सर्वप्रथम सभी को राज्य स्थापना



दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं दी. डीसी ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए यह संकल्प लेने का दिन है कि हम किस प्रकार झारखंड राज्य को एक विकसित राज्य बनाने में अपना योगदान दें एवं समाज के आखिरी व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं.

### माले ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर प्रखंड के पेठीयाबागी में माले प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी. सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर एक-एक कर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित की. इसके बाद प्रखंड सचिव अशोक यादव ने कहा कि शहीद बिरसा के सपनों का झारखंड बनाने की जरूरत है, उन्होंने प्रधानमंत्री को झारखंड से वापस जाने को कहा. साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री झारखंड में जुमलेबाजी करने के लिए आए हैं, राज्य कमेटी सदस्य सह एक्टु जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि राज्य गठन के 23 वर्षो के बाद भी झारखंड में भूखमरी, बेकारी और पलायन जारी है. जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव ने कहा कि झारखंडियों के पीडीएस की राशन 75 हजार टन अनाज की आपूर्ति नहीं करना राज्य के प्रति प्रधानमंत्री की उपेक्षा साफ झलकती है. संचालन मध्य जोन लोकल कमेटी के सचिव असगर अंसारी ने किया ,पूर्वी जोन लोकल कमेटी सचिव चांद अख्तर, शंभू नाथ वर्मा, रामचंद्र साव ने कार्यक्रम को संबोधित किया.

## आपकी बात

सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी आईएएस आईपीएस बन सकते हैं.बच्चों को जहां मदद चाहिए, मिलेगा.



**नाम : ऋषभ गर्ग**
**पद : ग्रामीण एसपी जमशेदपुर**
**जन्मस्थल : प्रयागराज (यूपी)**
**कार्य क्षेत्र : जमशेदपुर**

झारखंड कैडर के 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी ऋषभ गर्ग का कहना है, कि आम लोगों को बेहतर सुरक्षा देना और अपराधियों पर नकेल कसना ही मेरा मुख्य लक्ष्य है. ऋषभ गर्ग मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के रहने वाले हैं और वह वर्तमान में जमशेदपुर ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित हैं. ऋषभ गर्ग ने कहा कि उनकी प्रारंभिक पढ़ाई प्रयागराज से हुई है . इसके बाद अलीगढ़ यूनिवर्सिटी से उन्होंने स्नातक की डिग्री ली ,फिर उन्होंने बीटेक किया . साल 2015 से लेकर 19 तक वो सीपीडब्ल्यूडी में कार्यरत रहे. जिसके बाद साल 2019 में वो आईपीएस बने. ऋषभ गर्ग ने बताया की उनके पिता सेवानिवृत इंजीनियर है.ऋषभ गर्ग कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए हम अपना पूरा प्रयास करेंगे. जो बच्चे हमारे पास आएंगे और उन्हें पढ़ाई लिखाई में किसी प्रकार की दिक्कत आ रही है, तो उसका समाधान करने का हम हर संभव प्रयास करेंगे. उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि बड़े स्कूल में ही पढ़कर बच्चे आईएएस- आईपीएस बन सकते हैं, सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे भी आईएएस आईपीएस बन सकते हैं.

## आदिवासी कुटुम्ब मेला का भव्य आयोजन किया

# जतरा झारखंड की पहचान है :श्रद्धानंद

संवाददाता। हजारीबाग

कटकमसांडी प्रखंड के आराभूसाई पंचायत के ग्राम बारिकोला झोंझी के भेलवारी टोला अखाड़ा में बुधवार को वनवासी कल्याण केन्द्र सरना समिति आदिवासी कुटुम्ब ने मेला का भव्य आयोजन किया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह और विशिष्ठ अतिथि के रूप में वनवासी कल्याण केन्द्र से जुडे. चंद्रेश्वर मुंडा,कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए.पाहन रामलखन मुंडा के अगुवाई में पारंपरिक विधि-विधान से सरना अखड़ा में पूजा-अर्चना करके और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पार्पण कर नमन करके जतरा मेला की शुरुआत की.मेला में समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह सहित का अन्य अतिथियों के यहां पहुंचने पर स्थानीय समिति के लोगों ने अनोखे अंदाज में पारंपरिक वाद्ययंत्र और वेशभूषा से लिप्त होकर पारंपरिक आदिवासी रीति- रिवाज से नृत्य-संगीत के जरिए अनोखे अंदाज में भव्य स्वागत किया. जतरा स्थल पर मुख्य कलाकार के रूप में पहुंचे कटकमसंडी प्रखंड सहित आसपास के क्षेत्र से पहुंचे कई नृत्य टीम के साथ रंगारंग सांस्कृतिक झूमर नृत्य कर उपस्थित लोगों को झूमने को मजबूर



**खास बातें**

- जतरा झारखंड की पहचान है : श्रद्धानंद सिंह
- रंगारंग सांस्कृतिक झूमर नृत्य ने लोगों का मन मोहा

कर दिया.मुख्य अतिथि समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने कहा कि जल, जंगल और जमीन से जुड़ा आदिवासी समुदाय का अपना एक अलग पारंपरिक रीति-रिवाज है.आपकी संस्कृति ही आपकी पहचान है. खेती-बारी के कार्यों से निपटने के बाद मन को सुकून और शरीर का थकान दूर करने हेतु उल्लास और उमंग के साथ जतरा मेला का आयोजन किया जाता है. उन्होंने कहा कि जतरा मेला जहां मनोरंजन का साधन है वहीं अपनी पारंपरिक संस्कृति को जीवंत रखने का एक वृहत माध्यम है. श्रद्धानंद सिंह ने यह भी कहा कि आज हम अपनी संस्कृति को भुलाकर पाश्चात्य संस्कृति को तेज़ी से अपना रहे हैं. लेकिन हमारी संस्कृति हमारी विरासत है हमारी पहचान है इससे कभी भी दूर नहीं जाना चाहिए. जतरा मेला के माध्यम से नाच- गान के साथ अपनी एकता- अखंडता को बरकरार रखते हुए मनोरंजन करते थे. मौके पर कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, भाजपा पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रीतलाल यादव, सदर विधायक के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रहमत अंसारी, आराभुसाई के पंसस इंद्रदेव यादव, रेबर के मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव, भाजपा एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष डॉ. अजीत दास, भुनेश्वर यादव आदि शामिल थे.

# भाजपा नेता पर जानलेवा हमला, गंभीर, मेडिका रेफर

संवाददाता। हजारीबाग



जिले के सदर थाना क्षेत्र के आनंद चौक स्थित भाजपा नेता आदित्य शरद उर्फ आशु पर अज्ञात अपराधियों ने जानलेवा हमला कर दिया.घटना मंगलवार देर रात 12 से 1 बजे के बीच बताई गई है. मारपीट में आशु गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें उनके सिर में चोटआई है. रात्रि एक बजे उन्हें घायल अवस्था में शेख बिहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद मेडिका रांची रेफर किया गया है. 20 घंटे से आशु बेहोश है .

**क्या है घटना**

भाजपा नेता आदित्य शरद ऑफ आशु भवानी प्लाजा में छठ पूजा को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया था. बैठक के बाद आंसू रात के 12 :00 बजे के बाद भवानी प्लाजा से अनाद चौक स्थित अपने पुराने घर में आ रहे थे. इसी दौरान कुछ अज्ञात अपराधियों द्वारा आशु पर जानलेवा हमला कर उसे घायल कर दिया. हाथ और गले में सोने का मोटा चेन, पॉकेट में रखा 30 हजार रुपए और एक बैग को लेकर फरार हो गए. इधर घटना का सूचना मिलते ही सदर थाना ने मामले की जांच कर रही है .

## बिरसा मुंडा को आदिवासी छात्र संघ ने किया नमन

संवाददाता। रामगढ़

आदिवासी छात्र संघ के तत्वाधान में बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा टर्मिनल में जयंती समारोह का आयोजन किया गया. समारोह की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुनील मुंडा व जगरनाथ मुंडा ने किया. समारोह का शुभारंभ छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सरदार अनमोल सिंह, महेंद्र मुंडा व रवि प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया.

#### पीवीयूएन पतरातू ने मनी बिरसा मुंडा की जयंती

**रामगढ़।** महान आदिवासी नेता भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पीवीयूएन ने मनाया . झारखंड के स्थापना दिवस के रूप में भी इस दिन को मनाया जाता है. संसद द्वारा बिहार पुनर्गठन अधिनियम पारित करने के बाद 2000 में राज्य को बिहार से अलग कर दिया गया था. इस दिन को मनाने के लिए, पीवीयूएनएल के अधिकारी आदिवासी नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आए.

## बीडीओ ने किया छठ घाटों का निरीक्षण

संवाददाता। विष्णुगढ़

विष्णुगढ़-गोमिया सड़क किनारे अवस्थित उत्तर वाहिनी जमुनिया नदी के छठ घाटों का निरीक्षण बुधवार को बीडीओ,सीओ ने किया. वैसे तो विष्णुगढ़ में कई छठ घाटें हैं, पर छठ व्रतियों की सबसे ज्यादा भीड़ यहीं जुटती है. भीड़ की वजह से अर्घ्य दान तक इस सड़क पर यातायात रोक दिया जाता है. यहां पहले से शिव- पार्वती



का मंदिर है, घाटों के निरीक्षण के क्रम कई सलाह और सुझाव आये.बीडीओ ने महिला व्रतियों के लिए चेंज रुम की आवश्यकता बताई.


**क्लासिफाइड**














# दारू में चित्रांशों ने की चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना



संवाददाता ।दारू

प्रखंड क्षेत्र के दारु बक्शीडीह मे भगवान चित्रगुप्त महाराज के मंदिर में चित्रांशों ने अपने आराध्यादेव चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से की.मंदिर में सभी चित्रांश एक साथ विधिवत पूर्वक भगवान की. पूजा कर वर्ष भर के आय-व्यय का लेखा भगवान के चरणों में समर्पित किया. पूजा के बाद भगवान चित्रगुप्त के जयकारे के साथ उनकी आरती की गयी. फिर मौजूद चित्रांशों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.संध्याकाल में चित्रांश परिवार के सदस्यों के बीच प्रीतिभोज का आयोजन किया गया. चित्रांशों ने प्रीतिभोज में शामिल होकर विभिन्न तरह के ब्यंजनों का आंनद उठाया. प्रीतिभोज के बीच चित्रांश परिवार के सदस्यों के बीच डांस और क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया था. जिसमें भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को कार्यक्रम के दौरान ही सम्मानित किया गया. चित्रगुप्त पूजा के दिन ही भाई दूज का भी त्योहार मनाया जाता है. इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की लम्बी उम्र और सुख समृद्धि के लिए गोधन कूट

**खास बातें**

- रात्रि में लिया प्रीतिभोज का आनंद
- विविध प्रतियोगिता का भी हुआ आयोजन
- पूजा के बाद चित्रांशों के बीच प्रसाद का वितरण

कार्यक्रम किया. भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारते हुए उन्हें कुटा हुआ चना और मिठाई खिलाई. ऐसी मान्यता है की यम द्वितीया के दिन बहनों के हाथों से खाने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है.

चित्रगुप्त पूजा के सफल आयोजन में समिति के अध्यक्ष राजन सिन्हा,सचिव विकाश कश्यप, कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा, उपकोषाध्यक्ष राकेश कुमार ,भैया संतोष कुमार सिन्हा, कमल किशोर प्रसाद प्रसाद, राजकुमार, रंजीत कुमार सिन्हा, प्रवीण सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, भैया सुमित, भैया शिशिर, शुभम सिन्हा, संगम सिन्हा सहित लोग मौजूद थे.




## रिम्स ओपीडी

**मंगलवार सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक**

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिनः डॉ संजय कुमार सिंह
- सर्जिकल आंकोलॉजीः डॉ अजित कुमार कुशवाहा
- ऑर्थोपेडिकः डॉ विनय प्रभात
- कार्डियोलॉजीः डॉ प्रशांत कुमार
- टीबी एवं चेस्टः डॉ ब्रजेश मिश्रा
- नेत्रः डॉ दीपक लकड़ा
- ऑब्स गायनीः डॉ मीणा मेहता
- ईएनटीः डॉ संदीप कुमार
- रेडिएशन ऑकोलॉजीः डॉ अनुप कुमार
- सीटीवीएसः डॉ अंशुल कुमार
- नेफ्रोलॉजीः डॉ प्रज्ञा घोष पंत
- सायकेट्रीः डॉ अजय बाखला
- पीडियाट्रिक सर्जरीः डॉ अभिषेक रंजन

## सदर अस्पताल हजारीबाग

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- मेडिसिन : डॉ. एके सिन्हा
- मनोचिकित्सा विभाग : डॉ. रूपा
- शिशु रोग : डॉ. अजय कुमार
- इएनटी : डॉ. पीके सिंह
- डेंटल विभाग : डॉ. केडी इनामी
- ट्रामा सेंटर : सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक
- सर्जन : डॉ. शशिकांत
- मेडिसिन : डॉ. रेफॉर्ड अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक
- सर्जन : डॉ. दिवाकर
- मेडिसिन : डॉ. आरके सिंह रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक
- ऑर्थो विभाग : डॉ. तुषार
- मेडिसिन : डॉ. अहमद

## हजारीबाग का मौसम

- न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस
- अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस

## ब्रीफ खबरें

### मनायी गयी रीता सहाय की पुण्यतिथि

**हजारीबाग।** हजारीबाग हिंदू हाई स्कूल से सेवानिवृत्ति हुई शिक्षिका स्व. रीता सहाय की पुण्यतिथि मनाई गई . स्व रीता सहाय हजारीबाग के हिंदू हाई स्कूल से वर्ष 2013 में सेवानिवृत हुई थी. वहीं उनका देहावसान वर्ष 2015 में इलाज के दौरान दिल्ली के एक निजी अस्पताल में हुआ था .स्व रीता सहाय के पुण्यतिथि पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सदर अस्पताल परिसर में गरीबों को भोजन करवाया गया . पुण्यतिथि के अवसर पर प्रो डॉ प्रदीप कुमार, प्रधान सेवानिवृत्ति विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग विनोबा भावे यूनिवर्सिटी , प्रभात कुमार प्रधान ,प्रशांत कुमार प्रधान, निशांत कुमार प्रधान, सुधा प्रधान, आदि उपस्थित थे.

### पीएम आवास के लाभुकों ने किया गृह प्रवेश

**हजारीबाग।** नगर निगम हजारीबाग क्षेत्र में बन रहे में प्रधानमंत्री आवास योजना घटक-3 कोलघट्टी के लाभुकों को गृहप्रवेश कराया गया. हजारीबाग नगर निगम के नगर आयुक्त समेत कई पदाधिकारियों की उपस्थिति में बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर लाभुकों को खुशी दि गई .प्रधानमंत्री आवास योजना घटक तीन के 16 लाभुकों और 2.64 करोड़ के लागत से बने घटक चार के 73 आवास का गृह प्रवेश भी इस दौरान कराया गया.

## जिले भर में मनायी गयी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती

# धरती आबा ने संगठित समाज बनाने पर दिया था जोर : सोनू

**संवाददाता। हजारीबाग**



भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त नैन्सी सहाय, पुलिस अधीक्षक चौथे मनोज रतन, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, नगर प्रशासक शैलेंद्र लाल, एसडीओ सदर विद्याभूषण कुमार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कृतज्ञता व्यक्त किया. हजारीबाग बस स्टैंड चौक के निकट उनके आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग ने भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस पर स्थानीय पुराना बस स्टैंड हजारीबाग स्थित भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माल्यार्पण कर गोष्ठी का आयोजन किया.सोनू राय ने बिरसा मुंडा के बलिदान पर प्रकाश डाला, कहा देश के गौरव एवं देश की स्वाधीनता के लिए उन्होंने पूरा जीवन लड़ाई लड़ी, समाज को संगठित करने में उनका योगदान अविस्मरणीय है,

**बिरसा मुंडा जी का जीवन शौर्य प्रेरित करता है :** देश की आजादी में जनजाति समाज के शूरवीर ने जो बलिदान दिया उसको देश कभी भुला नहीं सकता. जिला संयोजक प्रभात कुमार ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा को उनकी जयंती पर शत शत नमन. उनका साहस, नेतृत्व और जल, जंगल, ज़मीन की रक्षा के लिए बलिदान, हमें सदा प्रेरित करता रहेगा. मौके पर सोनू राय, जिला संयोजक प्रभात कुमार, दीपक देवराज, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बाबूलाल मेहता, नगर मंत्री रूद्र राज, नगर सह मंत्री करण मेहता, विवेक यादव, अनुज कुमार, अदित्य कुमार, कुंदन, सिद्धार्थ कुमार,सिकंदर मंडल आदि शामिल थे.

**खास बातें**

- जिला प्रशासन,राजनीतिक दल व संगठनों ने किया नमन
- आजसू ने धरती आबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया

### बिरसा मुंडा से युवा प्रेरणा लें: विकास राणा

आजसू पार्टी की हज़ारीबाग जिला कमेटी ने बिरसा चौक, पुराना बस स्टैंड, हज़ारीबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की .हज़ारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली लिखी . बिरसा मुंडा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानंद थे . श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, महिला मोर्चा की संगीता बारला, जिला सचिव विवेक राणा, वरिष्ठ नेता धीरेन्द्र सिंह, अधिवक्ता संघ के प्रमोद वर्मा, नगर अध्यक्ष आफ़ताब आलम आदि शामिल थे .

### केरेडारी में धरती आबा की जयंती मनायी गयी

**केरेडारी।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं राज्य के 23वें स्थापना दिवस पर केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी, पचडा पंचायत मुखिया महेश प्रसाद साव, बड़कागांव समाजसेवी सोनू इराकी पंचायत एवं प्रखंड की अतिथियों के द्वारा केरेडारी प्रखंड में एकमात्र जोरदाग जतरा मेला में स्थापित जननायक बिरसा मुंडा प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया , जननायक बिरसा मुंडा की माला अर्पण के उपरांत संस्कृति कार्यक्रम का उद्घाटन के प्रमुख सुनीता देवी एवं सभी अतिथियों ने शामिल हुए, प्रमुख सुनीता देवी संबोधन में काहे की राज्य स्थापना दिवस एवं जननायक बिरसा मुंडा की जयंती की हार्दिक हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं . मौके पर बड़कागांव समाजसेवी सोनू इराकी, चट्टी बरियातू मुखिया झारी महतो, कृष्ण गुप्ता, पेटो मुखिया कौशल्या देवी, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, आरती देवी, महेंद्र रजक, सुरेश रजक, उदय लाल गुप्ता, चौहान राम, गुरदयाल साव, अखिलेश पासवान, बिहारी पासवान एवं जतरा मेला अध्यक्ष उमेश मुंडा सचिव कमलेश मुंडा कोषाध्यक्ष संजय मुंडा मेला प्रभारी मेला प्रभारी संजय मुंडा सिकंदर मुंडा धीरू मुंडा सुरेश मंडा एवं मंच संचालक अनिल मुंडा एवं संजय मुंडा मेला में महिला पुरुष शामिल थे.

### बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर भाजपाइयों ने किया नमन

बिरसा मुंडा का बलिदान आज भी प्रासंगिक है : मनोज

**बरही।** बिरसा मुंडा की जयंती सह राज्य के 23वें स्थापना दिवस पर भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ खोड़ाहर पंचायत के जतरा मेला में स्थापित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस दौरान पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सर्वप्रथम सभी को राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए सभी से कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए यह संकल्प लेने का दिन है कि हम किस प्रकार झारखंड राज्य को एक विकसित राज्य बनाने में अपना योगदान दें . वहीं उन्होंने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा युवाओं के प्रेरणा पुंज हैं .मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी रंजीत चन्द्रवंशी, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, अशोक बड़ा, रौशन लिंडा, शामू लिंडा, मनीष मिंज, महादेव बाड़ा, रंजीत मिंज, निरंजन केशरी सहित कई भगवान विरसा मुंडा के अनुयायी उपस्थित थे .

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

**चंदवारा (कोडरमा)।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जामुखांडी शिव मंदिर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की मौत हो गयी,वहीं एक युवक घायल हो गया. मिली जनकारी के अनुसार मंगलवार की रात लगभग 10 बजे दो युवक पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार होकर कोडरमा से बरही की ओर जा रहे थे.जामुखांडी शिव मंदिर के समीप पीछे से आ रही अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया, जिसके बाद मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गयी, जिसमें मोटरसाइकिल सवार एक युवक की मौत हो गयी और एक युवक घायल हो गया. इस घटना की सूचना पाकर चंदवारा पुलिस मौके पर पहुंची . घटना स्थल से दोनों को इलाज हेतु सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया. हालाकि ग्रामीणों ने बताया कि एक युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी थी. मृतक की पहचान सुनील पासवान, पिता स्व.कामेश्वर पासवान, उम्र 23 वर्ष ग्राम चौपारण, जिला हजारीबाग के रुप में की गयी. वहीं घायल व्यक्ति की पहचान रोशन सिंह, पिता सुरेंद्र सिंह, उम्र 20 वर्ष, ग्राम चौपारण, जिला हजारीबाग के रूप में हुई है. स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य में लापरवाही बरतने का विरोध भी किया.

## प्रॉपर्टी बाजार

- **लोकेशन- चौपारण (रईस कॉलोनी)**

- नजदीक रेलवे स्टेशन बरही बीस किलो मीटर
- चौपारण बस स्टैंड से दूरी एक किलोमीटर
- तीन से पांच लाख रुपये प्रति डिसमिल
- कार, ऑटो, बाइक आदि

**आसपास के स्कूल**

- नया सवेरा अकादमी ,आदर्श मध्य विद्यालय चौपारण

**पास के बाजार : चौपारण डेली मार्केट**

## घूमें-फिरें

- **स्थल का नामः तमासिन जलप्रपात**

- इटखोरी चौक से 14 किमी दूर
- हजारीबाग़ से 65 किलो मीटर
- बाइक, कार, बस या ऑटो से
- पहुंचने का रूट क्या है : हजारीबाग़ से इटखोरी चौक से भद्रकाली मंदिर से आगे
- क्या-क्या है खासः घने जंगलों के पहाड़ों की ऊंचाई से गिरते हुए पानी के झरने और चट्टानों के बीच बहते नदी का मनोरम दृश्य।



# स्वामी मुक्तानंद महाराज की पुण्यतिथि मनी

**संवाददाता। हजारीबाग**

स्वामी मुक्तानंद महाराज की 20 वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को श्री रामकृष्ण शांति आश्रम में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर लगाया गया था. यह शिविर वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के सहयोग से लगाया गया था.आश्रम की ओर से 210 जरूरतमंदों को मुफ्त कंबल वितरित किया गया. शिविर का उद्घाटन परिवाज्रक शक्ति प्राणा , परिवाज्रक शांति प्राणा, स्वामी अक्षयानंद, डॉक्टर सत्यजीत सिंह, डॉक्टर चित्रांगदा सिंह ,वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, सविता दास ,रविंद्र नाथ चक्रवर्ती, दिलीप चक्रवर्ती, दीपक घोष ,चिन्मय सरकार ने संयुक्त रूप से स्वामी मुक्तानंद के चित्र पर पुष्प अर्पण करते हुए किया.

### शिविर में 18 लोगों किया रक्तदान

रक्तदान शिविर का शुभारंभ परिवाज्रका शक्ति प्राणा, स्वामी अक्षयानंद ,डॉ सत्यजीत सिंह, डॉ चित्रांगदा सिंह ने रक्तदान कर के किया, तत्पश्चात ऋषभ कश्यप, मनोज कुमार, सागर मुर्मू ,जोसेफ लकरा, अकीब इकबाल, विशाल पासवान, चंदन कुमार शर्मा, राजा दत्ता, अरविंद प्रजापति, आकाश कुमार वर्मा, एम चटर्जी,अभिषेक कुमार , रितेश कुमार, विकास कुमार रंजन आदि 18 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया . रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन ने समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना की . मौके पर आयोजकों एवं रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया . डॉ सत्य जीत सिंह एवं डॉ चित्रांगदा ने उपस्थित लोगों को रक्तदान करने के फायदे बताएं .

# दो घरों से जेवर समेत सामानों की चोरी

**संवाददाता। मरकच्चो (कोडरमा)**

मरकच्चो थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है. थाना क्षेत्र के मरकच्चो उत्तरी पंचायत अंतर्गत धुबाडीह में एक ही आंगन में बने दो घरों से सोने चांदी के जेवरात समेत हज़ारों रुपये के समानों की चोरी कर ली गयी. घटना को लेकर पीड़िता चिंता देवी व चंदवा देवी ने बताया कि जिस कमरे में वे लोग सोये थे ,चोरों ने उन कमरों को बाहर से छिटकनी लगाकर बंद कर दिया था. फिर जिन कमरों में ताला लगा था ,उन कमरों का ताला तोड़ अंदर घुसे और वहां रखे बक्शे को तोड़ उसमें रखे सोने, चांदी के जेवरात समेत अन्य सामानों की चोरी कर चलते बने. पीड़िता चिंता देवी ने बताया की उनके घर से चोरों ने सोने, चांदी के जेवरात, कई बर्तन, कपड़ा और कई जरूरी कागजातों की चोरी कर ली. वहीं चंदवा देवी ने भी बताया की उनके घर से चांदी के जेवरात के अलावे बर्तन कई साड़ी कागजात व अन्य समानों की चोरी कर ली गयी.

पीड़िता ने यह भी बताया की चोरी घटना के समय खटपट की आवाज सुन वे लोग उठे] लेकिन जैसे ही बाहर निकलना चाहा कमरे का दरवाजा बाहर से बंद पाया. जिसके बाद वे लोग शोर करने लगे, लेकिन इसी बीच चोर चोरी को घटना को अंजाम देकर आसानी से चलते बने. शोर के बाद लोगों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला तब वे लोग बाहर निकले. वहीं घटना के बाद इसकी सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पंहुची और चोरी की घटना की जानकारी ली.

**खास बातें**

- घर के लोगों को कमरे में बंद कर दिया घटना को अंजाम
- शोर सुनकर पड़ोसी ने खोला दरवाजा, लोग बाहर निकले

### कपका में बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी

**बरकठठा।** प्रखंड के कपका पंचायत सचिवालय में बुधवार को स्थानीय मुखिया कमलेश कुमार की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया. कार्यक्रम की विविधत शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम मुखिया एवं उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने संयुक्त रूप से कैंडल जलाकर भगवान बिरसा मुंडा को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया. मौके पर मुखिया कमलेश कुमार ने कहा कि बिरसा मुंडा न केवल आजादी में योगदान दिया था बल्कि उन्होंने आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए भी कई कार्य किए .

# जिला प्रशासन ने छठ तालाब और घाटों का किया निरीक्षण

**संवाददाता। हजारीबाग**

डीसी नैंसी सहाय ने समेत कई वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों ने बुधवार को शहरी क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया. डीसी ने 16 नवंबर से शुरू हो रहे चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर छठ घाटों का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने झील व विभिन्न तालाबों में पूजा पर्व को लेकर स्वच्छता और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया.

डीसी ने झील, छठ तालाब, धोबिया तालाब और खजांची तालाब सहित विभिन्न छठ घाटों पर साफ-सफाई, सुरक्षा, लाइट व अन्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया. अधिकारियों से कहा कि सभी छठ घाटों पर छठ व्रतधारियों की सहूलियत का ध्यान रखे. छठ घाटों के निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन, सदर एसडीओ विद्याभूषण कुमार,नगर आयुक्त शैलेंद्र लाल समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद थे.




**हेराफेरी** मैं चौपारण का थाना प्रभारी बोल रहा हूं, पैसे भेजो

# थानेदार बनकर ऑनलाइन ठगी का प्रयास

## व्यवसायी को आया फोन , ठगी का शिकार होने से बचा



**सूरज सिन्हा**

हेलो कौन , हेलो मैं थाना प्रभारी चौपारण बोल रहा हूं , एक बच्चे का एक्सीडेंट हो गया है , जल्दी पैसे भेजो, यह फ्रॉड का नया मामला चौपारण का है. जहां प्रखण्ड के ताजपुर के एक व्यवसाई के पास बीते रात्रि 9123173959 से फोन आता है और फ्रॉड करने का कोशिश की जाती है।

### देर शाम आया था फोन

इस संबंध में प्रखण्ड के ताजपुर के विहिप के सक्रिय कार्यकर्ता और व्यवसाई शेखर गुप्ता ने बताया कि लगभग देर शाम मेरे घर के मोबाइल पर एक कॉल आता है . कॉल उठाने पर उधर से बोला जाता है कि मैं चौपारण का थाना प्रभारी बोल रहा हूं. एक बच्चे का एक्सीडेंट हो गया है . जल्दी इस नम्बर पर पैसे भेजो . पैसे वापस कर देंगे . यह सुनकर कुछ समय के लिए मैं सोच में पड़ गया . फिर उससे नाम पूछने पर अपना नाम चौपारण थाना प्रभारी सुनील सिंह बताया पर उसका नाम ट्रूकॉलर में अजय महतो आ रहा था . जिससे कुछ असमंजस हुआ तब उसने बोला कि विश्वास नहीं हो रहा है क्या, छोटा बाबू से बात करा दें , विडियो कॉल करें क्या तब तो विश्वास होगा,जल्दी पैसा भेजो वापस कर देंगे .

### जब थाना प्रभारी ने मिलाया नंबर, तो...

उसके बाद मेरे द्वारा कॉल को होल्ड कर चौपारण थाना प्रभारी के नम्बर में फोन कर इसकी जानकारी दी और उन्हें वह नम्बर भी दिए . जिसके बाद से उक्त नम्बर में बिजी बिजी आ रहा है .इस संबंध में थाना प्रभारी शम्भूनन्द ईश्वर ने कहा कि इस तरह के फ्रॉड कॉल आने पर थोड़ी सावधानी बरतें और तुरन्त इसकी सूचना प्रशासन को दें . किसी भी अनजान कॉल या अनजान व्यक्ति के बातों में विश्वास नहीं करें .

### चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में हाथियों का झुंड तीन अलग-अलग समूह में इलाके में घूम-घूम कर फसलों को रौंद रहा है

# जंगली हाथियों के उत्पात से परेशान हैं ग्रामीण किसान

**संवाददाता। चांडिल**

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों के उत्पात की खबर इन दिनों सुर्खियों में है. ताजा मामला नीमडीह प्रखंड क्षेत्र का है. पिछले कई दिनों से जंगली हाथियों का उत्पात नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के गुंडा, काशीपुर, कुशपुतुल, होदागोड़ा समेत आसपास के गांवों में देखने को मिल रहा है. आलम यह है कि 19 से अधिक हाथी इस क्षेत्र में तीन अलग-अलग ग्रुप में बंट कर विचरण करते देखे जा रहे हैं. इस कारण पूरे इलाके में दहशत का माहौल है. हाथियों का झुंड दिन के उजाले में जंगल-झाड़ियों में आराम फरमाते हैं और शाम ढलते ही खेतों की ओर कुच कर जा रहे हैं. खेतों में घुसकर हाथियों का झुंड धान को अपना निवाला बना रहे हैं और रौंदकर पूरे खेत को बर्बाद कर रहे हैं.



सड़क पार करता हाथियों का झुंड.

**ईचागढ़ क्षेत्र में है 15 हाथियों का झुंड :** नीमडीह की तरह ईचागढ़ के ग्रामीण किसान भी जंगली हाथियों के उत्पात से परेशान हैं. ईचागढ़ में हाथियों से परेशान महिला किसानों ने तो सड़क जामकर समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की थी. लेकिन, विभाग की ओर से सभी को समझाकर सड़क जाम हटवा लिया गया था. वर्तमान समय में ईचागढ के पिलीद और आसपास के क्षेत्र में 15 की संख्या में जंगली हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है. इस दौरान झुंड ने ग्रामीण किसानों के खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. ग्रामीणों ने प्रशासन और वन विभाग से मांग की है कि हाथियों के द्वारा फसल का नुकसान हुआ है.

#### खास बातें

- भयभीत हैं ग्रामीण,पूरे इलाके में है दहशत का माहौल
- खेतों में लगी फसलों को रौद कर पहुंचा रहे हैं नुकसान

#### एक हाथी एक दिन में 50 किलो धान खा सकता है

ग्रामीणों का कहना है कि भोजन की तलाश में जंगली हाथियों का झुंड प्रतिवर्ष गांव की ओर रूख करते हैं. जानकारों के अनुसार एक वयस्क हाथी एक दिन में लगभग 50 किलो तक धान खा सकता है. एक साथ अगर 15 और 19 हाथियों का झुंड खेतों में घुसे तो उस खेत में लगी धान की फसल को पूरी तरह से चट कर सकते हैं. ऐसे में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है और ऐसा हो भी रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि जंगलों में पानी और भोजन की उपलब्धता नहीं होने के कारण हाथियों का झुंड गांव की ओर आ जाते हैं. समय पर बारिश नहीं होने के कारण इस वर्ष किसान धान की खेती नहीं कर पाए हैं.

### आओ जानें

## झारखंड : एक नजर

किस झारखंडी भाषा की समानता कन्नड़ से पाई जाती है ?
**– कुडुख**

अमरकोश पुस्तक में चाईबासा शहर के लिए किस शब्द का प्रयोग किया गया है ?
**– श्रीवास**

'झारखंड इतिहास एवं संस्कृति' पुस्तक के लेखक कौन है ?
**– डॉ. वीरोत्तम**

राजमहल क्षेत्र स्थित कांकजोल से बुद्ध की मूर्तियों की खोज किसने की थी ?
**– कनिंघम**

किस राजवंश के सिक्के राँची के आस – पास के क्षेत्र से प्राप्त हुए हैं ?
**– कुषाण**

किस साहित्य से झारखंड में जैन धर्म के प्रभाव का विवरण मिलता है ?
**– आचारांगसूत्र**

हमजैन साहित्य के अनुसार कितने जैन तीर्थंकरों को पारसनाथ की पहाड़ी से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी ?
– 20

सम्मेद शिखरजी पहाड़ी झारखंड के किस जिले में स्थित है ?
**– गिरीडीह**

### ब्रीफ खबरें

#### बिरसा मुंडा के वंशजों से माफी मांगें पीएमः जदयू



**रांची ।** जदयू के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा है कि एक ओर जहां बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में जनजातीय समुदाय के उत्थान के लिए विभिन्न घोषणाएं पीएम मोदी ने की. वहीं दूसरी ओर बिरसा के वंशजों ने घंटों इंतजार के बावजूद प्रधानमंत्री से मुलाकात नहीं होने पर निराश नजर आए. उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के वंशज प्रधानमंत्री के समक्ष कुछ बातें रखना चाहते थे. लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया. जबकि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में यह कहा कि बिरसा मुण्डा के परिजनों से सुखद मुलाकात हुई है. सागर ने कहा कि बिरसा के वंशजों के अपमान के लिए पीएम को माफी मांगनी चाहिए.

#### पीएम मोदी जुमलेबाजी करने ही आए हैं : माले

**जयनगर(कोडरमा)।** जयनगर प्रखंड के पेठीयाबागी में माले प्रखंड सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी. सबसे पहले भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर एक-एक कर लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया . इसके बाद प्रखंड सचिव अशोक यादव ने कहा कि शहीद बिरसा के सपनों का झारखंड बनाने की जरूरत है, उन्होंने प्रधानमंत्री को झारखंड से वापस जाने को कहा. साथ ही कहा कि प्रधानमंत्री झारखंड में जुमलेबाजी करने के लिए आए हैं, जिसके कारण झारखंड की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी. एक्टु जिला सचिव विजय पासवान ने कहा कि राज्य गठन के 23 वर्षो के बाद भी झारखंड में भुखमरी, बेकारी और पलायन जारी है.

#### गरीबों को न्याय दिलाने की जरूरत है : कालिंदी

**जमशेदपुर।** झारखंड स्थापना दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती बुधबार को पूरे जिले में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया. जगह-जगह भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया. इसी क्रम में साकची स्थित बिरसा मुंडा की आदमकद प्रतिमा पर झामुमो विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया. इससे पूर्व काफी संख्या में कार्यकर्ता आमबगान में जुटे और वहां से पैदल मार्च करते हुए साकची आई हॉस्पिटल के समीप स्थित शहीद बिरसा मुंडा पार्क पहुंचे. इस पैदल मार्च का नेतृत्व विधायक खुद तीर-धनुष लिए हुए कर रहे थे.

### झमाडा अपने बूते नहीं कर सकता झील का कायाकल्प, ध्यान दे सरकार

# 99 वर्ष बाद भी तोपचांची झील विकास से कोसों दूर

**अक्षय कुमार चौबे। तोपचांची**

धनबाद शहर से करीब 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित तोपचांची झील की प्राकृतिक व नैसर्गिक सुंदरता देखते ही बनती है. झील की ऐसी बनावट है कि अगर इसमें पूरी तरह पानी भर जाए, तो इसका स्वरूप अखंड भारत के मानचित्र जैसा दिखता है. इसकी अनुपम सुंदरता का आनंद लेने यहां सालों भर देश-विदेश से पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है.

ब्रिटिश शासन काल में बिहार-ओडिशा के तत्कालीन गवर्नर सर हेनरी वीलर ने कोयलांचल में जलापूर्ति के उद्देश्य से 15 नवंबर 1924 को इस झील की नींव रखी थी. समय के साथ देश में हर क्षेत्र में विकास हुआ, लेकिन स्थापना के 99 वर्ष बाद भी यह झील विकास से कोसों दूर है. झील के विकास के लिए कई बार योजना बनी, लेकिन हर बार योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई. प्रशासनिक उपेक्षा का आलम यह है कि नाला में मिट्टी व सड़ी-गली चीजों के जमाव के कारण झील में पानी सही तरीके से नहीं आ पाता है. झील की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण की बात तो दूर, देख-रेख करने वाले झमाडा की हालत इतनी खराब है कि वह अपने बूते इसका कायाकल्प नहीं कर सकता. राशि आते ही बंदरबांट शुरू हो जाती है.



प्रकृति की अनुपम देन तोपचांची झील.

#### झील किनारे हुई थी 'मोहब्बत एक जिंदगी' फिल्म की शूटिंग

तोपचांची झील में हिंदी, बांग्ला, भोजपुरी की कई चर्चित फिल्मों की शूटिंग हो चुकी है. बॉलीवुड अभिनेता धर्मेंद्र व हेमा मालिनी ने 'मोहब्बत एक जिंदगी' फिल्म की शूटिंग यहां की थी. कुलभूषण खरबंदा, गिरिश कर्नाड, मजहर खान आदि कलाकारों ने यहां 'संपर्क' फिल्म की शूटिंग की थी. त्रिद्वीप कुमार ने भोजपुरी फिल्म 'सोलह श्रृंगार करे दुलहनियां' की शूटिंग की थी. यही नहीं, बांग्ला कलाकार उत्तम कुमार, अशोक कुमार, सुचित्रा सेन आदि कलाकार नुतून तिर्थो, हॉस्पिटल, सुदू एक टू बछोर, आरानो सूट जैसी फिल्मों की शूटिंग के लिए तोपचांची झील आ चुके हैं. फिलहाल, यहां अक्सर भोजपुरी, नागपुरी व खोरठा फिल्मों और एलबम की शूटिंग होती रहती है.

#### झील का अस्तित्व संकट में

झील की बनावट कुछ इस प्रकार है कि यहां से करीब 50 किलोमीटर दूर स्थित इलाकों में बिना मोटर पंप के पानी की सप्लाई की जाती है. लेकिन देखरेख के अभाव में इसकी खूबसूरती भी प्रभावित हो रही है. हालात ऐसे हो गए हैं कि यदि राज्य सरकार ने ध्यान नहीं दिया, तो झील का अस्तित्व ही संकट में आ जाएगा.

**पर्यटकों को आकर्षित करती हैं खूबसूरत वादियां :** तोपचांची झील के आसपास की खूबसूरत वादियां, पारसनाथ की पहाड़ी श्रृंखला और वन्य जीवों की मौजूदगी पर्यटकों को आकर्षित करती है. हर साल जाड़े के मौसम में साइबेरियन पक्षियों से झील गुलजार रहती है. इन पक्षियों के आगमन से झील की सुंदरता और बढ़ जाती है.

#### खास बातें

- 15 नवंबर 1924 को इस झील की नींव रखी गई थी
- यहां पूरे साल लगा रहता है पर्यटकों का जमावड़ा

#### झमाडा ने लगातार झील का शोषण ही किया : जिप सदस्य

जिप सदस्य विकास कुमार महतो ने कहा कि तोपचांची की इस धरोहर का झमाडा ने लगातार शोषण किया है. इसके पानी को बेच कर मोटी रकम कमाई है, लेकिन पर्यटकों के लिए बने भवन देखरेख के अभाव में जर्जर हो गए हैं. भवन में लगे फर्नीचरों को बेच दिया गया. झील घूमने आने वाले सैलानियों की सुरक्षा का यहां कोई इंतजाम नहीं है. झील के प्रवेश द्वार से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन से झमाडा शुल्क वसूलता है, लेकिन विकास पर फूटी कौड़ी भी खर्च नहीं करता. स्थापना के समय झील के किनारे स्ट्रीट लाइटें लगी थी, लेकिन अब कहीं भी स्ट्रीट लाइट नहीं दिखती है. यहां पर्यटकों के लिए शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है.

### कार्यक्रम में डीसी ने जन कल्याणकारी योजनाओं से कराया अवगत

# धनबाद को तीन योजनाओं की सौगात

**संवाददाता। धनबाद**

झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला प्रशासन की ओर से न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. टुंडी विधायक मथुरा महतो ने दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

जिले वासियों को राज्य के 23 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी. साथ राज्य के जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया. वहीं, उपायुक्त वरुण रंजन ने कहा आज हम सभी के लिए गौरव का दिन है. राज्यपाल और मुख्यमंत्री द्वारा कई जन कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है. इसमें धनबाद की भी तीन योजनाएं शामिल है. रांची में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रशासन आज धनबाद के लोगों के बीच किया गया है. उन्होंने बताया कि अबुआ आवास योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, बिरसा सिंचाई योजना, आयुष्मान योजना, पेंशन योजना, ग्रीनकार्ड आदि योजनाओं की घोषणा की गई है. सावित्री बाई फुले योजना का लक्ष्य बढ़ा कर 45 हजार कर दिया गया है. हमलोग धनबाद में 30 हजार बालिकाओं को इस योजना का लाभ दे चुके है. आने वाले दिनों में नए लक्ष्य को भी पूरा करेंगे. इसके अलावा आज हमलोग ने चयनित लोगों के बीच परिसंपत्तियो का वितरण किया गया है. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का तीसरा चरण 24 नवंबर से शुरू होगा, जिसके माध्यम से लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य किया जायेगा.



कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते टुंडी विधायक मथुरा महतो.

# शंटिंग के दौरान बेपटरी हुई एलेप्पी एक्सप्रेस

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद स्टेशन के पूर्वी छोर में बरमसिया फाटक के निकट शंटिंग के दौरान बुधवार को सुबह दस बजे धनबाद-एलेप्पी एक्सप्रेस बेपटरी हो गई. रेलवे सूत्रों के अनुसार, ट्रेन 11:35 के बदले 2 घंटा 40 मिनट विलंब से 14:15 बजे धनबाद से खुली. जिसके कारण यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी. रेलवे अधिकारी बताते हैं कि ट्रेन को प्लेटफॉर्म पर लाने के लिए यार्ड से शंटिंग कराया जा रहा था, तभी फाटक के पास इंजन बेपटरी हो गई. हादसे की जानकारी कंट्रोल रूम को मिली तो परिचालन विभाग के अधिकारी व कर्मी घटनास्थल पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया गया. फिर इंजन के चक्के को पटरी पर लाने में दो घंटे लग गए. उसके बाद पटरी दुरूस्त कर ट्रेन को शंटिंग कर प्लेटफॉर्म पर लाया गया.

हादसे की जानकारी पूछताछ कायार्लय से यात्रियों की नहीं दी जा रही थी. सिर्फ माइक से बताया जा रहा था कि ट्रेन निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से खुलेगी. हालांकि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि इंजन के बफर में गड़बड़ी की वजह से हादसा हुआ है. डीआरएम के के सिन्हा ने हादसे की जांच का आदेश दे दिया है. परिचालन विभाग की टीम जांच कर रही है.



हादसे के बाद जांच करने पहुंचे अधिकारी और कर्मचारी.

# धनबाद सदर अस्पताल में रोजाना होगा ईएनटी मरीजों का इलाज



**संवाददाता। धनबाद**

सदर अस्पताल में जल्द ही नियमित रूप से इएनटी विभाग शुरू होगा. इसमें मरीजों को कान, नाक व गला से जुड़ी विभिन्न बीमारियों से संबंधित चिकित्सा सुविधा मिलेगी. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा सदर अस्पताल में 12 अलग-अलग पीजी के विशेषज्ञ चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी. इसमें एक ईएनटी विशेषज्ञ भी सदर को मिले हैं. विशेषज्ञ नहीं होने से कई विभाग अब तक चालू नहीं किए जा सके हैं. लेकिन अस्पताल प्रबंधन अब बंद विभागों को शुरू करने की तैयारी कर रहा है. इएनटी के चिकित्सक मिलने के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग इसकी ओपीडी शुरू करने की कवायद में जुट गया है.

सिविल सर्जन डॉ सीबी प्रतापन ने बताया कि मुख्यालय से चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति सदर में की गई है. अब तक अस्पताल में इएनटी के चिकित्सक नहीं होने के कारण विभाग शुरू नहीं हो पा रहा था. जल्द ही इएनटी विभाग शुरू किया जाएगा. विभाग की ओपीडी रोजाना संचालित होने से मरीजों को लाभ मिलेगा.

#### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक संपन्न

**लातेहार।** लातेहार प्रखंड में वरीय पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी रेशिम टोप्पो की अध्यक्षता में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर बैठक हुई. बैठक में प्रखंड के बीएलओ और सुपरवाइजर भी उपस्थित थे. बैठक में ब्लैक एंड व्हाइट और निम्न गुणवत्ता वाली तस्वीरों को बदलने, मृत मतदाताओं के विलोपन करने, मृत मतदाताओं का मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने और मृत मतदाताओं की मृत्यु पंजी में प्रविष्टि करने के संबंध में निर्देश दिया गया. साथ ही आगामी एक जनवरी 2024 और एक अक्टूबर 2024 तक 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं का प्री-फिल्ड फॉर्म छह पूर्ण रूप से भरवाने को कहा गया. बैठक में पीवीटीजी हेतु आयोजित विशेष कैंप की तैयारी, इसी अनुपात में सुधार हेतु योग्य मतदाताओं के निबंधन हेतु तैयारी, लैंगिक अनुपात में सुधार हेतु योग्य महिला मतदाताओं के निबंधन के लिए तैयारी आदि की समीक्षा की गयी.

### निगम के गुंडा टैक्स के खिलाफ टोटो चालकों ने निकाली जनाक्रोश रैली

# अदालत का दरवाजा खटखटाएंगेः गजेंद्र कुमार

**संवाददाता। कतरास**

कतरास राजगंज मुख्य मार्ग के गुहीबांध में सड़क पर निगम के टोल टैक्स के नाम पर चल रहे गुंडा टैक्स के खिलाफ अधिवक्ता गजेंद्र कुमार के नेतृत्व में टोटो चालकों ने जन आक्रोश रैली निकाली. रैली भगत सिंह चौक से निकल कर कांको मोड़, योगेश्वर मोड़, शक्ति चौक होते हुए धनबाद निगम कार्यालय के लिए रवाना हुई. रैली में भारी संख्या में टोटो टेम्पू चालक मौजूद थे. जन आक्रोश रैली के दौरान उपस्थित लोगों ने 'गुंडा टैक्स की वसूली बंद करो'..., 'निगम अधिकारी भ्रष्टाचार बंद करो'... का नारा लगा रहे थे. पत्रकारों से बातचीत के दौरान अधिवक्ता गजेंद्र कुमार ने बताया की बिना कतरास अंचल के अधिकारी के मिली भगत के इस तरह खुल्लम खुल्ला गुंडा टैक्स की वसूली सड़क पर संभव नही हैं. आंदोलन तथा विरोध के बावजूद अभी भी बीच सड़क पर गुंडा टैक्स वसूला जा रहा हैं, जबकि नगर आयुक्त ने इसे बंद करने का आदेश दिया. इसलिए इस टेंडर को जनहित में रद्द कर फिर से टेंडर किया जाना चाहिए क्योंकि ये वसूली की रकम सालाना करोड़ में हैं. प्रतिदिन इस रोड पर हज़ारों की संख्या में टोटो टेम्पो ट्रैक्टर ट्रक पिक अप का आवागमन होता है. जिनसे पार्किंग के नाम पर बीच सड़क पर जबरन पैसा लिया जा रहा हैं, रैली के बाद भी अगर नगर आयुक्त इस टेंडर को रद्द नही करते हैं तो ये स्पष्ट होगा कि इस लूट का पैसा सरकार तक पहुंच रहा हैं. तभी नगर आयुक्त इस टेंडर को रद्द नही कर रहे हैं. नगर आयुक्त के घेराव के बाद भी गुंडा टैक्स बंद नहीं किया गया तो माननीय उच्च न्यायालय का रास्ता ही एक मात्र विकल्प हैं क्योंकि जब सरकारी तंत्र अपना काम नही करती हैं तो उसके लिए उच्च न्यायालय का रास्ता ही एक मात्र विकल्प बचता हैं. मौके पर प्रदीप,रूपलाल, महेस्वर, विशाल,रितेश, संजय एवं कई टोटो चालक शामिल थे.



#### खास बातें

- 'निगम अधिकारी भ्रष्टाचार बंद करो' के लगे नारे
- गुंडा टैक्स वसूली की रकम सालाना करोड़ में है

### कार्यक्रम | सीएम हेमंत के नेतृत्व वाली सरकार हर क्षेत्र में कर रही है बेहतर कार्य, कई लाभकारी योजनाएं चला रही है सरकार

# झारखंड राज्य का हो रहा चहुंमुखी विकास : बैद्यनाथ राम

**आशीष टैगोर। लातेहार**

विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि आज झारखंड राज्य का चहुंमुखी विकास हो रहा है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है. समाज के हर तबके के लोगों के लिए योजनायें चलायी जा रही है. लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध कराये जा रहे हैं. विधायक धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती व झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में आयोजित विकास मेला को संबोधित कर रहे थे. विधायक ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को एकत्रित कर अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन के लिए प्रेरित किया. उन्होंने अपनी अल्प आयु में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे और झारखंड की धरती से आजादी का बिगुल फूंका था. बैद्यनाथ राम ने कहा कि अलग झारखंड निर्माण में दिशोम गुरू शिबू सोरेन का महत्वपूर्ण योगदान है. उन्होंनें अलग झारखंड राज्य निर्माण के लिए काफी संघर्ष किया. हमें शिबू सोरेन के योगदान को नहीं भुलाना चाहिए. इससे पहले विधायक, उपायुक्त, एसपी व जिप अध्यक्ष ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया.



परिसंपत्तियों का वितरण करते विधायक बैद्यनाथ राम व लातेहार डीसी.

**स्थापना दिवस कार्यक्रम में ये रहे मौजूद :** कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार व हरिशंकर यादव, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि केरकेट्टा सहित कई लोग उपस्थित थे.

#### खास बातें

- भगवान बिरसा अल्प आयु में अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे
- बिरसा मुंडा झारखंड की धरती से आजादी का बिगुल फूंका था

#### झारखंड के लोग काफी अच्छे : उपायुक्त

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त हिमांशु मोहन ने कहा कि वे झारखंड में साल 2016 से हैं. आज वे अपने आप को झारखंड का एक हिस्सा मानते हैं. झारखंड स्थापना दिवस की उमंग उनके मन में भी है. उन्होंने का कि इन वर्षों में उन्होंने झारखंड को काफी करीब से जाना है. यहां के लोग काफी अच्छे हैं. उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप ने स्वागत भाषण दिया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव ने सरकार के द्वारा चलायी जा रही कई योजनाओं की जानकारी दी और उसका लाभ उठाने की अपील की.

#### परिसंपतियों का किया गया वितरण

कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा परिसंपतियों का वितरण किया गया. समाज कल्याण विभाग के द्वारा सुकन्या योजना का लाभ छात्राओं को दिया गया. नगर पंचायत के द्वारा शहरी आवास योजना का लाभ दिया गया. इसके अलावा कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग व जेएसएलपीएस के द्वारा योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया.

# केनरा बैंक इम्पलाइज यूनियन ने कार्यालय के समक्ष किया प्रदर्शन



**संवाददाता। धनबाद**

कैनरा बैंक इम्पलाइज यूनियन झारखंड राज्य के अध्यक्ष राजेश कुमार ओझा के अध्यक्षता में एक 12 सदस्यों का डेलिगेशन केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय खत्री से मिला. प्रबंधक को बैंकों में लिपिक संवर्ग की बहाली एवं बेवजह शाखाओं में कलाई कि संख्या कम करने के व्यवस्था के विरुद्ध ज्ञापन दिया. इसके बाद झारखंड प्रदेश बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के धनबाद जिला के कर्मचारी मिलकर क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किए. प्रदर्शन में मुख्य रूप से ब्रजेश कुमार, संजय मुर्मु, रंजू सिंह, राजीव कुमार, अरुण कुमार, रणधीर कुमार पासवान, विश्वनाथ कुमार रजक, अरविन्द बाजपेई, हरेन्द्र कुमार और सुशील कुमार ओझा शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### विस्थापन की समस्याओं को लेकर हुई वार्ता

**कतरास।** सिजुआ 6/10 में पानी व विस्थापन की समस्या को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन तथा ग्रामीणों के बीच कतरास नगर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सह असंगठित मजदूर नेता विकास सिंह के नेतृत्व में मुदीडीह कोलियरी परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय में वार्ता हुई, जिसमें प्रबंधन ने पानी की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर चोरी हुए पाइप को जोड़कर पीटवाटर की आपूर्ति चालू करने का आश्वासन दिया गया. साथ ही तत्काल प्रभाव से अस्थाई रूप से टैंकर से 6/10 के ग्रामीणों को जलापूर्ति करने का निर्देश परियोजना पदाधिकारी ने दिया.

### छठ पर्व को लेकर ट्रेनों और बसों में भारी भीड़

**जमशेदपुर।** छठ को लेकर बिहार की ट्रेनें और बसों में यात्रियों की भीड़ उमड़ने लगी है. ट्रेनों में वेटिंग काफी ज्यादा हो जाने के कारण जनरल व स्लीपर कोच का अंतर खत्म हो गया है. लोग ट्रेन की गेट पर व शौचालय के पास भी परिवार के साथ बैठकर यात्रा करने को मजबूर है. जनरल कोच में तो पैर रखने तक की जगह नहीं है. वहीं, जमशेदपुर से बिहार के लिए प्रत्येक दो दिनों में 70 बसें रवाना हो रहीं हैं. बावजूद इसके यात्रियों को सीटें नहीं मिल रही है. बस संचालकों ने बिहार से भी 10 अतिरिक्त बसें जमशेदपुर मंगवाई है.

### लाभुकों के बीच बांटी गई 182 करोड़ की परिसंपत्ति

**गढ़वा।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने 182 करोड़ 81 लाख रूपये की परिसंपत्ति का वितरण किया. मौके पर उपायुक्त शेखर जमुआर के अलावे पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्य नारायण यादव, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय कुमार समेत गणमान्य लोग मौजूद थे. मौके पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**हजारीबाग।** सांसद जयंत सिन्हा ने बिहारी दुर्गा स्थान पहुंचकर चित्रगुप्त भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया. मौके पर सांसद जयंत सिन्हा ने पूजा अर्चना की. इस दौरान उन्होंने आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन भी किया. चित्रगुप्त पूजा के मौके पर पंडाल में भारी संख्या में चित्रांश और दूसरे समाज के लोग उपस्थित रहे. जयंत सिन्हा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ भी उठाया. उन्होंने कहा कि इस वर्ष बेहद भव्य तरीके से चित्रगुप्त पूजा का आयोजन किया जा रहा है.

### जोबिया में सोहराई जतरा का हुआ आयोजन

**चंदवा।** कामता पंचायत के जोबिया (दामोदर) में सरना समिति जोबिया द्वारा सोहराई जतरा मेला का आयोजन मंगलवार को किया गया.पाहन बिजेंद्र उरांव, पुजेर राजेन्द्र उरांव, ग्राम प्रधान सुले उराव, धर्म अगुआ चंद्रदेव उरांव, अमर उरांव, बंधन उरांव समेत उपस्थित महिला पुरुषों ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की.अतिथि पूर्व प्रमुख नवाहीर लकड़ा, कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, मुखिया नरेश भगत, भीम आर्मी के महिला मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनीता देवी, उप मुखिया सुमन उरांव शामिल हुए.

---

चेतेतुलमारी परियोजना के अंतर्गत कोयला निकालेगी चेन्नई राधा कंपनी

# पांच साल में निकलेगा 40 लाख टन कोयला

राम कु. पांडेय/अविनाश मिश्रा। कतरास



तेतुलमारी परियोजना में ओबी हटाता डोजर.

बीसीसीएल एरिया पांच के तेतुलमारी परियोजना में संचालित निजी कंपनी चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड 40 लाख टन कोयला का उत्पादन करेगी. दो लाख दस हजार ओबी हटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. कंपनी को पांच साल की लिए कार्य करने की अनुमति मिली है. यहां कंपनी के संचालित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा. निजी कंपनी में लगभग 200 स्थानीय लोग काम करेंगे.

तेतुलमारी परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि चेन्नई राधा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को 17 सितंबर 2023 से कार्य आवंटित किया गया है. अभी फिलहाल ओबी हटाने का कार्य जारी है. इसमें पांच वोल्वो, एक ग्रेडर मशीन, एक डोजर तथा एक पीसी मशीन लगाई गयी है. अभी कंपनी पूरी तरह से संचालित नहीं हो सकी है, लेकिन कार्य करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है. परियोजना में वाशरी फोर क्वालिटी के कोयले का उत्पादन होगा. सिंह ने कहा कि कंपनी को संचालित करने में वहां स्थानीय चंद्रौर पहाड़ी धौड़ा के रह रहे ग्रामीणों के विस्थापन की समस्या आ रही है. बस्ती में करीब पांच सौ की आबादी है. इसके साथ रैयतों का मामला भी अटका हुआ है. रैयतों की समस्या और उसके समाधान की दिशा में पहल की जा रही है. मुआवजा व नियोजन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है.

#### स्थानीय लोगों को रोजगार देगी कंपनी : बीरेंद्र सिंह



स्थानीय रैयत बीरेंद्र सिंह ने बताया कि कंपनी लगभग 200 स्थानीय लोगों को रोजगार देगी. नियोजन, मुआवजा और रैयतों के मामले को लेकर कंपनी के अधिकारी गंभीर हैं. कंपनी अपना काम पूरी तरह शुरू नहीं कर पायी है. हमलोग को विश्वास है कि कंपनी में रोजगार मिलेगा.

#### कंपनी खुद प्रभावित लोगों को चिह्नित कर दे रोजगार : मुखिया



नगडीकला दक्षिण पंचायत के मुखिया अशोक ठाकुर ने बताया कि कंपनी का हम सभी स्वागत करते है, लेकिन कंपनी प्रभावित लोगों को रोजगार न देकर दूसरे लोगों को रोजगार दे रही है. कंपनी के कथित लाइजनर नौकरी दिलाने के नाम पर बाहरी लोगों से मोटी रकम लेकर कंपनी में कार्य दिलवाने में लगे हैं. अशोक ठाकुर ने कहा कि कंपनी खुद प्रभावित लोगों को चिह्नित कर रोजगार दे.

#### खास बातें

- वाशरी फोर क्वालिटी के कोयले का होगा उत्पादन
- स्थानीय लोगों को मिलेंगे रोजगार के अवसर

#### बिचौलिये कर रहे दिग्भ्रमित : अशोक निषाद



स्थानीय अशोक निषाद ने कहा कि कंपनी के आने से हम बस्ती वालों को रोजगार की उम्मीद जगी है, लेकिन कुछ बिचौलिये कंपनी के अधिकारियों को दिग्भ्रमित कर स्थानीय लोगों को अनदेखी करवाने का काम कर रहे हैं. बिचौलिये के सह पर कंपनी नियम को ताक पर रखकर कार्य कर रही है. इलाके के लोग कंपनी की ओर से किए जा रहे ब्लास्टिंग और उससे बढ़ रहे प्रदूषण से परेशान है. कंपनी के अधिकारियों को चाहिए कि स्थानीय लोगों को कंपनी में रोजगार उपलब्ध कराए और विस्थापितों को मुआवजा दिया जाए.

### बीसीसीएल बरोरा में मना स्थापना दिवस

**बाघमारा।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय में बुधवार के दिन झारखंड राज्य के स्थापना दिवस के मौके पर धरती आबा भगवान बिरसा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया. मौके पर महाप्रबंधक पीयूष किशोर ने कहा कि बिरसा मुंडा ने जो बलिदान दिया है वह भुलाया नहीं जा सकता. इस मौके पर महाप्रबंधक पीयूष किशोर, कार्मिक प्रबंधक मुकेश कुमार, सिविल अभियंता दीपक रजक, एज़ीप्रभाष चौधरी, मुकेश कुमार, हेमंत हेना, संतोष सिन्हा, ए के शुक्ला, शांति कुमार दत्ता, अलीशा मिंज एवं अन्य अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे.

### छठ घाटों में सफाई का काम युद्धस्तर पर जारी

**महुदा।** लोक आस्था के महापर्व छठ को लेकर महुदा बस्ती के सूंड़ीया तालाब के छठ घाट में साफ-सफाई का काम युद्धस्तर पर चल रहा है. छठ घाट में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश पंचायत के मुखिया, ओपी प्रभारी एंव पंचायत समिति के द्वारा की जा रही है. इस काम में भाटडीह ओपी प्रभारी शौरभ कुमार चौबे मुखिया बदरुद्दीन अंसारी व पंचायत समिति दिलखुश देहाती की टीम ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी हैं. छठ घाटों की साफ-सफाई को लेकर महुदा बस्ती में जबरदस्त तैयारी चल रही है. वहीं, कार्य में बढ़-चढ़ हिस्सा लेने में मुख्य रूप से समाज सेवी मोहम्मद आमान, बिराज गोप, हाजी सलीम, शाहबाज़ सहित पूरी भाटडीह ओपी के अफसरों का योगदान रहा है.

# बंद रहीं सहारा की शाखाएं बढ़ गई निवेशकों की चिंता



साकची में बंद सहारा का शाखा कार्यालय.

संवाददाता। जमशेदपुर

सहारा के निदेशक सहारा श्री सुब्रत राय के निधन के बाद से कंपनी में निवेश करने वाले लोगों की चिंता बढ़ गयी है. लोगों को यह चिंता सताने लगी है कि अब उनके पैसे मिलेंगे भी या नहीं. हालांकि इस मामले में केंद्र सरकार पहले ही हस्तक्षेप कर चुकी है, ताकि निवेशकों के पैसे वापस मिल सकें, बावजूद निदेशक के निधन की खबर पाने के बाद शुक्रवार को कई निवेशक शहर के जुगसलाई में वीर कुंवर सिंह चौक स्थित सहारा के शाखा कार्यालय और साकची हावड़ा ब्रिज के निकटस्थ कार्यालय के आसपास धूमते देखे गये. लेकिन निदेशक के निधन के शोक में शहर स्थित कंपनी की ये शाखाएं दिनभर बंद रहीं. इस वजह से लोगों ने संबंधित एजेंटों से भी संपर्क किया. कुछ निवेशकों ने बताया कि एजेंटों की तरफ से सकारात्मक आश्वासन मिला है. लेकिन कार्यालय से जबतक को संतोषजनक उत्तर नहीं मिल जाता है तब तक क्या भरोसा किया जा सकता है.

एक क्रम में एक-दो ऐसे निवेशक भी मिले जिन्होंने बताया कि उन्होंने कंपनी में मोटी रकम निवेश किया है. हालांकि उन्होंने अपना नाम व कुल रकम बताने से इंकार किया.

---

जांच में गड़बड़ी भी मिली, लेकिन नहीं हुई कोई कार्रवाई

# 11 महीने में अगलगी से गई 22 जान

संवाददाता। धनबाद

वर्ष 2023 के विदाई के अब महज 45 दिन ही शेष रह गए हैं. यह साल कोयलांचल वासियों के लिए काला अध्याय साबित हुआ. जनवरी से लेकर नंबर माह तक शहर से लोगों ने आग का तांडव देखा. दो दर्जन से अधिक इस साल शहर और आसपास के इलाकों में अगलगी की घटना हुई. जिसमें हजारा क्लीनिक, आशीर्वाद टावर और अभी केन्दुआ के जेवर पट्टी की घटना प्रमुख रही. इन तीनों घटना में 22 लोग जिंदा जल कर मौत के मुंह में समा गए. यह घटना आगे भी हो सकती है. क्योंकि सिस्टम के बलबूते यहां बदलाव संभव नहीं है.

घटना के बाद जांच टीम का गठन होता है, जांच भी होती है, गड़बड़ी भी मिलती है, लेकिन दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती है. कोर्ट, पुलिस और प्रशासनिक तबका इन घटनाओं को आकस्मिक घटना मान कर शांत बैठ जाता है.

#### खास बातें

- दोषियों पर नहीं होती है किसी प्रकार की कार्रवाई
- नगर निगम के अधिकारी भी साध लेते हैं चुप्पी

**बिना टाउन प्लानिंग के बसा है पूरा शहर :** धनबाद एक बसोढ शहर है, औद्योगिक विकास के साथ यहां लोग आए और बसते चले गए. इन्हें व्यवस्थित करने की व्यवस्था पुराने दौर में भी थी और आज भी है, लेकिन सब लोगों ने आंख मूंदना ही जरूरी समझा. रिश्वत के दम पर सबकुछ संभव था और आज भी है. यही वजह है कि शहर के ज्यादातर हिस्सों में आज भी तंग गलियां मौजूद है, जिसमें बड़े बाजार से लेकर आवासीय परिसर शामिल है. ये वही रास्ते है जहां पहुंचने के बाद भी लोगों को जिंदा नहीं बचाया जा सकता है. अलग राज्य बनने के बाद इन्ही तंग रास्तों में सिस्टम के गठजोड़ के साथ बिल्डरों ने कई मंजली इमारतें भी खड़ी कर दी है.

#### इस साल 45 अपार्टमेंट व मॉल में मिली थी गड़बडी

जनवरी 2023 में आशीर्वाद टावर में हुई अगलगी की घटना के बाद हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया था. नगर निगम को जांच के आदेश दिए गए थे. इसके बाद निगम ने बहुमंजिला इमारतों की जांच के लिए तीन टीमें गठित की थी. एक महीना में 52 अपार्टमेंट की जांच हुई, जिसमें 45 अपार्टमेंट और मॉल में गड़बड़ी मिली. इनमें से एक में भी फायर सेफ्टी का इंतजाम ठीक नहीं था. नक्शे में भी विचलन पाया गया. जांच के बाद बिल्डरों को नोटिस भेजकर एक सप्ताह के अंदर जवाब मांगा गया, लेकिन इसके बाद भी कुछ नहीं हुआ.

# एसडीओ व एसडीपीओ संग बच्चों ने बांटी खुशी, बांधा सुरक्षा बैंड

संवाददाता। बेरमो

बेरमो अनुमंडल मुख्यालय तेनुघाट में बच्चों से दोस्ती कार्यक्रम का आयोजन सहयोगिनी संस्था की ओर से बुधवार को किया गया. इस दौरान बेरमो एसडीएम शैलेश कुमार व एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी को सुरक्षा बैंड बांधकर बच्चों से दोस्ती करने का संदेश दिया.

एसडीओ शैलेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की किसी भी तरह की समस्या या परेशानी होने पर प्रशासन हर समय तत्पर है. उन्होंने बताया कि बच्चे किसी से डरे नहीं, बल्कि निडर होकर कोई भी परेशानी अपने पदाधिकारियों को बताएं, हम उनके लिए हमेशा संवेदनशील है. वहीं, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण ने कहा कि बाल दिवस पर ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में ज्ञान और कानून की जानकारी मिलतीं है. संस्था द्वारा ऐसे कार्यक्रमों को करने की पहल को काफी सराहा और हमेशा सहयोग की बात कही. संस्था के फुलेंद्र रविदास ने बताया कि कोई भी बच्चा अगर मुसीबत में हो तो पुलिस प्रशासन को सूचना दें, सूचना मिलते ही बच्चे की सहायता की जाएगी. उन्होंने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से बोकारो जिले के 150 गांव में बाल विवाह से मुक्ति को लेकर अभियान चलाया जा रहा है. बाल मजदूरी के खिलाफ आगामी 20 नवंबर से सघन रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया जाएगा. मौके पर सहयोगिनी के फुलेंद्र रविदास, रवि कुमार राय, प्रवीण कुमार सहित स्कूली बच्चे मौजूद थे.

### मुखिया को मिले ई-कार्ट प्लास्टिक कचरा वाहन

**पलामू।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उपायुक्त शशि रंजन ने मुखियाओं को ई-कार्ट प्लास्टिक कचरा उठाओ वाहन उपलब्ध कराया. मौके पर डीसी ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. मुखिया सह अध्यक्ष, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को ये गाड़ी सौंपी गई. यह गांवों में प्लास्टिक को सेग्रीगेशन शेड तक पहुंचाने का काम करेगा. प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए विभागीय गाइडलाइन के तहत कार्य होंगे. जिले में प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से पंचायत से प्रखंड स्तर तक प्लास्टिक को पृथकरण शेड तक पहुंचाया जायेगा. प्रखंड स्तर पर शेग्रीगेशन शेड बनाया जा रहा है. शेड में प्लास्टिक से रॉ मैटेरियल तैयार किया जायेगा. इससे लोगों को रोजगार मिलेंगे.










---

**समस्या** अपर नगर आयुक्त पांच दिसंबर तक छुट्टी पर रहेंगे

# आदित्यपुर की सफाई व्यवस्था चरमराई

संवाददाता। आदित्यपुर




नगर निगम की तस्वीर.

आदित्यपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त आलोक कुमार 5 दिसंबर तक छुट्टी पर चले गए हैं. इधर, छठ महापर्व पर आदित्यपुर की सफाई व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है. मुहल्लों में पसरा कचरों का ढेर यह बता रहा है कि सफाई व्यवस्था चौपट हो चुकी है. छठ महापर्व में सफाई की विशेष महत्ता बताई गई है. सूत्रों के अनुसार, इस अवधि में सरायकेला के एडीसी सुबोध कुमार को आदित्यपुर नगर निगम का प्रभार मिलने की संभावना है. बता दें कि आदित्यपुर नगर निगम अभी बगैर नेतृत्वकर्ता के चल रहा है.

बोर्ड तो पहले ही भंग हो चुकी है और अब प्रशासक के रूप में पदस्थापित अपर नगर आयुक्त भी छठ जैसे महापर्व पर छुट्टी पर चले गए हैं. 5 दिन बाद ही छठ महापर्व है. लोग नदी किनारे अर्घ्य देने पहुंचेंगे, लेकिन नदी किनारे पड़ी गंदगी बता रही है कि इस बार नगर निगम पर नहीं बल्कि समाजसेवियों को स्वयं यह भार उठाना पड़ेगा.

नगर निगम के अंतर्गत लगाए गए स्ट्रीट लाइट की मरम्मत भी भगवान भरोसे है और निकट भविष्य में इसकी मरम्मत होने की कोई संभावना भी नहीं दिखती है. चूंकि स्ट्रीट लाइट लगाने वाली एजेंसी ईईएसएल का नगर निगम पर तकरीबन 2 करोड़ 80 लाख रुपये बकाया है इसके मैनेजर एक साल से बकाए बिल को लेकर नगर निगम का चक्कर लगा रहे हैं. ऐसे में नगर निगम इस समय सफाई और स्ट्रीट लाइट के मामले में पंगु दिख रहा है. वर्तमान की व्यवस्था से प्रतीत होता है कि अभी कुछ दिन नगर निगम भगवान भरोसे ही चलने वाला है.

#### खास बातें

- सरायकेला एडीसी को मिल सकता है प्रभार
- स्ट्रीट लाइट की मरम्मत अभी संभव नहीं

▼ ब्रीफ खबरें

### हाइवा के धक्के से बाइक सवार युवक घायल

**महुदा/कतरास।** राजगंज-बोकारो मार्ग पर महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत मछियारा फ्लाईओवर के समीप मंगलवार की देर रात हाइवा की चपेट में आकर एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद हाइवा चालक वाहन को वहीं छोड़कर भाग निकला. घायल युवक का नाम सत्येंद्र चौहान है. वह बाघमारा के हरिणा का रहने वाला है. मौके पर पहुंची महुदा पुलिस ने एंबुलेंस से उसे एसएनएमएमसीएच धनबाद भेजा.

### जपला रेलवे स्टेशन के समीप शव बरामद

**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला रेलवे स्टेशन के समीप प्लेटफॉर्म एक के बाहर रेलवे क्रॉसिंग की ओर जाने वाले रास्ते में पुलिस ने एक शव बरामद किया है. शव की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के झरी गांव निवासी अयोध्या राम के पुत्र रमाकांत प्रसाद (38) के रुप में हुई. शव की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस पहुंचकर मृतक को हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया. वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### युवक ने फांसी लगा कर की खुदकुशी

**रांची।** ओरमांझी थाना क्षेत्र के कटहल टोली स्थित घर में बुधवार को जगरनाथ सिंह के पुत्र मिथलेश सिंह ने पंखे की कुंडी में गमछे के सहारे लटक कर खुदकुशी कर ली. बताया जाता है कि मिथलेश की पत्नी पल्लवी देवी 15 दिनों पूर्व खूंटी स्थित मायके अपनी पुत्री के साथ चली गयी थी. तब से युवक तनाव में था. घटना की सूचना मिलते ही हुटूप टीओपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया.

### मारपीट मामले में एक गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-पटना रोड सुमन स्वीट्स के समीप बुधवार को गुमो निवासी निजी चैनल के पत्रकार कुंतलेश पांडेय के साथ मारपीट और छिनतई करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है. घटना को लेकर कुंतलेश के द्वारा तिलैया थाना में आवेदन दिया गया है. जिसमें उन्होंने बताया है कि बुधवार की सुबह वह सुमन स्वीट्स के सामने से गुजर रहे थे. इसी दौरान पुराना बस स्टैंड निवासी शुभम केशरी और बंटी केशरी दोनों ने बाइक से उन्हें टक्कर मार दिया.

### धड़ल्ले से चल रहा है अवैध शराब का कारोबार

**चतरा।** कान्हाचट्टी प्रखंड में इन दोनों अवैध शराब की गोरख धंधा खूब फल फूल रहा है. सुदूरवर्ती गांवों कस्बों से लेकर चौक चौराहों तक इसकी महक से आम आवाम परेशान है. प्रखंड के दर्जन गांवों में महुआ शराब की अवैध शराब की चुलाई और बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है. इतना ही नहीं प्रखंड के साप्ताहिक हाटों में भी शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है. उत्पाद विभाग और प्रशासन के उदासीन रवैया के कारण यहां अवैध शराब का कारोबार दिनों दिन बढ़ रहा है.

### टेंपो पलटने से नाबालिग की मौत

**लोहरदगा।** कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 अमझारिया घाटी के पास बुधवार की सुबह अनियंत्रित होकर टेंपो पलट गई. इससे इसमें सवार कुडू हमीद नगर निवासी इमरान अंसारी के पुत्र 16 वर्षीय मो फरहान की रांची रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई. फरहान अपने पिता के साथ टेम्पो में बैठकर चंदवा जा रहा था तभी टेंपो का ब्रेक फेल हो जाने के कारण पलट गया. जिससे यह हादसा हुआ. हादसे के बाद सीएचसी लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रिम्स रेफर किया गया था.

### ऑल्टो कार से भारी मात्रा में शराब बरामद

**विष्णुगढ़।** बुधवार को विष्णुगढ़-गोमिया सड़क पर बनासो के गरहमुर्गी में अवैध विदेशी शराब ले जा रही मारुति ऑल्टो कार को जब्त कर लिया है. यह कार्रवाई एसपी मनोज रतन चौथे को मिली सूचना के आधार पर की गई. एसपी को सूचना मिली थी कि गोमिया की ओर से एक मारुति ऑल्टो कार अवैध अंग्रेजी शराब लेकर थाना क्षेत्र के सिमरिया होकर जीटी रोड बगोदर जाने वाली है. बताया जाता है कि शराब बिहार लेकर जा रहा था.

# कसीदा में सर्विस रोड पर बाइक जलकर हुई खाक

संवाददाता। घाटशिला



थाना क्षेत्र के कसीदा धर्म कांटा के समीप सर्विस रोड पर बुधवार को टीवीएस कंपनी का एक बाइक देखते-देखते जल कर खाक हो गया. घटना के संबंध में बाइक चालक डेबा हांसदा ने बताया कि अपनी भाभी को गालूडीह के धधकीडीह गांव छोड़कर वापस अपने घर घाटशिला थाना क्षेत्र के देवली पुखुरिया जा रहा था. इसी दौरान उसने कसीदा सर्विस रोड पर बाइक खड़ी कर लघुसंका करने लगा वापस आकर देखा तो उसकी बाइक में आग लग गई है और देखते ही देखते उसकी बाइक पूरी तरह चलकर खाक हो गई. इतने में काफी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए. घटना की सूचना घाटशिला थाना पुलिस को दी गई. सूचना पर पहुंची हाईवे पेट्रोल के एएसआई को डेबा ने बताया कि बाइक उसके मौसी के बेटे महिसा सोरेन का है. वह धालभूमगढ़ के चिरूगोड़ा सरजामडीग गांव का रहने वाला है. उसी की बाइक से भाभी को छोड़ने गया था.

## इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**गोड्डा।** शहर के हटिया चौक स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान आदित्य विजन में शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से लाखों का नुकसान हो गया. दोपहर के वक्त संस्थान के ही एक कर्मचारी ने दुकान के अंदर से धुआं उठते देखा, इसके बाद इसकी सूचना सभी को देता तब तक पूरा हाल धुंआ से भर चुका था. आनन फानन में इसकी सूचना दमकल कर्मचारियों को दी गई. मौके पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मी ने आग पर काबू पाया. शुरुआती जांच में दो एसी सहित अन्य सामानों के जलने की बात बताई जा रही है. जले हुए सामानों की अनुमानित कीमत लाखों में बताई जा रही है. ज्ञात हो कि पिछले महीने दुर्गा पूजा के अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन के इस बड़े प्रतिष्ठान का उद्घाटन धूमधाम से किया गया था. जिसमें साठ सत्तर लाख रुपए से अधिक के माल का रखे होने की बात बताई जा रही है.

आओ जानें

## किस वर्ष नक्सल मामले हुए दर्ज

| वर्ष | मामले दर्ज | वर्ष | मामले दर्ज |
|---|---|---|---|
| 2000 | 24 | 2012 | 219 |
| 2001 | 106 | 2013 | 219 |
| 2002 | 72 | 2014 | 244 |
| 2003 | 113 | 2015 | 196 |
| 2004 | 88 | 2016 | 266 |
| 2005 | 118 | 2017 | 258 |
| 2006 | 108 | 2018 | 165 |
| 2007 | 122 | 2019 | 133 |
| 2008 | 147 | 2020 | 110 |
| 2009 | 321 | 2021 | 137 |
| 2010 | 257 | 2022 | 197 |
| 2011 | 302 | 2023 | 111 |

## 500 से अधिक बैंक खातों में पहुंच रहा रंगदारी का पैसा

# वासेपुर का प्रिंस खान दुबई से चला रहा समानांतर सरकार

- सैकड़ों युवक-युवती करते हैं प्रिंस खान के लिए काम

संवाददाता। धनबाद

वासेपुर का प्रिंस खान दो साल से दुबई में बैठकर भारत में समानांतर सरकार चला रहा है. सूत्रों के अनुसार कोयलांचल के व्यवसायिक क्षेत्र में दहशत कायम करने वाला प्रिंस गैंग में शामिल गुर्गों के 500 से अधिक बैंक खातों में रंगदारी का पैसा पहुंच रहा है. ये गुर्गे सिर्फ कोयलांचल में ही नहीं, बल्कि झारखंड, बिहार, बंगाल, यूपी, दिल्ली से लेकर दक्षिण भारत तक फैले हैं. जिसकी पुलिस जांच कर रही है. यूपी के गाजियाबाद का रिटायर्ड फौजी का बेटा वीर सिंह अकेले अपने और रिश्तेदारों व मित्रों के 40 खातों में पैसा मंगाकर दुबई भेजता था. जहां से प्रिंस व सैफी एटीएम से निकासी कर लेता था. नौकरी नहीं मिलने पर वीर सिंह के अलावा सैकड़ों युवक-युवती ऐसे हैं जो प्रिंस खान गैंग के लिए काम करते हैं. सभी युवक-युवती धनबाद समेत विभिन्न जिलों व राज्यों के हैं. अकेले वीर सिंह कोयलांचल समेत अन्य जिलों व राज्यों से कितनी रकम मंगवा चुका है, उसे भी पता नहीं है. रंगदारी का पैसा कई जिलों व राज्यों में रहनेवाले दर्जनों युवक-युवती वसूल रहे हैं. जिसे पुलिस को पता लगा पाना सबसे बड़ी चुनौती है.

### वीर सिंह 40 खातों में पैसे मंगाकर भेजता था दुबई



प्रिंस खान की फाइल फोटो

### कितनी रकम वसूले हैं विशाल-अरशद को पता नहीं

भूली का विशाल नंदी और नया बाजार का अरशद कोयलांचल के व्यवसायियों से कितनी रकम रंगदारी के रूप में ले चुका है, उसे भी पता नहीं है. लाखों-करोड़ों में रकम हो सकती है. जिसकी जांच पुलिस कर रही है. वीर ने जेल जाने से पहले पुलिस को बताया है कि दोनों ही उसके रिश्तेदार व मित्र के 40 खातों में पैसे भेजते थे. वीर, विशाल व अरशद जैसे कई युवक हैं, जो रंगदारी की रकम लेकर प्रिंस को दुबई भेज रहे हैं. हालांकि पुलिस दावा कर रही है कि वीर सिंह ही गुर्गों से पैसे मंगाकर दुबई भेजता था. इससे पहले भी पुलिस एक दर्जन ऐसे गुर्गों को जेल भेज चुकी है, जिसके बारे में कहा जा रहा था कि यहीं लोग रंगदारी की रकम लेकर प्रिंस को भेजते हैं.

### पवन, मोना समेत कई लोगों की तलाश में पुलिस

पुलिस सूत्रों के अनुसार वीर सिंह को उसकी कपड़ा दुकान का मालिक पवन कुमार ने 2022 में दुबई बुलाकर प्रिंस व सैफ से मिलवाया था. जहां पवन के दुकान की महिला कर्मी मोना भी प्रिंस के लिए काम कर रही थी. पवन व प्रिंस के कहने पर ही वीर ने दिल्ली व गाजियाबाद में 40 खाता खुलवाया था. सभी तीन निजी बैंकों के हैं. जिसके खाते में पैसा जाता था, उसमें वीर सिंह, अनुपम सिंह, शेर सिंह, रितु सिंह, मोहित माहौर, गौरव माहौर, सुमन, मेघा रानी, सर्वेश, विक्रम सिंह, वरुण, विशाल व जैकी चौधरी हैं. वीर सिंह फर्जी कंपनी खोलकर भी पैसा मंगवाता था.

### प्रिंस गैंग को रंगदारी देनेवाले व्यवसायियों का पता लगा रही पुलिस

पुलिस सूत्रों के अनुसार बैंक मोड़ समेत कोयलांचल के कितने इलाके के व्यवसायी प्रिंस खान को रंगदारी की रकम पहुंचा रहे है, पुलिस की ओर से उसकी जांच की जा रही है. हालांकि पुलिस को पहले जानकारी मिली थी कि कुछ व्यवसायी जान बचाने के लिए रंगदारी दे रहे हैं, लेकिन नाम व पता नहीं चल पा रहा था. वीर सिंह, विशाल नंदी और अरशद ने ही पुलिस के समक्ष जेल जाने से पहले रंगदारी देनेवाले व्यवसायियों के बारे में खुलासा किया है. जिससे पुलिस ने पूछताछ की है, लेकिन कोई भी पुलिस अधिकारी इसके बारे में बताने से बच रहे हैं.

### ऑटो पलटने से 25 वर्षीय युवक की मौत

**गोड्डा।** मेहरमा प्रखंड मुख्यालय में ऑटो पलटने से उसपर सवार युवक की मौत हो गई. मृतक युवक की पहचान संतोष कुमार साह (25) ग्राम खानीचक के रूप में हुई है. घटना मंगलवार देर रात की है. संतोष कुमार ऑटो पर सवार होकर गांव की ओर लौट रहा था कि इसी क्रम में आगे मोड़ पर ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई. जिससे युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया. स्थानीय लोगों ने घायल युवक को प्रखंड अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. घटना की सूचना पर पहुंची मेहरमा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ऑटो को जब्त कर लिया. मृतक अपने घर का इकलौता पुत्र था. बुधवार की सुबह युवक का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल गोड्डा में कराया गया. घटना की प्राथमिकी ड्राइवर के खिलाफ मेहरमा थाना में दर्ज कर लिया गया है.

## अब मशीन से बनी रोटी खाएंगे झारखंड के 16 जेलों के कैदी

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के 16 जेलों के कैदी अब मशीन से बनी रोटी खायेंगे. इन सभी जिलों में 4.44 करोड़ की लागत से रोटी बनाने वाली 25 आधुनिक मशीन लगायी जायेंगी. इन मशीनों को जेल में लगाने का कार्य आने वाले कुछ ही महीनों में पूरी कर ली जाने की उम्मीद है. सभी जेलों में रोटी बनाने वाली मशीन लगाने के लिए गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने4.44 करोड़ रूपया आवंटित किया है. आधुनिक मशीन लगने से मोटी, जली या कच्ची रोटी बनने की शिकायतें दूर होंगी.

### इन 16 जेलों में लगेगी रोटी बनाने वाली मशीन

- बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार रांची.
- केंद्रीय कारा घाघीडीह जमशेदपुर.
- केंद्रीय कारा दुमका.
- मंडल कारा चाईबासा
- मंडल कारा गुमला
- मंडल कारा जामताड़ा
- मंडल कारा लातेहार
- मंडल कारा लोहरदगा
- मंडल कारा पाकुड़
- मंडल कारा साहेबगंज
- मंडल कारा साकची जमशेदपुर
- मंडल कारा सरायकेला
- मंडल कारा सिमडेगा
- उपकारा घाटशिला
- उपकारा खूंटी
- उपकारा राजमहल

## स्कूल में महिला ने लगाई फांसी, मौत

संवाददाता। जमशेदपुर



मौके पर पहुंचे ग्रामीण व पंचायत प्रतिनिधि

परसुडीह थाना अंतर्गत हलुदबनी के कोचाकुली में 53 वर्षीय महिला राय मुनि तियू ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बुधवार सुबह कुछ लोगों ने उन्हें पास ही अर्द्धनिर्मित सरकारी स्कूल में रंग करने के लिए बांधे गए बांस के सहारे लटका पाया. इसके बाद बस्ती के लोगों ने हलुदबनी की मुखिया साल्गे सोरेन और स्थानीय पंचायत समिति सदस्य रैना पूर्ति को इसकी जानकारी दी. उन्होंने तुरंत ही पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया. बताया जा रहा है कि राय मुनि तियू का कोई रिश्तेदार नहीं था, इसलिए वह स्कूल परिसर में ही रहती थी और मांग कर अपना गुजर बसर करती थी. पंचायत समिति सदस्य ने बताया कि राय मुनि के पति की मृत्यु पूर्व में ही हो चुकी है और उनकी कोई संतान भी नहीं थी. पहले वह सोनारी में रहती थी लेकिन हाल के दिनों में वह हलुदबनी में रह रही थी.

**खास बातें**

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया
- राय मुनि के पति की मृत्यु पहले ही हो चुकी है

## अवैध हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार, पिस्टल बरामद



संवाददाता। जमशेदपुर

सोनारी पुलिस ने हथियार के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में सोनारी निर्मलनगर विलास बस्ती का रहने वाला प्रदीप गोराई और सोनारी जनता बस्ती का रहने वाला वीरेन सरदार शामिल है. इनके पास है एक देसी पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद हुआ है. इस संबंध में सीसीआर डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने सोनारी थाना में आयोजित एक प्रेस वार्ता में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आपराधिक चरित्र का एक व्यक्ति हथियार लेकर घूम रहा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला है. इस सूचना के आधार पर एक टीम गठित कर छापामारी की गई और प्रदीप गोराई को पकड़ा गया. उसके पास से हथियार बरामद हुआ. पूछताछ में उसने बताया कि वीरेन ने उसे हथियार दिया था. अब वीरेन के पास हथियार कहां से आया इस बारे में छानबीन की जा रही है. डीएसपी ने बताया कि प्रदीप गोराई का आपराधिक इतिहास है. पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया. छापेमारी दल में थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत आदि सशस्त्र बल शामिल थे.

### गोलीकांड के आरोपित पिता, पुत्र व पुत्री गिरफ्तार

**दुमका।** जामा थाना क्षेत्र के लोधना गांव में जमीन विवाद में हुए गोलीकांड में फरार तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर बुधवार को पुलिस ने जेल भेज दिया. पुलिस ने तीनों आरोपियों को पश्चिम बंगाल के अंडाल क्षेत्र के बनबहाल ओपी अंतर्गत उत्तर जामबाद गांव से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपितों में पिता मुश्ताक शेख, पुत्र कलीम शेख एवं पुत्री रफेजा बीबी शामिल है. लेकिन मुख्य आरोपित अकबर शेख अभी भी पुलिस के पकड़ से बाहर है. घटना के 22 दिन बाद भी पुलिस लोधना गांव में कैंप किये हुए है. जानकारी के अनुसार 22 अक्टूबर को सुबह जमीन विवाद को लेकर फरीद शेख एवं उसके बहनोई अकबर शेख ने फारुख के घर जाकर उसके साथ मारपीट करते हुए तीन गोली मारकर फरार हो गये थे. इसमें से एक मुख्य आरोपित फरीद को उसी दिन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था. गोलीकांड में घायल फारुख को इलाज के लिये दुमका ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी थी.

## जमीन विवाद : बकरी चरा रही महिला को भतीजे ने टांगी से काट डाला

संवाददाता। बोकारो



मृतका बुधनी देवी की फाइल फोटो.

कसमार में मृतका के घर में रोते बिलखते परिजन.

बोकारो जिले के कसमार थानाक्षेत्र के बेमरोटांड़ में एक कलयुगी भतीजे ने बकरी चरा रही फुआ को टांगी से काटकर हत्या कर दी. घटना बुधवार दोपहर तीन बजे की है. जानकारी के अनुसार बेमरोटांड़ निवासी 65 वर्षीया बुधनी देवी (पति स्व धनकु मांझी) बेमरोटांड़ से सटे केवटगाढ़ा के सामने खेत में बकरी चरा रही थी. इसी बीच बेमरोटांड़ निवासी दिनेश किस्कू हाथ में धारदार टांगी लेकर अचानक खेत में पहुंचा और अपनी फुआ को टांगी से वार कर दिया जिससे उसकी जान चली गई. इस बीच उक्त महिला के साथ बकरी चरा रही अन्य महिला व ग्रामीण घटना को देखकर भाग खड़े हुए. युवक बेरहमी से फुआ की हत्या कर आराम से घर चला आया और घर पर सो गया. इधर, घटना की सूचना मिलते ही मृतका की पुत्रवधू पिंकी देवी व पुत्र मानिक मांझी घटनास्थल पर पहुंचे. सूचना के बाद कसमार थाना प्रभारी उज्ज्वल पांडेय, एसआई रमेश बरनवाल समेत पुलिस बल घटनास्थल पहुंची और मृतका के शव को कब्जे में लिया. इसके बाद हत्यारोपी दिनेश किस्कू के घर जब पुलिस पहुंची और घर में चारपाई पर सोए दिनेश को गिरफ्तार कर ली. साथ ही घटना में प्रयुक्त टांगी को पुलिस ने आरोपी के घर से बरामद कर लिया है. बताया जाता है कि आरोपी युवक सनकी मिजाज का है जो पिछले कुछ दिनों से फुआ के साथ जमीनी विवाद भी चल रहा था. संभवतः जमीन विवाद में ही दिनेश ने बेरहमी से फुआ की हत्या कर दी. इधर, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कसमार थाना ले आयी है. गुरुवार सुबह पोस्टमॉर्टम के लिए चास अनुमंडलीय अस्पताल भेजा जाएगा.

### 90 दिनों में 555 पशु जब्त 59 आरोपी भेजे गए जेल

**गिरिडीह।** पशु तस्करी के खिलाफ गिरिडीह पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है. जिले के एसपी दीपक शर्मा के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने पिछले 90 दिनों के दौरान पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 555 पशुओं को जब्त किया है. साथ ही इस कार्य में शामिल 59 पशु तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया. एसपी के निर्देश के बाद गिरिडीह पुलिस के द्वारा पशु तस्करों के हर मंसूबे को नाकाम किया गया है. अब तक की कार्रवाई में पशु तस्करी में पशु माफियाओं के विरुद्ध 20 से भी अधिक प्राथमिकी दर्ज की गई है. 59 पशु तस्करों को जेल भेजा जा चुका है. कई और पशु माफिया के विरुद्ध भी प्राथमिक दर्ज की गई है. लगभग 50 से भी अधिक गाड़ियां जब्त की गई है. पशु को तस्करों से मुक्त करवाते हुए स्थानीय गौशाला में भेजा गया है. पशु तस्करों के विरुद्ध यह कार्रवाई अभियान की तरह जारी रहेगी. कई पशु तस्करों ने तो गिरिडीह से अपना रास्ता तक बदल लिया है. एसपी दीपक शर्मा ने कहा कि किसी भी कीमत पर गिरिडीह जिले से पशु की तस्करी नहीं की जाएगी.

**विडंबना** लोमहर्षक घटना ने खोल दी सरकारी दावों की पोल

# परिजनों ने वीडियो कॉल से किया आखिरी दर्शन

संवाददाता। हजारीबाग/विष्णुगढ़

सरकारें चाहे लाख दावे करें, पर झारखंड के प्रवासी मजदूरों की जो हालत है, वह किसी से छुपी हुई नहीं है. झारखंड के हजारीबाग जिला के बिष्णुगढ़ प्रखंड की गोविंदपुर पंचायत में एक ऐसा वाक्या हुआ है, जिसने सरकारी योजनाओं व सरकारी दावों की पोल खोलकर रख दी है. विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी स्वर्गीय अंतु पंडित का 22 वर्षीय पुत्र नीलकंठ पंडित यहां रोजगार नहीं मिलने पर पिछले 30 अक्टूबर को काम के लिए मुंबई गया था. 1 नवंबर को सीढ़ी से गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए मुंबई के साइन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार देर रात उसकी मौत हो गई.

गरीबी की मार ऐसी कि पैसे के अभाव में शव को न तो विष्णुगढ़ लाया जा सका, न ही परिजन मुंबई जा सके. लिहाजा, परिजनों को नीलकंठ का अंतिम दर्शन मोबाइल फोन पर वीडियो कॉलिंग कर कराया गया. परिजनों के मुताबिक, नीलकंठ पंडित के शव का मंगलवार को मुंबई में ही अंतिम संस्कार कर दिया गया. घर के जवान सदस्य की मौत से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है. वहीं घर की महिलाओं का रो-रोकर बुरा हाल था.

**खास बातें**

- पैसे के अभाव में मुंबई से नीलकंठ का शव नहीं आया
- मामला विष्णुगढ़ प्रखंड की गोविंदपुर पंचायत की है
- मृतक की पहचान नीलकंठ पंडित के रूप में हुई है



## धारदार हथियार से महिला की हत्या, प्राथमिकी दर्ज

**दुमका।** तालझारी के गंदेरिया गांव में मंगलवार रात रूपा टुडू (45) की तेज धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी गई है. घटना के वक्त परिवार के सभी लोग काली मेला देखने के लिए गए थे और पति मजदूरी करने के लिए बाहर गया हुआ है. महिला घर पर अकेली थी. वापस लौटने पर परिजनों ने देखा कि वह मृत पड़ी हुई है. वह खून से लथपथ हालत में है. यह देखकर परिवार के सभी सदस्य स्तब्ध रह गए. शोर मचाकर आसपास के लोगों को जुटाया गया. परिजन रात में ही अपनी मां को लेकर दुमका के फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर चले आए थे,पर यहां के चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया था. परिजनों ने बुधवार को पड़ोस के दो लोगों पर मां की हत्या कर देने की आशंका जताते हुए तालझारी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. परिजनों का आरोप है कि कुछ दिनों पहले उसकी मां और पड़ोस के लोगों के साथ विवाद हुआ था और उक्त लोगों ने मां को जान से मार देने की धमकी दी थी. नगर थाना की पुलिस ने परिजनों का बयान लेते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया और उसके परिजनों को सौंप दिया. पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है.

### पशुओं से भरे तीन वैन को पुलिस ने पकड़ा

## 18 गाय और 4 बछड़े को पुलिस ने कराया मुक्त

बेंगाबाद (गिरिडीह)

तस्करी के लिए बिहार से बंगाल ले जाये जा रहे 18 पशुओं को चार बछड़ों के साथ बेंगाबाद पुलिस ने मुक्त कराया है. सभी पशुओं को तीन अलग-अलग पिकअप वैन में लाद कर ले जाया जा रहा था. इसी दौरान बेंगाबाद पुलिस ने छोटकी खरगडीहा में वाहनों को रोक कार्रवाई को अंजाम दिया है. यह पूरी कार्रवाई जिला के एसपी दीपक कुमार शर्मा के निर्देश पर की गई है.

बताया गया कि बिहार के बक्सर जिला स्थित चौसा से पशुओं को तस्करी के लिए बेंगाबाद चतरो पथ से होते हुए बंगाल ले जाया जा रहा था. इस बात की सूचना एसपी दीपक शर्मा को मिली. सूचना के बाद एसपी ने सदर एसडीपीओ को त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया. जिसके बाद बेंगाबाद थाना प्रभारी विकास पासवान की अगुवाई में कार्रवाई की गई है. कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखते ही वाहन चालक एवं अन्य लोग मौके पर से भाग खड़े हुए. जिनमें दो लोगों को हिरासत में लिया गया है. थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया कि पशुओं को जब्त कर पचम्बा गौशाला भेज दिया गया है. वाहनों में 18 गाय और 4 बछड़े को लोड कर ले जाया जा रहा था. बताया गया कि तस्कर पुलिस को चकमा देने के लिए दुधारू पशुओं को साथ में लेकर तस्करी करने का प्रयास कर रहे हैं.

**तैयारियां :** श्रीगुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के वृहद आयोजन की तैयारी में जुटा है सिख समाज

# राजधानी के अलग-अलग इलाकों में निकाली गयीं प्रभातफेरियां

**संवाददाता।रांची**

श्रीगुरुनानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व महोत्सव के शानदार आयोजन की तैयारी में सिख समाज जुट गया है. इस क्रम में राजधानी में कई स्थानों से प्रभात फेरियां निकाली गयीं. कृष्णानगर कॉलोनी में बुधवार को प्रभातफेरी का दूसरा दिन था, जिसमें सिख धर्मावलंबियों ने घंटों कई इलाकों का भ्रमण किया. साथ ही गुरु की अमृतवाणी का गुणगान किया. सुबह पांच बजे फेरी की शुरुआत श्रीगुरुद्वारा साहिब कृष्णा नगर कॉलोनी, रातु रोड से हुई. सुनील मिढ़ा, अमर मुंजाल, अर्जुन देव मिढा की गलियों से होते हुए पूर्व पार्षद सुनीता देवी के आवास लोग पहुंचे. यहां के बाद श्रद्धालु गुरुद्वारा श्रीगुरु तेग बहादुर स्त्री सत्संग सभा आये. यहां फेरी का फिर स्वागत किया गया. बाद में हरगोविंद सिंह और जीवन मिढ़ा की गलियों से होते हुए श्रद्धालु पौने आठ बजे वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंचे. यहां चाय नाश्ते का लंगर चलाया गया.यात्रा के दौरान बबली दुआ, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, मंजीत कौर, रेशमा गिरधर, नीता मिढा, इंदु पपनेजा, बबिता पपनेजा आदि ने शबद गायन कर साध संगत को गुरवाणी से जोड़ा. सरदार भूपिंदर सिंह ने निशान साहिब उठाकर अगुवाई की और मनीष मिढा ने लोगों के घरों के सामने अरदास की. गुरुवार को पुनः तीसरे दिन की फेरी निकाली जायेगी. अर्जुन दास मिढा,अशोक गेरा, हरगोबिंद सिंह, अनूप गिरधर, विनोद सुखीजा, गुलशन मिढा, जीवन मिढा, मोहन काठपाल, महेंद्र अरोड़ा, रमेश तेहरी, जीतू अरोड़ा, रमेश गिरधर, आशु मिढा, नवीन मिढा, राजेंद्र मक्कड़, रमेश पपनेजा, इन्दर मिढा, दिनेश गाबा, कैलाश मिढ़ा, पंकज मिढ़ा,पाली मुंजाल, अमर मदान, बसंत काठपाल, हरीश मिढा, हरविंदर सिंह, प्रकाश गिरधर, गौरव मिढा आदि ने इसमें मुख्य रूप से भागीदारी निभायी.



### मेनरोड में भी निकलीं प्रभातफेरियां

इस अवसर पर तीन अन्य स्थानों से भी प्रभातफेरियां निकाली गयीं. एक प्रभातफेरी डॉ. हरजीत सिंह चर्च रोड, रांची टेंट हाउस, दविंदर सिंह, सतपाल सिंह, मंजीत सिंह छाबड़ा, प्रबजोत सिंह, राजेश, रंजीत राजपाल, करतार सिंह गरेज के घर से वापस गुरुद्वारा में समाप्त हुई. स्टेशन रोड वाली प्रभातफेरी गुरु अरविन्दर सिंह, इंदरजीत सिंह खुराना के आवास से होती हुई पीपी कंपाउंड प्रभात फेरी के साथ मिलकर अनन्तपुर निवारणपुर की संगत के घरों से होते हुए गुरुद्वारा साहिब कड़रू की प्रभात फेरी के साथ मिलकर हरिन्दर सिंह, हरजीन्दर सिंह भवरा के घर से होते हुए गुरुद्वारा साहिब कड़रू में संपन्न हुई. इस समय पर गगनदीप सिंह, त्रिलोचन सिंह, ध्यान सिंह, रनप्रीत सिंह, किरपाल सिंह, इक़बाल सिंह, हरजीत सिंह, प्रो. हरमीन्दर बीर सिंह आदि शामिल थे.

## आओ जानें
## नारायणपुर किला

**परिचय-** लातेहार जिले के नारायणपुर-नवागढ़ गांव में स्थित नारायणपुर किला एक प्रमुख पर्यटन स्थल है.

**स्थान -** यह किला लातेहार जिला मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूर नवागढ़ गांव में ऊंची पहाड़ी पर स्थित है.

**स्थिति-** सरकार और प्रशासन के संरक्षण के अभाव के कारण यह किला बहुत ही जर्जर हो चुका है. इसे खंडहर ही कहना अधिक उपयुक्त होगा. इसकी दीवारों पर पेड़-पौधे उग आए हैं. खुद में गौरवशाली अतीत को समेटे हुए इस किले ने रख-रखाव का अभाव होने के बाद भी अपनी पहचान कायम रखी है, लेकिन किले के संरक्षण की दिशा में कोई प्रयास शुरू भी नहीं हो सका है.

**स्थापना-** इस किले की स्थापना 16वीं शताब्दी में हुई थी.

**संस्थापक-** इतिहास प्रसिद्ध चेरोवंशी भागवत राय.

**इतिहास -** इतिहास के अनुसार राजा मेदिनीराय जब शिकार करने इस क्षेत्र में आते थे तो इसी किले में ठहरते थे.

**संभावनाएं-** नवागढ़ गांव के दक्षिणी-पूर्वी इलाके में स्थित किला पहाड़ी पर पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं. पहाड़ी पर सीढ़ियों का निर्माण, किले को संरक्षित कर आसपास किड्स झूले और शेड का निर्माण कराया जा सकता है. गौरतलब है कि ऊंची पहाड़ी पर स्थित इस किले से लातेहार शहर के नयनाभिराम दृश्यों का अवलोकन होता है. साथ ही, प्रकृति की नैसर्गिक छटाओं का दर्शन भी होता है.





## राशिफल
**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** शाम से नवम चंद्र है. धर्म-कर्म में मन लगेगा. स्वास्थ्य की चिंता समाप्त होगी. निवास संबंधी समस्या रह सकती है. कुसंगति से बचें. कर्ज लेना पड़ सकता है. वस्तुएं संभालकर रखें. व्यर्थ मामलों में उलझना पड़ सकता है.

**वृषभ** मानसिक तनाव होगा. सोचे कार्यों में सफलता मिलेगी. अवसरों को न जाने दें. परिवार के सदस्यों से मतभेद हो सकते हैं. लेनदारी वसूल होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. व्यवसाय ठीक चलेगा. प्रसन्नता रहेगी.

**मिथुन** व्यापार में लाभ का अच्छा योग है. आजीविका संबंधी चिंता का समाधान होगा. ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी. नई योजना बनेगी. मान-सम्मान मिलेगा. कार्यसिद्धि होगी. व्यवसाय ठीक चलेगा.

**कर्क** मानसिक शांति की आवश्यकता है. कार्य में तरक्की की संभावना बढ़ेगी. रुका पैसा मिलेगा. पूजा-पाठ में मन लगेगा. कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. घर-बाहर तनाव रहेगा. व्यापार में लाभप्रद होगा.

**सिंह** शिक्षा में लाभ का मौका मिलेगा. प्रॉपर्टी के विवाद हल होंगे. आजीविका में आने वाली रुकावटें दूर होने के योग हैं. यात्रा में सावधानी रखें. वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें.

**कन्या** किसी से विवाद हो सकता है. संतान के कार्यों से असंतोष रहेगा. मित्रों से अनबन होगी. सामाजिक सम्मान में कमी आएगी. वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है. कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे. शारीरिक कष्ट संभव है.

**तुला** समय अनुकूल है. आर्थिक स्थिति संतोषप्रद रह सकेगी. आशा-निराशा की स्थिति रहेगी. अपने खर्च, लेन-देन पर नियंत्रण रखें. ऐश्वर्य पर खर्च होगा. भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी. रोजगार मिलेगा. प्रसन्नता रहेगी.

**वृश्चिक** धन के आगमन से मन खुश होगा. विरोधियों पर विजय और रुके धन की प्राप्ति हो सकती है. शिक्षा के क्षेत्र में वांछनीय प्रगति होगी. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. विद्यार्थी वर्ग सफल रहेगा. लेन-देन में सावधानी रखें.

**धनु** समय अनुकूल है. सुखद समाचार मिल सकता है. विवाद न करें. मेहनत अधिक, लाभ कम होगा. काम-धंधे की चिंता से मन उदास होगा. परिवार में कलह, क्लेश का माहौल रहेगा. सतर्कता रखें.

**मकर** खर्च अधिक होगा. कोई बड़ी प्रयास सफल रहेंगे. मान-सम्मान मिलेगा. व्यवसाय ठीक चलेगा. पैतृक संपत्ति के क्षेत्र में उन्नति होगी. विभिन्न स्रोतों से धन लाभ होने के योग हैं. जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं.

**कुंभ** शुभ समाचार मिलेंगे. मान बढ़ेगा. धनार्जन होगा. दूसरों के झगड़ों में न पड़ें. अध्यात्म और विज्ञान में रुचि बढ़ेगी. नौकरी, राजनीति के क्षेत्र में भाग्योदय की संभावना है. घर में मांगलिक आयोजन होंगे.

**मीन** पिता के कार्य का अनुसरण करें. वाहन की गति पर नियंत्रण रखना जरूरी है. आर्थिक उन्नति संबंधी शुभ समाचार प्राप्त होंगे. साझेदारी व्यवसाय में इच्छित लाभ के योग बनेंगे. गाय को हरा चारा दे.

**पर्व-प्रसंग :** सामूहिक भोज सहित कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

# धूमधाम से हुई चित्रगुप्त की आराधना

**संवाददाता । आदित्यपुर/रांची**

पूरे प्रदेश में बुधवार को श्रद्धा-भक्ति के साथ धूमधाम से भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गयी. चित्रांश परिवारों की ओर से यह पूजनोत्सव कई स्थानों पर सामूहिक रूप से भी हुआ और कई परिवारों ने अपने घरों में भी पूजा-अर्चना की. सामूहिक पूजा समारोहों के आयोजन चित्रांशो के विभिन्न संगठनों की ओर से किये गये. इसी क्रम में आदित्यपुर के कायस्थ (चित्रांशों) परिवारों ने अपने इष्टदेव भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की और सामूहिक भोज का आयोजन किया. आदित्यपुर स्थित पान दुकान शिव मंदिर मैदान में सिंहभूम चित्रगुप्त पूजा समिति ने अपने इष्टदेव की पूजा अर्चना भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा स्थापित कर की. जानकारी देते हुए चित्रांश और समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ मुन्ना ने बताया कि आज के दिन वे लोग चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चना के बाद उनके चरणों में अपना वर्ष भर का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हैं. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चित्रांश आरएन प्रसाद, समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन, कार्यकारी अध्यक्ष सदाशिव सिन्हा, महामंत्री राजेश कुमार, उपाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, सुदेश सिन्हा, सुधीर कुमार, अनुज आकाश सिन्हा, सचिव शैलेश कुमार, कौशल किरण, अभिषेक शास्त्री, बबीता सिन्हा, कोषाध्यक्ष रुधीर कुमार आदि सक्रिय रूप से शामिल रहे. वहीं श्री चित्रांश महापरिवार कल्याण समिति आदित्यपुर 2 के श्री चित्रगुप्त मंदिर में भी बुधवार को भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से हुई. कमेटी के अध्यक्ष भैया सूरज भूषण प्रसाद पूरी टीम ने सुबह से ही ईष्ट देव की पूजा अर्चना की और भगवान चित्रगुप्त के चरणों में हाजिरी लगाई. श्री चित्रगुप्त पूजा को धूमधाम से करने में कमेटी के सदस्य अनिल कुमार, रंजन प्रदीप, धीरज सिन्हा, मधुकर कुमार, गुंजन सहाय आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.



### सिमडेगा में चित्रगुप्त पूजा के साथ विचार गोष्ठी

**सिमडेगा।** कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया तिथि के अवसर पर बुधवार को शहर के प्रिंस चौक में चित्रगुप्त महापरिवार ने विधि विधान पूर्वक भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की. पूजन करते हुए पुरोहित ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त धर्मराज के दरबार में प्राणियों के धर्म और अधर्म का हिसाब रखते हैं. उन्होंने राजा सौदास की कथा सुनाते हुए कहा कि भगवान चित्रगुप्त का पूजन करने से ही वह पाप मुक्त हुआ और वह स्वर्ग में गया. यह भी बताया गया कि महाभारत काल में भीष्म पितामह ने भी भगवान चित्रगुप्त की पूजा की थी और उनसे इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त किया था. पूजा के अवसर पर प्रिंस चौक में विचार गोष्ठी का भी आयोजन हुआ. विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि कायस्थ समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है.

### मैथन में श्रद्धापूर्वक हुई कलम-दवात की पूजा

**मैथन।** मैथन में कायस्थ समाज के लोगों ने बुधवार को सृष्टि में समस्त प्राणियों के शुभाशुभ कर्मों की गणना करने वाले आदि कायस्थ भगवान चित्रगुप्त महाराज की जयंती श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाई. इस विशेष अवसर पर समाज के लोगों ने अपने घरों व मंदिरों में विधि-विधान से कलम-दवात की भी पूजा की. मैथन हिन्दी साहित्य परिसर स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में श्री चित्रगुप्त पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया. कलम-दवात की पूजा कर लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया. मौके पर मधुकर श्रीवास्तव, सुबोध कुमार वर्मा, अमन वर्मा, रमन सिन्हा, किरण प्रसाद श्रीवास्तव, सुरेश प्रसाद, पुष्पकांत कर्ण, दीपक कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे.

### नोवामुंडी के साथ ही गुवा के चित्रगुप्त मंदिरों में उमड़े चित्रांश श्रद्धालु

**नोवामुंडी।** गुवा के विभिन्न घरों में बुधवार को भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा की धूम रही. इस अवसर पर गुवा एवं अन्य स्थानों के चित्रगुप्त मंदिरों में चित्रांश श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही. साथ ही बहनों ने अपनी भाइयों की लंबी आयु की कामना के लिए भाई दूज की पूजा की. वहीं कायस्थ समाज के लोगों ने गुवा के योग नगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में चित्रगुप्त भगवान की पूजा की.भाई दूज को लेकर गुवा बाजार,सेवा नगर, स्टेशन कालोनी,विवेक नगर, कल्याण नगर,हिरजीहाटिंग, कैलाश नगर सहित बड़ाजामदा के विभिन्न क्षेत्रों में सामूहिक रूप से बहनों की ओर से पारंपरिक तरीके से भाई दूज की पूजा की गई. बहनों ने पारंपरिक गीत व पूजा कर यम भगवान से अपने भाइयों की लंबी आयु की कामना की. कायस्थ समाज ने देवी देवताओं के लेखापाल चित्रगुप्त महाराज की पूजा की गई. इस अवसर पर कायस्थ समाज ने पारंपरिक रीति रिवाज से कलम दवात की पूजा की. वहीं बड़ाजामदा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में धूमधाम से चित्रगुप्त पूजा की गई. इस दौरान बही खाता, पुस्तक समेत फल फूल और सभी पूजन सामग्री के साथ उनकी आरती उतारी गई. इस चित्रगुप्त पूजा के मौके पर गुवा सेल के महाप्रबंधक एसपी दास, महाप्रबंधक श्रीमंत पंडा, दीपक प्रकाश, भूषण लाल, प्रमोद वर्मा, अजीत श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिन्हा, इंद्राणी वर्मा, डॉक्टर सीके मंडल, राकेश नंदकोलियर आदि मौजूद रहे.



# कोयलांचल में उल्लास के साथ मनाया गया भैयादूज का त्योहार



**खास बातें**
- यमराज की पूजा कर भाई की लंबी आयु का आशीर्वाद मांगा.
- भाइयों ने भी पर्व के मौके पर बहनों की रक्षा का वचन दिया

**संवाददाता। धनबाद**

भाइयों के प्रति बहनों की श्रद्धा और विश्वास का पावन पर्व भैयादूज धनबाद कोयलांचल में बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. उत्तर भारत की महिलाओं ने जहां इस पर्व गोधन के रूप में, वहीं बंगाली महिलाओं ने भाई फोटा के रूप में भी मनाया. बहनों ने गोधन कूटकर और यमराज की पूजा कर भाई की लंबी आयु का आशीर्वाद मांगा. भाइयों ने भी इस पावन पर्व के मौके पर बहनों की रक्षा का वचन दिया. उत्तर भारतीय परंपरा के अनुसार बहनें गोधन कूट कर भाई को बजड़ी खिलाती हैं. वही हीरापुर जेसी मल्लिक रोड की रहने वाली वंदना पांडे, इंदु सिंह, सरिता सिंह, पिंकी कुमारी, डॉली कुमारी, सुमित्रा देवी, मीना पांडे, चंदा देवी, श्रेया आदि ने बताया कि हर साल उन्हें इस पर्व का बेसब्री से इंतजार रहता है. नियम पूर्वक खिचड़ी का भोग बनाकर मृत्यु के देवता यमराज की पूजा कर उनसे भाई को संकटों से उबार कर लंबी आयु प्रदान करने का आशीर्वाद मांगती हैं.

## भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

जमशेदपुर। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की जमशेदपुर इकाई की ओर से प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर परिषद की ओर से बिरसानगर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सांगठनिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जहां तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिक उपस्थित थे. आरंभ में संगठन के महामंत्री जितेंद्र सिंह एवं अध्यक्ष विनय यादव ने सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया. तत्पश्चात 'भगवान बिरसा मुंडा को नमन' एवं 'जोहार झारखंड' आदि नारे से वातावरण गुंजायमान हो उठा. कार्यक्रम में सैनिक समाज के साथ ही नागरिक परिवेश से भी लोग भारी संख्या में जुड़े.

# धूमधाम से मनाया गया भैया दूज पर्व



**लातेहार।** भाई और बहनों के प्रेम का पर्व भैया दूज (गोदहन) बुधवार को जिले में पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. जिला मुख्यालय के विभिन्न चौक चौराहों पर बहनों को सामूहिक रूप से पूजा अर्चना करते देखा गया. इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों को तिलक लगा कर उनकी लंबी उम्र की कामना की. शहर के राजहारा, गुरूद्वारा रोड, शिवपुरी, बानपुर, धर्मपुर, चंदनडीह समेत कई इलाकों में बहनों ने सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना कर अपने भाइयों की लंबी उम्र की कामना की. पुजारी राजेश पाठक ने बताया कि भाई दूज को लेकर यह मान्यता प्रचलित है कि इस दिन भाई को तिलक लगाकर प्रेम पूर्वक भोजन कराने से परस्पर तो प्रेम बढ़ता ही है, भाई की उम्र भी लंबी होती है. उन्होंने बताया कि इस दिन यमुना जी ने अपने भाई यमराज से वचन लिया था और उसके अनुसार भाई दूज मनाने से यमराज के भय से मुक्ति मिलती है. गारू, मनिका, बरवाडीह व महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय एवं नेतरहाट समेत आसपास के क्षेत्र में भी भैया दूज का पर्व श्रद्धा और प्रेम के साथ मनाया गया. बहनों ने गोबर से भाई दूज परिवार का निर्माण कर पूजन अर्चना की

# बंगाली परिवारों में मनाया गया भाई फोटा पर्व

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो जिले के सभी प्रखंडों के बंगभाषी गांव एवं मैथिल समाज में भाई बहन के अटूट रिश्ते का पर्व भाई फोटा (भैया दूज) बुधवार को धूमधाम के साथ संपन्न हुआ.

इस अवसर पर शहरी क्षेत्र के अलावा जरीडीह, चास, चंदनकियारी, पेटरवार समेत कसमार प्रखंड मुख्यालय से सटे सुरजुडीह, धधकिया, रांगामाटी, कसमार चट्टी, खैराचातर, खुदीबेड़ा, बगदा, दांतू समेत अन्य कई बंगभाषी गांव में सुबह से ही भाई फोटा की धूम रही. इस अवसर पर बहनों ने उपवास रखकर भाई के ललाट पर तिलक लगाया. इसके बाद भायेर कोपाले दिलाम फोटा, जोमेर दुवारे पोड़लो कांटा, जोबुना देय जोमके फोटा, आमी दी आमार भाइके फोटा, भाय आमार सोनार बाटा जैसे रक्षा मंत्र के साथ भाइयों के दीर्घायु व सुख समृद्धि की मंगलकामना की. वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर बहन के हर सुख-दुख में साथ देने व रक्षा करने संकल्प लिया. भाई-बहनों ने एक दूसरे को मिठाई और खीर भी खिलायी.सुरजुडीह निवासी पंडित हरि साधन मुखर्जी ने बताया कि बंगभाषी समुदाय कार्तिक अमावस्या के बाद द्वितीया तिथि को भाई फोटा या भैया दूज मनाते हैं. इस पर्व में बहन भाई के ललाट पर तिलक लगाकर उनकी सुख-समृद्धि और दीर्घायु की कामना करती हैं.



**खास बातें**
- बंगाली परिवारों में भाई फोटा के रूप में मनाया जाता भइया दूज
- भाई-बहनों ने एक दूसरे को मिठाई और खीर भी खिलायी

### जमशेदपुर में बहनों ने गोधन कूटकर भाई के लंबी उम्र मांगी

**जमशेदपुर।** भाई की सुख समृद्धि और लंबी उम्र की कामना करते हुए बहनों ने बुधवार को भाई दूज का पर्व गोधन कूट कर मनाया. इस मौके पर बहनों ने भाइयों को जी भर कर कोसा और उन्हें श्राप दिया. ऐसा उन्होंने इसलिए किया ताकि उनके भाई की उम्र और लंबी हो जाए. बिहार और झारखंड में भैया दूज के दिन भाइयों की मंगल कामना के लिए गोधन कूटने की अनोखी परंपरा है. कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को मनाए जाने वाले भैया दूज को इन क्षेत्रों में गोधन के नाम से ही जाना जाता है. अलग-अलग समाज के लोग भाई बहनों के इस पावन त्योहार में अलग-अलग नाम से भिन्न-भिन्न परंपराओं के अनुसार मनाते हैं.

**छठ महापर्व** कृषि बाजार समिति बरवाअड्डा में फलों की आवक में तेजी, ऑस्ट्रेलियन नाशपाती भी थोक बाजार में

# धनबाद में महापर्व में होगी हजारों टन फलों की खपत

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद के बरवाअड्डा स्थित कृषि बाजार समिति में छठ महापर्व को लेकर फलों की आवक तेज हो गई है. हर रोज 300 टन से अधिक फलों की खेप बाजार समिति पहुंच रही है. कारोबारियों नें पर्याप्त फलों का ऑर्डर दिया है. ऑर्डर के हिसाब से फलों की आवक भी बेहतर है. इस बार छठ महापर्व पर 2000 टन फलों की बिक्री होने की उम्मीद है. कारोबारियों के अनुसार, इस बार कश्मीर का सेब, बंगाल और आंध्र प्रदेश का केला, नागपुर का संतरा और बिहार व बंगाल की ईख, ऑस्ट्रेलियन नाशपाती और कश्मीर के नाख थोक बाजार में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं. हालांकि केला की आवक थोड़ी कम है, जिससे पिछले साल की तुलना में दाम अधिक हो सकती है. इसके साथ ही महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश से गुड़ मंगाया जा रहा है. ज्ञात हो कि धनबाद थोक मंडी से गिरिडीह, बोकारो, जामताड़ा, देवघर सहित अन्य कई जिलों में फलों की सप्लाई होती है.

थोक मंडी में फलों की आवक शुरू हो चुकी है. बुधवार को फलों की आवक में तेजी दिखी. थोक मंडी के लिए कारोबारियों ने 240 टन से अधिक संतरा, करीब 400 टन केला, 500 टन सेब और 250 टन नारियल का ऑर्डर दिया है. वहीं 150 टन ईंख, 40 से 50 टन शकरकंद भी मंगाया गया है.



कृषि बाजार समिति बरवाअड्डा में पहुंची फलों की खेप

### फलों के भाव
- सेब 80 से 120 रुपए किलो
- संतरा 50 से 60 रुपए किलो
- केला 50 से 60 रुपए दर्जन
- नारियल 50 से 70 रुपए पीस
- ईंख 40 से 60 रुपए पीस

### गिरिनाथ कल वितरण करेंगे 6000 पैकेट पूजन सामग्री

**गढ़वा।** प्रदेश के पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह 17 नवंबर को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका, रमकंडा तथा चिनिया के छठ व्रतियों के बीच 6 000 पैकेट पूजन सामग्री का वितरण स्थानीय राजमाता गुंजेश्वरी देवी महाविद्यालय के प्रांगण में करेंगे. उक्त आशय की जानकारी देते हुए पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह ने कहा कि चार दिवसीय छठ महापर्व के अवसर पर इस वर्ष भी छठ व्रतियों के बीच 6000 पैकेट पूजन सामग्री वितरण करने का निर्णय लिया गया है.

## लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल होने की अपील

**मेदिनीनगर (पलामू)।** श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होने के लिए सनातन धर्मावलंबियों को महायज्ञ समिति आमंत्रित कर रही है. अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में महायज्ञ में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया गया. महावीर मंदिर के प्रांगण में कई पंचायतों के दर्जनों सनातनियों को आमंत्रण पत्र दिया गया. ऐतिहासिक महायज्ञ को सफल बनाने की अपील की गई. इस दौरान महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय के पुत्र, महासचिव शैलेश दूबे, संरक्षक आशीष भारद्वाज, दीपक तिवारी समेत समिति के पदाधिकारियों ने लोगों से एक रंग, एकरूप, एकजुट होकर कलश यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया. दीपक तिवारी ने बताया कि सनातनी धर्मरक्षक के रूप में गुरु पाण्डेय समाज को एकजुट करने में जुटे हैं.

# आदित्यपुर में 500 छठव्रतियों के बीच पूजन सामग्री का वितरण

**संवाददाता । आदित्यपुर**

पिछले कई बरसों की भांति इस वर्ष भी रोड नंबर 15, आदित्यपुर-2 स्थित मैदान में आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति एवं न्यू डिस्को क्लब द्वारा आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में जन सहयोग से 500 छठव्रती माता- बहनों के बीच बुधवार को छठ सामग्री का वितरण किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी उर्फ टुन्नू चौधरी, विशिष्ट अतिथि टाटा वर्कर्स यूनियन के असिस्टेंट सेक्रेटरी नितेश राज एवं संजीव तिवारी के द्वारा मिट्टी के चूल्हे, आटा, चूल्हा बनाने हेतु इंट का वितरण कूपन के माध्यम से किया गया. कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के कमेटी मेंबर प्रमोद कुमार सिंह, अमरनाथ ठाकुर, समाजसेवी विनोद कुमार मित्तल, वीरेंद्र यादव, युवा राजद जिला अध्यक्ष उदित यादव, कुमार विपिन बिहारी प्रसाद, देव प्रकाश, प्रमोद गुप्ता, अधिवक्ता संजय कुमार उपस्थित थे. पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी 15 नवंबर से लेकर 18 नवंबर के बीच रोड नंबर- 15, आदित्यपुर-2 स्थित मैदान में आदित्यपुर- गम्हरिया विकास समिति द्वारा आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह के नेतृत्व में जन सहयोग से 2000 छठव्रती माता बहनों के बीच चुनरी, साड़ी, मिट्टी के चूल्हे आदि का वितरण किया जाएगा. 15 नवंबर से लेकर 18 नवंबर तक पूजन सामग्री का वितरण होगा.

# धरती आबा को शत-शत नमन

## बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रमों की धूम

**धरती आबा और महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापन दिवस पर कार्यक्रमों की धूम रही. मौके पर सरकारी कार्यालयों, स्कूलों, सामाजिक संगठनों की ओर से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए और बिरसा मुंडा को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. मौके पर कहीं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, तो कहीं पद यात्रा निकाली गई. चौक-चौराहों पर स्थापित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया. जिला मुख्यालयों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. राज्य स्थापना दिवस के मौके पर झारखंड के विकास, झारखंड आंदोलनकरियों के सपने और आम जनता की हित में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातू आगमन और वहां आयोजित कार्यक्रम ने राज्य स्थापना दिवस को और विशिष्ट बना दिया. स्थापना दिवस के मौके हेमंत सरकार की ओर परिसंपत्तियों का वितरण किया गया. शुभम संदेश टीम ने विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रमों को कवर किया है. पेश है रिपोर्ट...**

- धरती आबा बिरसा मुंडा को लोगों ने याद कर किया नमन, राज्य में हुए विकास कार्यों की समीक्षा की
- कहीं रक्तदान शिविर लगा, तो कहीं पदयात्रा निकाल कर बिरसा को श्रद्धांजलि दी गई
- जिला मुख्यालयों में स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित, परिसंपत्तियों का वितरण भी
- प्रधानमंत्री के उलिहातू आगमन ने राज्य स्थापना दिवस को विशिष्ट बना दिया, सौगातों की बरसात

### राजधानी में प्रधानमंत्री का कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहा




रांची। राजधानी रांची में राज्य स्थापना दिवस और बिरसा मुंडा जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. यहां सरकारी कार्यालयों सहित आदिवासी और गैर आदिवासी संगठनों ने बिरसा मुंडा को याद किया और उन्हें श्रद्धाजंलि दी. बिरसा जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने उलिहातू जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया और स्थापना दिवस पर झारखंडवासियों को शुभकामनाएं दीं.

### जमशेदपुर में याद किए गए बिरसा मुंडा



**जमशेदपुर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जमशेदपुर में आम से लेकर खास लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक सरयू राय और जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बिरसानगर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. साथ ही झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं. इसके बाद मंत्री व उपायुक्त प्रतिमा के समक्ष आयोजित बिरसा सेवा दल पंचायत समिति एवं विकास स्वलंबी सहकारी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए.

### एआईडीएसओ ने महानायक को याद किया



**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गनाइजेशन (एआईडीएसओ) की जमशेदपुर नगर इकाई की ओर से बुधवार को उलगुलान के महानायक शहीद बिरसा मुंडा की जयंती मनायी गयी. इस अवसर पर संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष समर महतो ने भुइयाडीह गोलचक्कर पर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. प्रदेश सचिव सोहन महतो ने कहा कि आज केवल झारखंड ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में बिरसा मुंडा को याद कर उनके विचारों को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है.

### पलामू में भगवान बिरसा की दी गई श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय में बुधवार को झारखंड राज्य स्थापना दिवस और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई. इस मौके पर पलामू जिला के प्रशासनिक अधिकारियों ने स्टेशन रोड पर स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. उपायुक्त शशि रंजन, डीडीसी रवि आनंद, नगर आयुक्त जावेद हुसैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर नमन किया. वहीं उपायुक्त रंजन ने कहा कि आज की तिथि झारखंड वासियों के लिए गौरवपूर्ण है.

### रीति-रिवाजों के साथ पूजा कर दी श्रद्धांजलि



**किरीबुरु।** आदिवासी कल्याण केन्द्र मेघाहातुबुरु-किरीबुरु के तत्वावधान में हर्षोउल्लास के साथ बिरसा जयंती मनाई गई. इस अवसर पर किरीबुरु स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा की पारम्परिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना के बाद उन्हें माल्यार्पण किया गया. माल्यार्पण करने वालों में किरीबुरु के एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर, शन्नी सिंकू, कमिटी के पदाधिकारी रोया राम चाम्पिया, दुल्लू हेस्सा, वीर सिंह मुंडा, सरगेया अंगारिया, मुखिया पार्वती किडो, मुखिया लिपि मुंडा, इन्स्पेक्टर वीरेन्द्र एक्का, थाना प्रभारी फिलमोन लकडा, बीरबल गुड़िया, अमर सिंह सुंडी, धनुर्जय लागुरी, पाण्डू कोन्गाडी, नाजीर लागुरी, बलभद्र बुडिउली, निर्मल पूर्ति, जगन्नाथ चातर, एस आर चातर, बादल भूमिज, पालो सोय, जीरेन सिंकू, रीमा कौर आदि दर्जनों शामिल थे.

### माल्यार्पण कर बच्चों के बीच बांटी गई मिठाई



**आदित्यपुर।** कांग्रेस पार्टी के वरीय जिला उपाध्यक्ष और फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रांतीय से सचिव फूलकान्त झा ने बुधवार को गम्हरिया में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य के स्थापना दिवस पर उनके प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया. इसके पश्चात फूलकान्त झा ने बच्चों के बीच मिठाई बांटी और उन्हें भगवान बिरसा मुंडा के आदर्श और व्यक्तित्व से अवगत कराया. इधर जिला कांग्रेस कमेटी सरायकेला एवं नगर कांग्रेस कमेटी आदित्यपुर के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एवं धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के जयंती के मौके पर एनआईटी गेट स्थित उनकी प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए.आदिवासी कल्याण केन्द्र मेघाहातुबुरु-किरीबुरु के तत्वावधान में हर्षोउल्लास के साथ बिरसा जयंती मनाई गई.

### स्थापना दिवस पर बिरसा मुंडा को किया नमन



**चक्रधरपुर।** झारखंड स्थापना दिवस व बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर बुधवार को चक्रधरपुर के शहरी व ग्रामीण में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर भगवान बिरसा मुंडा को याद किया गया. इस मौके पर चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के समीप व पोटका स्थित आदिवासी मित्र मंडल के समीप स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए अधिकारियों के साथ-साथ समाजसेवी व विभिन्न राजनीतिक दल के नेता जुटे.यहां चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव, पोड़ाहाट अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा, अंचलाधिकारी गिरजानंद किस्कू, एलआरडीसी कुशलमय केनेथ मुंडु, नगर परिषद् के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल यादव, थाना प्रभारी चन्द्रशेखर कुमार,पूर्व विधायक बहादुर उरांव, पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई, दिशुम गुरु आर्शीवाद योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी.

### चांडल में जयंती पर याद किए गए धरती आबा



**चांडिल।** बिरसा जयंती सह राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता और सामाजिक संगठन के लोगों ने चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में धरती आबा बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि दी. नीमडीह प्रखंड के जामडीह, सालतल, कुकड़ू,व ईचागढ़ के गौरांगकोचा,चांडिल प्रखंड के हुमिद, बड़ालाखा व काटिया आदि स्थानों में स्थापित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 148वां जयंती पर उनके मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया. संयुक्त आदिवासी सामाजिक संगठन के सदस्य ने बिरसा जयंती पर नीमडीह के जामडीह से बाइक रैली निकाल कर कुकड़ू पहुंचे, वहां से गौरांगकोचा होते हुए हुमिद,काटिया व बड़ालाखा पहुंचे और बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया.

### पार्टी, संगठनों ने बिरसा को याद किया, श्रद्धांजलि



**हजारीबाग।** जिले भर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गयी. जिला प्रशासन,राजनीतिक पार्टी समेत कई संगठनों ने बिरसा मुंडा को किया नमन.भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक नैन्सी सहाय, पुलिस अधीक्षक चौथे मनोज रतन, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, नगर प्रशासक शैलेंद्र लाल, सीडीओ सदर विद्याभूषण कुमार ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कृतज्ञता व्यक्त की.



**चाईबासा।** टोंटो प्रखंड के पुरना पानी गांव में बुधवार को बिरसा मुंडा को नमन कर झारखंड स्थापना दिवस मनाया गया. इस दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए आदिवासी किसान मजदूर पार्टी के अध्यक्ष जॉन मिरन मुंडा ने कहा कि राज्य गठन के 23 साल बाद भी विकास नहीं हुआ. यहां लोग अब भी दातून बेच कर जीवन यापन करने को मजबूर हैं . समारोह में टोंटो के उप प्रमुख मुक्ता लागूरी, बड़ा झीकपानी पंचायत समिति सदस्य हेम्बोती हेमब्रोम, पुरना पानी पंचायत समिति सदस्य अंजुमन कुंकल, रेंगरा हातु पंचायत समिति सदस्य पूर्णिमा लागूरी शामिल हुए.

### बिरसा ने नए सामाजिक और राजनीतिक युग की नींव रखी



**पाकुड़।** झामुमो जिला अध्यक्ष श्याम यादव के नेतृत्व में पाकुड़ बिरसा चौक स्थित बिरसा मुंडा की जयंती धूमधाम से मनाई गयी. बिरसा मुंडा की आदमकद मूर्ति पर फूल माला अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई. श्याम यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक रहे, जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी की शुरुआत में न सिर्फ झारखंड बल्कि देश में बसने वाले आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नये सामाजिक और राजनीतिक युग की नींव रखी. अंग्रेजी सरकार के काले कानूनों को चुनौती देकर बर्बर ब्रिटिश साम्राज्य को सांसत में डाल दिया. झारखंड की कोख ने कई अनगिनत सपूतों को जन्म दिया जिन्होंने आजादी और अपनी धरती की रक्षा के लिए प्राण दिये.

### झामुमो ने कार्यक्रम आयोजित कर दी श्रद्धांजलि



**जरीडीह।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर जरीडीह प्रखंड झामुमो कमेटी की ओर से बिरसा जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर झामुमो जरीडीह प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी के नेतृत्व में जैनामोड़ स्थित कार्यालय में बिरसा मुंडा की चित्र पर पुष्पमाला अर्पित की गयी. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष पंकज मरांडी, सोमर मुंडा, संतोष महतो, आजाद अंसारी, खलील अंसारी, मानिक महतो, मिहिलाल मुर्मू, प्रेम पंडित, श्याम नारायण हेंब्रम, जयंत प्रकाश, सोहन मुर्मू, शंकर मरांडी, अशोक मुर्मू, सुधीर हांसदा, रविंद्र नाथ हांसदा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### गिरिडीह में मनी बिरसा जयंती



**गिरिडीह।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती और राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बुधवार को उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने समस्त जिलेवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी. साथ ही उपायुक्त, अपर समाहर्ता, आईएएस प्रशिक्षु समेत अन्य वरीय अधिकारियों ने समाहरणालय सभाकक्ष स्थित भगवान बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यर्पण कर उन्हें श्रंद्धाजलि अर्पित की.

### देशभर में पूजे जाते हैं बिरसा मुंडा



**देवघर।** जिला कांग्रेस ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के साथ झारखंड स्थापना दिवस कांग्रेस कार्यालय में मनाया. इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रो. उदय प्रकाश के अगुवाई में सभी कांग्रेस जनों ने भगवान बिरसा की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए कहा कि झारखंड ही नहीं देश भर में बिरसा मुंडा को भगवान के रूप में पूजे जाते हैं. वे एक प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक और देश के श्रद्धेय आदिवासी समुदाय के नायक थे. इसके साथ ही आज झारखंड का स्थापना दिवस को हमलोग उत्सव के तरह मना रहें हैं.

### मंत्री बेबी देवी ने किया परिसंपत्तियों का वितरण



**बोकारो।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर बुधवार को जिला प्रशासन बोकारो की ओर से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह सह झारखंड राज्य की 23 वीं स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री बेबी देवी, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, मंत्री (दर्जा प्राप्त) योगेंद्र प्रसाद, बोकारो उपायुक्त कुलदीप चौधरी, डीडीसी कीर्तिश्री जी मौजूद थे. इसके बाद बोकारो क्लब में आयोजित राज्य स्थापना दिवस समारोह में मंत्री बेबी देवी ने किया परिसम्पत्तियों का वितरण किया. मौके पर उपायुक्त, उप विकास आयुक्त के अलावा झामुमो जिला अध्यक्ष हीरालाल मांझी, सचिव जयनारायण महतो, बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव के अलावा भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष योगो पूर्ति, सचिव महेश मुंडा, कोषाध्यक्ष संजय गगराई समेत अन्य लोग मौजूद थे.

### बिरसा गोलंबर का सदर विधायक ने शिलान्यास



**गिरिडीह।** शहर के सिरसिया स्थित बिरसा चौक पर बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित थे. मौके पर बिरसा गोलंबर का सदर विधायक ने शिलान्यास किया एवं बिरसा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. मौके पर उन्होंने घोषणा की कि अगले साल तक बिरसा की एक भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा तथा चौक के आसपास जमीन की मापी कर इसे बड़े चौक के रूप में परिवर्तित किया जाएगा.इस मौके पर पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय सिंह के अलावा नगर समिति के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे.

### लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का संकल्प



**रामगढ़।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर बुधवार को छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान डीसी चंदन कुमार, एसपी पीयूष पांडे, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसडीओ शीलवंत कुमार भट्ट सहित जिला के वरीय पदाधिकारियों ने छत्तरमांडू स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी.मौके पर डीसी चंदन कुमार ने सर्वप्रथम सभी को राज्य स्थापना दिवस, भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस की शुभकामनाएं दी.

### 343 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण



**साहिबगंज।** बुधवार को झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सिदो कान्हू सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसमें राजमहल के सांसद विजय हांसदा मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए. इस मौके पर 343 लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया. इसके अलावा उपायुक्त रामनिवास यादव, पुलिस अधीक्षक नौशाद आलम, वन प्रमंडल पदाधिकारी मनीष तिवारी एवं जिले के वरीय पदाधिकारियों ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया.

### आम से खास तक ने भगवान बिरसा को नमन किया



**घाटशिला।** आम से खास लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. बुधवार को मऊभंडार स्थित आईसीसी कंपनी के मुख्य द्वार पर स्थापित भगवान बिरसा की प्रतिमा पर कंपनी के ईडी एसएस शेट्टी सहित अन्य ने माल्यार्पण कर नमन किया. उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे का नारा लगाया. इस इस मौके पर कंपनी के दीपक श्रीवास्तव, श्रवण कुमार झा, बबलू कुमार माझी, जजनेश प्रसाद मिश्रा, अश्विनी कुमार, संपत संगी, डीजे शोम, अर्जुन लोहरा, ओमप्रकाश सिंह, एन के राय, प्रशांत कुमार समेत काफी संख्या में एचसीएल/आईसीसी व यूनियन के पदाधिकारी मौजूद थे.

### गौरव दिवस पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई



**नोवामुंडी।** उपद्मावती जैन सरस्वती शिशु मंदिर नोवामुंडी में बुधवार को जनजातीय गौरव दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया. कार्यक्रम में भैया-बहनों ने बिरसा वाक्य का नारा लगाते हुए प्रभात फेरी निकाली. चामुंडा जयंती, बिरसा मुंडा जयंती जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजिन भी किया गया. इसमें भैया बहनों ने नृत्य, गायन प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया. जनजातीय गौरव दिवस पर बालक व्यक्तित्व विकास शिविर के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई.

### जयंती में शामिल हुए विधायक संजीव सरदार



**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के पड़सा, बड़ाबोतला टोला गाड़भांगा और छोलागोड़ा विधायक कार्यालय में बिरसा जयंती मनाई गई. इस अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा को याद किया गया. विधायक संजीव सरदार ने भगवान बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण किया. पड़सा में ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य करते हुए विधायक का स्वागत किया. बड़ाकांजिया के छामड़ागुटू में सोहराय का आयोजन किया गया. विधायक ने ग्रामीणों को सोहराय की शुभकामनाएं दी. मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मिर्जा सोरेन, जयपाल सिंह मुर्मू, बीस सूत्री अध्यक्ष भागात बास्के, अर्जुन मुर्मू, काजमान सिंह सरदार, भागात हांसदा और ग्रामीण उपस्थित थे.

### बिरसा के सपने अब भी अधूरे : विजय शंकर



**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा और राज्य गठन के समय झारखंडी समाज के द्वारा देखे गए सभी सपने 23 वर्ष बाद भी अधूरे हैं. यह बात बुधवार को यहां झारखंड बचाओ मोर्चा के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधायक प्रत्याशी तथा आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही. वह डीबाडीह में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि यह बात कही. उन्होंने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा के देखे गए जल, जंगल, जमीन की रक्षा, अबुआ दिशुम अबुवा राज की स्थापना के सभी सपने राज्य निर्माण के 23 वर्ष बाद भी हाशिए में हैं. समरोह की अध्यक्षता राजेश कुजूर ने की. इस अवसर पर माल्यार्पण करने वालों में सरिता तिग्गा, खुशबू तिग्गा, शांति तिग्गा, सोनू कुजूर, बादल कुजूर,शेखर तिग्गा , भगन तिग्गा, सुमन कुजूर उपस्थित थे . समारोह का संचालन सुदीप तिर्की ने किया. इस अवसर पर काफी संख्या में महिलाएं, बच्चे एवं पुरुष उपस्थित थे.

### जेसी बोस गर्ल्स स्कूल में बिरसा को श्रद्धांजलि




**गिरिडीह।** सर जेसी बोस गर्ल्स हाई स्कूल में बुधवार को बिरसा मुंडा की जयंती मनाई गई.इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना प्रसाद कुशवाहा ने भगवान बिरसा की तस्वीर के सामने दीया जलाकर और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. उसके बाद विद्यालय परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाओं और छात्राओं ने भी भगवान बिरसा की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

### मुंडा समाज ने बिरसा को नमन किया, यात्रा निकाली



**चाकुलिया।** मुंडा समाज ने बुधवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया. समाज के पुरुष और महिलाएं गाजे बाजे के साथ वार्ड नंबर एक स्थित गोविंदपुर में देशुआ जाहेर गाड़ पहुंचे और भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. यहां से सैकड़ों और महिलाओं ने पदयात्रा निकाली. पदयात्रा में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल थीं.

### विधायक ने श्रद्धांजलि दी, अमर रहे के नारे लगे



**चाकुलिया।** धरती आबा महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर बुधवार को विधायक समीर कुमार मोहंती ने नगर पंचायत के बिरसा चौक पर स्थापित भगवान बिरसा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया. वहां पर उपस्थित लोगों ने भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के नारे लगाए. इस अवसर पर नगर पंचायत के प्रशासक चंदन कुमार, प्रखंड प्रमुख धनंजय करुणामय, अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार, नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष संध्या रानी सरदार समेत अनेक लोग उपस्थित थे.

### देश की आजादी के लिए बिरसा ने लड़ी लड़ाई



**चाकुलिया।** धरती आबा महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर बुधवार की सुबह चाकुलिया प्रखंड के उप प्रमुख कविता साव ने नगर पंचायत के बिरसा चौक पर स्थापित भगवान बिरसा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया. उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा महान स्वतंत्रता सेनानी थे. उन्होंने देश को आजाद करने के लिए अंग्रेजों से लड़ाई लड़ीं. उनके त्याग और बलिदान को देश हमेशा याद रखेगा.

### धनबाद में डीसी-एसएसपी ने बिरसा को याद किया



**धनबाद।** धनबाद कोयलांचल में बुधवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 148वीं जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई. इसके साथ ही झारखंड के स्थापना दिवस पर समारोहों की धूम मची रही. उपायुक्त वरुण रंजन, एसएसपी संजीव कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने बैंक मोड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. उपायुक्त ने इस विशेष अवसर पर जिले वासियों को झारखंड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास में भगवान बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक बनाकर उभरे.

### सदभावना मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि




**लातेहार।** भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और झारखंड राज्य स्थापना दिवस का कार्यक्रम लातेहार में सद्भावना मार्च से प्रारंभ हुआ, जो कारगिल पार्क से समाहरणालय तक गया. सद्भावना मार्च में उपायुक्त हिमांशु मोहन समेत कई अधिकारी और जन प्रतिनिधियों ने भाग लिया. इससे पहले अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों ने बिरसा मुंडा सहित कारगिल पार्क में शहीद स्मारक पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. उपायुक्त ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा एक महान देशभक्त थे.

### लातेहार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



**लातेहार।** झारखंड स्थापना दिवस के मौके पर ब्लड बैंक, लातेहार में रेडक्रास सोसायटी, लातेहार के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उदघाटन स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम, उपायुक्त हिमांशु मोहन,चेयरमैन महेंद्र प्रसाद गुप्ता एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया. रेडक्रास के सचिव जावेद अख्तर ने रक्तदान कर शिविर का प्रारंभ किया.

### स्थापना दिवस पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी



**लातेहार।** झारखंड राज्य स्थापना दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय के विभिन्न स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली. प्रभात फेरी कारगिल पार्क पहुंची और यहां सद्भावना मार्च में शामिल होकर समाहरणालय तक गयी. इस प्रभात फेरी में शहर के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय करकट, मध्य विद्यालय बाजार समेत अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया. प्रभात फेरी में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने भाग लिया.

### पाकुड़ में स्थापना दिवस पर परिसंपत्ति का वितरण



**पाकुड़।** झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा समाहरणालय सभा कक्ष में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित कर परिसंपत्ति का वितरण किया गया. इस अवसर पर लाभुकों के बीच दीदीबाड़ी योजना, जॉब कार्ड, बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कुप योजना, बाबा साहेब भीमराव अंबेदकर आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति पत्र लाभुकों को प्रदान किए गए.

### बलिदान बेकार नहीं जाएगा : विधायक



**तांतनगर।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है. यह बात विधायक निरल पुरती ने झारखंड स्थापना दिवस सह बिरसा जयंती पर तांतनगर प्रखंड परिवार स्थापित बिरसा मुंडा मूर्ति पर माल्यार्पण के बात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ही अंग्रेजों के हुकूमत का विरोध किया था. उसी विरोध का नतीजा है कि आदिवासी सुरक्षा कवच के रूप सीएनटी एक्ट बनाया गया है.

30 करोड़ की लागत से लुगु पहाड़ के सौंदर्यीकरण की हुई थी घोषणा, लेकिन अबतक काम शुरू नहीं हो सका

# लुगुबुरू घंटाबाड़ी ललपनिया में सौंदर्यीकरण कार्य नहीं हो सका शुरू

अनंत कुमार। बेरमो



संथालियों का मक्का कहा जाने वाला तीर्थ स्थल लुगुबुरू घंटाबाड़ी ललपनिया में सौंदर्यीकरण कार्य शुरू नहीं हो सका है. टेंडर हुए लगभग 11 महीने गुजर चुके हैं, मगर सौ दिन चले ढाई कोस वाली कहावत चरितार्थ हो रही है.

बता दें कि पिछले वर्ष लुगुबुरू घंटाबाड़ी के वार्षिक अंतरराष्ट्रीय धर्म महासम्मेल के अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तीस करोड़ रूपये की लागत से लुगु पहाड़ के पुनायथान और दोरबारी चट्टान परिसर में सौंदर्यीकरण कराने की घोषणा की थी. इस निमित कल्याण विभाग ने पिछले वर्ष दिसम्बर माह में करीब आठ करोड रूपये की लागत से बनने वाली सौंदर्यीकरण का टेंडर भी किया. यह टेंडर मेसर्स पीएन सिंह कन्स्ट्रक्शन को मिला है. लेकिन वन विभाग के द्वारा अनापति प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण काम शुरू नहीं हो सका. इस संबंध में संवेदक पंकज कुमार कहना है कि बारह एकड़ भूमि में अभी महज ढाई एकड़ पर कार्य किए जाने का वन विभाग अनापति पत्र दिया है. अब पुनः राजकीय महोत्सव का समय आ गया है और तैयारी भी चल रही है, इसलिए महोत्सव पूर्ण होने के बाद काम शुरू किया जाएगा.

**समिति के अध्यक्ष ने क्या कहा :** लुगुबुरू घंटाबाड़ी धोरोम गाढ़ समिति के अध्यक्ष बबुली सोरेन ने कहा कि जब मुख्यमंत्री सोरेन ने पिछले वर्ष घोषणा की थी उस समय ऐसा लगा था कि आने वाले वर्ष में श्रद्धालुओं को यहां सौंदर्यीकरण का लुत्फ उठाने का अवसर मिलेगा, लेकिन वन विभाग द्वारा अनापति नहीं मिलने के कारण यहां कार्य शुरू नहीं हो सका. लेकिन अब अनुमति मिल गई है.

### खास बातें

- सौदर्यीकरण का टेंडर हुए लगभग 11 महीने गुजर चुके
- संथालियों का मक्का कहा जाता है लुगुबुरू घंटाबाड़ी
- सौ दिन चले ढाई कोस कहावत हो रही है चरितार्थ

### सौंदर्यीकरण की क्या है योजना

लुगुबुरू घंटाबाड़ी दोरबार चट्टान स्थित फिलहाल आठ करोड़ की लागत से आधुनिक स्टेज, जिसमें कमरा, शौचालय सहित अन्य सुविधा होगी. इसके अलावा पार्क, चहारदिवारी शौचालय का निर्माण किया जाएगा. इसके लिए वन विभाग ने ढाई एकड़ जमीन पर कार्य करने के लिए अनापति प्रमण पत्र दिया है. वहीं, लुगु पहाड़ के पुनायथान में चेक डेम, शेड, लाईट, सड़क मरम्मति, मंदिर सौंदर्यीकरण सहित जरूरी कार्य किया जाने का लक्ष्य है. इसके लिए अभी कोई टेंडर नहीं निकला है. लेकिन, पिछले 18 अक्टूबर को पर्यटन सचिव यहां का दौरा किया, जिसमें उन्होंने समिति को आश्वासन दिया है कि पुनायथान के सौंदर्यीकरण के लिए फाइल बढ़ाया जा रहा है.

## आओ जानें

### झारखंड : एक नजर

किस इतिहासकार के अनुसार झारखंड क्षेत्र चन्द्रगुप्त मौर्य के साम्राज्य में शामिल था ?
**– आर. रामशास्त्री**

अशोक के किस शिलालेख में झारखंड क्षेत्र का उल्लेख है ?
**– 13 वें**

किस साहित्य में झारखंड क्षेत्र के लिए कुकुरदेश शब्द का प्रयोग किया गया है ?
**– अर्थशास्त्र**

झारखंड राज्य किस क्षेत्र से इंडोसीथियम सिक्के प्राप्त हुए हैं ?
**– चाईबासा**

किस गुप्त शासक ने झारखंड क्षेत्र में अपना विजय अभियान चलाया था ?
**– समुद्रगुप्त**

ह्वेनसांग के अनुसार किसने संपूर्ण झारखंड क्षेत्र पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था ?
**– शशांक**

झारखंड में कोल विद्रोह किस वर्ष हुआ था ?
**– 1831–32**

भूमिज विद्रोह को अंग्रेजों ने क्या कहा था ?
**– गंगानारायण का हंगामा**

भूमिज विद्रोह के परिणामस्वरूप झारखंड में किस नये जिले का गठन हुआ ?
**– मानभूम**

## ब्रीफ खबरें

### लुगुबुरु घंटाबाड़ी ललपनिया में तैयारी को लेकर की बैठक

**तेनुघाट।** बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बीएन सिंह के संयुक्त अध्यक्षता में लुगुबुरु घंटाबाड़ी में 26 और 27 नवम्बर को होने वाले राजकीय महोत्सव को लेकर बैठक की. बैठक में सीओ, बीडीओ, ओएनजीसी, सीसीएल, टीटीपीएस, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और थाना प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की गई. दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए शौचालय, बिजली, पानी का उचित व्यवस्था हो सके. साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं की गाडियों को रखने के लिए जगह की उचित व्यवस्था पर चर्चा हुई. बेरमो अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार ने बताया कि आगामी होने वाली बैठक में दिए गए टास्क की जाएगी.

### प्रखंड कर्मियों ने भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन

**जयनगर(कोडरमा)।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जयनगर प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड कर्मियों ने बिरसा मुंडा की जयंती समारोह पूर्वक मनाई.मौके पर प्रखंड के सभी कर्मियों ने बारी-बारी भगवान बिरसा मुंडा की चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया.साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन शैली से प्रेरणा लेने का संकल्प दोहराया. बताया गया कि भगवान बिरसा मुंडा एक कर्मठ, क्रांतिकारी व वीर सपूत थे. जिन्होंने आदिवासी समाज में फैले अंधविश्वास और कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया. बिरसा मुंडा ही औपनिवेशिक शोषण के खिलाफ उलगुलान का आह्वान किया था. आज का दिन झारखंड वासियों के लिए ऐतिहासिक अविस्मरणीय क्षण है। झारखंड उन्हीं के बलिदान का परिणाम है. मौके पर प्रधान सहायक तानेश्वर राम, प्रखण्ड समन्वयक (पीएमएवाई) रवि कुमार, गिरधारी प्रसाद, दीपक कुमार,संदीप कुमार, आकांक्षी प्रखण्ड फैलो अशोक कुमार, मनोरंजन कुमार, पंचायत सचिव शिव कुमार यादव, रंजीत राणा, प्रकाश साव, सुरेश चंद्र पासवान, खुर्शीद मियां, विजय शर्मा, कुंदन कुमार, पिंटू कुमार, सुरेश कुमार, प्रिंस रोबिन उपस्थित थे.

### पुलिस-प्रशासन का रवैया आदिवासी विरोधी : सालखन

**जमशेदपुर ।** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू को पुलिस ने गुरुवार को उसके कदमा स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर लिया. सुबह अचानक पुलिस टीम उनके आवास पहुंची और घर को चारों ओर से घेर लिया है. इस दौरान उन्हें घर से कहीं भी आने जाने की अनुमति नहीं थी. पुलिस की कार्रवाई पर सालखन मुर्मू ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बिरसा जयंती और झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर साकची स्थित भगवान बिरसा की प्रतिमा के समक्ष शांतिपूर्ण अनशन पर बैठने का कार्यक्रम तय था. आदिवासी सेंगेल अभियान ने अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम को लेकर तैयारी भी कर ली थी. लेकिन उससे पहले ही उन्हें हाउस अरेस्ट कर लिया गया. यह पुलिस-प्रशासन के नकारात्मक और आदिवासी विरोधी रवैये को दर्शाता है. उन्होंने इस कार्यक्रम को स्थगित करने की घोषणा की और कहा कि जब प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति और जन्मस्थली जाकर श्रद्धांजलि दे सकते हैं, तो हम लोग क्यों नहीं. इस शांतिपूर्ण अनशन कार्यक्रम को नहीं करने देना यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है.

राज्य स्थापना दिवस कार्यक्रम नगर भवन में हुआ आयोजित

# विकास यात्रा में समाज के सभी वर्ग की भागीदारी जरूरी: बादल

संवाददाता। हजारीबाग

राज्य स्थापना दिवस के मौके पर जिला स्तरीय कार्यक्रम नगर भवन में आयोजित किया गया. बतौर मुख्य अतिथि झारखंड के कृषि, पशुपालन और सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए राज्यवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामना दी. कार्यक्रम के दौरान 72.28 करोड़ रूपये की परिसम्पतियों का वितरण लाभुकों के बीच किया गया. वहीं, 4अरब 9 करोड़ 91 लाख रुपये की लागत से योजनाओं का शिलान्यास और 86 करोड़ 11लाख रूपये की लागत से निर्मित योजनाओं का उद्घाटन भी किया गया.

कार्यक्रम के दौरान बादल पत्र लेख ने कहा बिरसा मुंडा के अबुआ दिशुम अबुआ राज अर्थात अपना देश अपना राज के संकल्प को हेमन्त सरकार पूरा कर रही है. उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के वंचित बेघरों के लिए अबुआ आवास योजना से पक्का मकान, सभी वृद्धजनों के लिए सर्वजन पेंशन योजना, किसानों के लिए ऋणमाफी, सुखाड़ राहत जैसी योजना लाकर बेरोजगारों को रोजगार, स्वरोजगार के नए अवसर सरकार ने दिया है. उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोग को राज्य को विकास में भागीदारी के लिए सकारात्मक भूमिका निभाएं.



### निचले स्तर पर सही व्यक्ति को हो योजना डिलीवर

कार्यक्रम में बरकट्ठा विधायक अमित यादव ने कहा प्रस्तावित पंचायत स्तरीय शिविर में सरकार की योजना को धरातल पर पहुंचाने के लिए सरकारी तंत्र खासकर निचले स्तर पर अधिकारियों, कर्मचारियों को संवेदनशीलता के साथ साथ सही व्यक्ति को निर्धारित समय सीमा में योजना डिलीवर करने के लिए जिम्मेवारी तय करने, ईमानदारी से जनता की समस्याओं का समाधान करने की आवश्यकता बताई.

### योजना को लागू करने का काम रही है जिला प्रशासन

उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा जिला प्रशासन सरकार की कल्याणकारी एवं विकास योजना को धरातल पर प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए काम कर रही है. योजना की पहुंच सभी लोग तक पहुंचे इसके लिए योजनाओं की सही जानकारी जरूरी है. प्रबुद्ध नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमलोग योजनाओं की सही जानकारी जरूर पहुंचाने की अपील की.

**योजना की स्वीकृति प्रदान किया गया :** मौके पर अतिथियों के द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कोचिंग सेंटर संचालक एवं कपड़ा जूता व्यवसाय के लिए अनुदान राशि, मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृत पत्र, जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित फूलों-झानो आशीर्वाद योजना, सामुदायिक निवेश निधि बैंक क्रेडिट लिंकेज योजना के तहत लाभुकों को चेक प्रदान किया गया.

### खास बातें

- लाभुकों को 72.28 करोड़ की परिसंपत्तियों का वितरण
- अपना देश अपना राज के संकल्प को सरकार कर रही है पूरा

### डीएमएफटी से पहल कर योजना करें तैयार

मंत्री ने कहा कि आधारभूत संरचना के मामले हो या मानव संसाधन के रूप में खासकर मेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां कर स्वास्थ्य सेवा सुदृढ करने का सराहनीय कदम उठाया गया है. जिला प्रशासन को किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डेयरी विकास के लिए डीएमएफटी से पहल कर योजना तैयार करने को कहा.

### आठ आश्रितों को प्रदान किए गए नियुक्ति पत्र

पेडेस्ट्रियन, मेडिकल ऑफिसर के सात नव नियुक्ति अभ्यर्थियों सहित अनुकंपा के आधार पर 8 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया. मौके पर डीएमएफटी, जिला परिषद, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, भवन निर्माण से संबंधित योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया.

# तत्काल टिकट पर दलालों का कब्जा

संवाददाता। धनबाद

विदेशी सॉफ्टवेयर से टिकट दलाल एक आईडी से दो मिनट के भीतर 144 ई-टिकट बुक कर लेते हैं. आरक्षण कार्यालय के बुकिंग क्लर्क और आम व्यक्ति आईआरसीटीसी की वेबसाइट ऑन कर देखते रह जाते हैं. रेलवे सूत्रों के अनुसार, तत्काल टिकट पर दलालों का कब्जा है, जिसे रोक पाने में आरपीएफ-जीआरपी पूरी तरह से विफल है. हालांकि, आरपीएफ के पदाधिकारी कभी कभार टिकट दलालों को गिरफ्तार कर जेल भेजते है, लेकिन वह दूसरे दिन या कोर्ट में पेशी के दौरान ही उन्हें जमानत मिल जाता है. रेलवे एक्ट में संशोधन नहीं होने से टिकट दलाल सक्रिय रहेंगे. जमानतीय धारा का लाभ उठाकर टिकल दलाल सालों भर टिकटों की दलाली कर रहे हैं. त्योहार, गर्मी की छुट्टी के समय ट्रेनों में काफी भीड़ होती है, जिसका फायदा उठाते हुए टिकट दलाल अधिक कीमत पर कंफर्म टिकट बेचते हैं. छठ पूजा में भी यात्रियों को रोजाना परेशानी हो रही है.



### खास बातें

- वेबसाइट ऑन होते ही बुक हो जातीं हैं टिकटें
- यात्रियों को रोजाना हो रही परेशानी

### दलालों को नहीं पड़ता फर्क

रेलवे सूत्रों के अनुसार, एक यूजर आईडी से 6 ई–टिकट बुक करने का नियम है, लेकिन टिकट दलालों को कोई फर्क नहीं पड़ता है. वे फर्जी विदेशी सॉफ्टवेयर के माध्यम से रोजाना सैकड़ों टिकटें बुक कर लाखों रुपये कमा रहे हैं और आम यात्रियों को परेशानी हो रही है. आरक्षण कार्यालय के काउंटर पर यात्री कतार में खड़े रह जाते हैं और बुकिंग क्लर्क कहते हैं कि तत्काल टिकट बुक हो चुका है. कहते हैं कि देश के किसी भी कार्यालय से लोग टिकट बुक करा लेते हैं. जबकि हकीकत यह है कि अधिकतर टिकटें दलाल बुक कर लेते हैं.

# आदिवासियों को गांवों से खदेड़ा जा रहे हैं : रामहरि



संवाददाता । चाईबासा

सरायकेला खरसावां जिला के राजनगर प्रखंड अंतर्गत केसारगाड़ीया में आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया द्वारा 148वां बिरसा जयंती सह झारखंड स्थापना दिवस भगवान बिरसा मुंडा जी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर आंबेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया के सिंहभूम लोकसभा प्रभारी रामहरि गोप ने कहा कि बिरसा मुंडा उलगुलान और बलिदान ने उन्हें 'भगवान' बना दिया. हालात आज भी वैसे ही हैं जैसे बिरसा मुंडा के वक्त थे. आदिवासी खदेड़े जा रहे हैं. दिकू अब भी हैं. जंगलों के संसाधन तब भी असली दावेदारों के नहीं थे और न ही अब हैं.

### प्रशिक्षुओं को प्रमाणपत्र का किया गया वितरण

**मनोहरपुर।** इंदिरा नगर स्थित ईआईटी कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में बुधवार को दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ. यह आयोजन बाल दिवस व भगवान बिरसा जयंती के उपलक्ष्य में किया गया. साथ ही पंडित नेहरू व भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया. इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर में विभिन्न कार्यक्रम समेत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. वहीं कंप्यूटर सेंटर के निदेशक सहदेव प्रसाद गुप्ता के हाथों प्रशिक्षु छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया. साथ बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की कमाना करते हुए जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की शुभकामना व आशीर्वाद दिया.

# झारखंडियों को नहीं मिला उनका अधिकार: डॉ अनंत



संवाददाता। चाईबासा

चाईबासा विधानसभा आजसू पार्टी ने बुधवार को झारखंड के स्थापना दिवस सह बिरसा मुंडा की जयंती मनायी. इस दौरान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि दी गई. फिर एक कार्यक्रम में बैतूल मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र सदस्य नगर प्रभारी डॉ अनंत कुमार महतो शामिल हुए. इस दौरान श्री महतो ने कहा कि झारखंड अलग होकर 23 वर्ष से अधिक हो गया है, लेकिन अभी तक झारखंडों को उसका अधिकार नहीं मिला है. आज भी झारखंड की स्थिति बद से बदतर हो चुकी है. इसका अधिकार पाने के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं. गरीब-गरीब होता जा रहा है और अमीर-अमीर होता जा रहा है. इससे गरीबों का भला नहीं हो रहा है. बिरसा मुंडा की जयंती पर कई समारोह आयोजित हो रहे हैं. यह एक सराहनीय कदम है.

स्थापना दिवस पर सरायकेला जिलेवासियों को मिली 83.19 करोड़ की सौगात

# विकास पथ पर अग्रसर हेमंत सरकार

संवाददाता। आदित्यपुर

झारखंड राज्य के 23वें स्थापना दिवस पर सरायकेला जिलेवासियों 83.19 करोड़ रुपये की योजनाओं का सौगात मिला है. सरायकेला के काशी साहू कॉलेज सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि राज्य के आदिवासी कल्याण सह परिवहन मंत्री चंपई सोरेन थे. मंत्री ने इस दौरान जिलेवासियों के लिए 83.19 करोड़ रुपए की लागत से कुल 358 योजनाओं का उद्घाटन और परिसंपत्तियों का वितरण किया.

इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, सरायकेला जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो मौजूद रहीं. कार्यक्रम का शुभारंभ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. अपने संबोधन में मंत्री चंपई सोरेन ने राज्य के लोगों को स्थापना दिवस और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के युवा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में झारखंड विकास के पथ पर अग्रसर है. समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंच रहा है. ये खुशी की बात है कि देश के प्रधानमंत्री धरती आबा को नमन करने पहुंचे.



कार्यक्रम में उपस्थित मंत्री चम्पई सोरेन व अन्य.

# बिरसा मुंडा की जयंती पर प्रखंडभर में हुए कई कार्यक्रम

संवाददाता। मनोहरपुर

स्थापना दिवस,भगवान बिरसा मुंडा जयंती व जनजातीय गौरव दिवस पर प्रखंडभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए. मनोहरपुर, समठा रेंज जराईकेला व चिड़िया मुंडा टोला में धरती आबा बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि मनोहरपुर (जिप सदस्य,भाग-2) सह ज़िला परिषद उपाध्यक्ष रंजीत यादव, बीडीओ शक्ति कुंज, मुखिया अल्विना कण्डुलना, पंचायत समिति सदस्य सुनील दास चिड़िया ओपी थाना प्रभारी देवसाई भगत सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों ने चिड़िया में आयोजित भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन रंजीत यादव ने तीरंदाजी कर शुभारंभ किया.

इसके पूर्व जिप उपाध्यक्ष रंजित यादव व उपस्थित पंचायत जनप्रतिनिधियों ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया. मौके पर उपस्थित लोगों को मुखिया अल्वीना कंडुलना, पंचायत समिति सदस्य सुनील दास आदि ने भी संबोधित किया.

## पेज एक का शेष

### आपको रोका किसने था !

कोई भी राजनीतिक दल विशेष प्रयोजनों पर अपनी विचारधारा के अनुसार ही काम करता है. लोकसभा चुनाव के पांच माह ही बचे हैं. ऐसे वक्त में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती और राज्य स्थापना दिवस जैसे मौके को गंवाने का काम सिर्फ कांग्रेस ही कर सकती है. दूसरा कोई राजनीतिक दल यह जोखिम नहीं ले सकता. इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के बहाने जितना मौका भाजपा के नेताओं-कार्यकर्ताओं को था, उतना ही मौका पार्टी का मुख्यमंत्री होने के नाते झामुमो को मिला. इतना ही मौका सरकार में साझेदार होने और देश की सबसे पुरानी पार्टी होने के नाते कांग्रेस के पास भी था. अफसोस कांग्रेस पार्टी के मंत्री, नेता और कार्यकर्ता इस मौके का फायदा नहीं उठा सके. ऐसा लगा सत्तारुढ़ कांग्रेस पार्टी कहीं है ही नहीं. ना इनके मंत्री, ना नेता और ना ही कार्यकर्ता, जबकि सत्ता में साझेदार झामुमो ने भी इस मौके का भरपूर फायदा उठाया.

### रांची के पुलिस अधिकारी पर किशोरी से...

सीआईडी के समक्ष दिए बयान में नाबालिग ने कहा कि इसके बाद नीरज खोसला हर दो-चार दिन बाद मेरे मम्मी-पापा की अनुपस्थिति में घर आकर मेरे घर पर ही जबरदस्ती मेरे साथ दुष्कर्म करता रहा. मेरी मां और पिताजी दोनों रेजा मिस्त्री का काम करते हैं. मेरा भाई पटना में रहकर काम करता है. जब मेरी तबीयत खराब रहने लगी, तो मेरी मां और पिताजी ने इस संबंध में पूछताछ की. पर मैं डर से कुछ नहीं बताती थी. नवरात्रि से दो-चार दिन पहले जब नीरज खोसला मेरे घर आकर मेरा दुष्कर्म किया तो मेरी तबीयत खराब रहने लगी. मेरी मां ने दवा भी दिलाई, परंतु ठीक नहीं हुई तो मां चिंतित होकर मुझे समझा-बुझाकर फुआ के घर नालंदा (बिहार) भेज दिया. वहां भी तबीयत खराब रहने लगी. फिर सारी बात अपनी मां से कहा. नीरज ने नाबालिग की आपत्तिजनक तस्वीरें अपने मोबाइल से ले ली थी. तस्वीरों को नाबालिग की मां को भेजता था और धमकी देता था कि किसी को कुछ बताओगी तो फोटो वायरल कर देंगे.

**लापरवाही** बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा के कर्मचारियों की कार्यशैली से है लोगों में नाराजगी

# आजसू पार्टी के कार्यकर्ता गोलबंद, आंदोलन की दी चेतावनी

संवाददाता। नोवामुंडी

बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा के कर्मचारियों की कार्यशैली से नाराज आजसू पार्टी के कार्यकर्ता बुधवार को रेलवे मार्केट स्थित बैंक आफ इंडिया एटीएम मशीन के पास गोल बंद होकर नारेबाजी कर बैंक में बैंकों के कार्यों की कार्यशैली सुधारने का चेतावनी दी. इस दौरान मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह खूंटी जिला प्रभारी लाडले खान ने कहा कि आए दिन गुवा बाजार स्थित बैंक ऑफ इंडिया से खाता धारकों का रुपये गायब होने का मामला प्रकाश में लगातार अखबारों के माध्यम से सूचनाएं मिल रही हैं. बैंक प्रबंधन की लापरवाही के कारण लोगों के खातों से अचानक से रुपये गायब हो जाना एक बहुत ही बड़ी घटना है. साथ ही बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा के कर्मचारी खाता धारकों से कोई भी समस्या की समाधान के लिए बात की जाती है, तो वह सीधे मुंह बात ना कर उल्टे जवाब दिए जाते हैं. इस बैठक के माध्यम से आजसू पार्टी ऐलान करती है कि बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा के सभी कर्मचारी अपनी कार्यशैली को सुधारे वरना बहुत ही जल्द ही आजसू पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन कर आंदोलन किया जाएगा. ऐसी दुर्घटना बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा से ही ज्यादा देखने को मिल रही है. मेरा मानना है कि बैंक ऑफ इंडिया गुवा शाखा प्रबंधक की मिलीभगत से ही खाताधारकों के पैसे का स्कैम हो रहा है. जब खाताधारक बैंक प्रबंधन से खाते से उड़ाए गए रुपयों की जानकारी मांग की जाती है, तो शाखा प्रबंधक अपना पल्लू झाड़ते हुए आधार कार्ड का हवाला देकर खाताधारक को वापस अपने घर भेज देता है. अगर शाखा प्रबंधक पूरी जानकारी खाता से गायब हुए पैसों की नहीं दी जाती है, तो शाखा प्रबंधक के ऊपर एफआईआर दर्ज कर उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान मौके पर आंदोलन करने वालों में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सह खूंटी जिला प्रभारी लाडले खान, जिला सदस्य समीर शेख, पूर्व जिला आशु नेत्री कल्पना वावे, विनीता लोंगा, जैस्मिन पुष्टि, सुमन तांती, विनय नायक, पीयूष बानरा, ललित मोहंती सहित अन्य मौजूद थे.




### खास बातें

- प्रबंधक की मिलीभगत से खाताधारकों के पैसे का स्कैम हो रहा है
- बैंक कर्मचारी सीधे मुंह बात ना कर खाताधारकों को उल्टे जवाब देते हैं

▼ ब्रीफ खबरें

### नवादा में अपराधियों ने बस में लूटपाट की

**नवादा ।** नवादा में हथियार से लैस अपराधियों ने बुधवार की तड़के बस सवार यात्रियों से गहने, रुपये और मोबाइल लूट लिए. नकाबपोश बदमाशों ने हथियार के बल पर लूटपाट की और फरार हो गए. बस यात्रियों का आरोप है कि लूटपाट की सूचना दिए जाने के बावजूद भी पुलिस ने फोन नहीं उठाया. इस कारण अपराधी भागने में सफल रहे. पुलिस के इस रवैया से पीड़ितों में गुस्सा देखा जा रहा है. बस झारखंड के धनबाद से बिहारशरीफ जा रही थी. नवादा में कुछ यात्रियों को उतारने के लिए नवादा रजौली बस स्टैंड जा रही थी. इसी दौरान बदमाशों ने लूटपाट की.

### 663 सहायिका, 774 सेविका को किया मुक्त

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के 774 सेविका 663 सहायिका को हड़ताल पर रहने के कारण चयन मुक्त कर दिया गया है. उक्त कार्रवाई का आदेश आईसीडीएस के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी कविता कुमारी ने जारी किया है. जिसमें जिले के चार प्रखंड केसरिया, चकिया, मोतिहारी ग्रामीण व पीपराकोठी के सेविका और सहायिका शामिल है. इसके साथ ही जिले के कल्याणपुर, मेहसी, ढाका, तेतरिया, पताही व बनकटवा प्रखंड के सेविका व सहायिका से शोकॉज पूछा गया है. शोकॉज का जवाब नहीं देने पर उन सेविका व सहायिका पर चयनमुक्त करने की कार्रवाई की जायेगी.

### जहानाबाद में मछली कारोबारी की हत्या

**जहानाबाद ।** जिले के घोसी थाना क्षेत्र में एक मछली कारोबारी की बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी. पूरा मामला धामापुर टोला नूरपुर का है. मृतक की पहचान रविंद्र प्रसाद उर्फ बौधु यादव के रूप में की गई है. वह तालाब में मछली की रखवाली कर रहा था. मंगलवार की रात बदमाशों ने सात गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. हत्या की इस वारदात से पूरे गांव में हड़कंप मच गया है. घटना से नाराज ग्रामीणों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धामापुर गांव के समीप जहानाबाद-नालंदा सड़क मार्ग को जाम कर दिया. सड़क पर बिजली के पोल को रख दिया और हंगामा करने लगे.



पटना में बुधवार को स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार.

## कालचक्र मेले में शामिल होंगे दलाई लामा

- कालचक्र मैदान में दलाई लामा प्रवचन करते हैं, जिसमें 50 से 60 हजार श्रद्धालुओं के देश-विदेश से पहुंचने की संभावना जतायी जा रही है

**बोधगया : प्रशासन ने शुरू की तैयारी**

**संवाददाता ।पटना**

बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा 15 दिसंबर से बोधगया में होने वाले कालचक्र मेले में शामिल होंगे. वे करीब एक महीने तक बोधगया में प्रवास करेंगे. इस दौरान दलाई लामा कालचक्र मैदान में प्रवचन करेंगे. इस प्रवचन में विश्वभर के 60 हजार से अधिक बौद्ध श्रद्धालु शामिल होंगे. इधर, दलाई लामा के दिसंबर महीने में आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. गया डीएम डॉक्टर त्यागराज एसएम और एसएसपी



आशीष भारती ने बोधगया का दौरा किया. बोधगया में स्थित तिब्बती मोनेस्ट्री में केयर टेकर के साथ बैठक की और कई आवश्यक निर्देश दिए गए.

जिलाधिकारी डॉ त्याग राजन एसएम ने बताया कि दिसंबर माह में बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा का आगमन संभावित है. वे बोधगया में प्रवास करेंगे. कालचक्र मैदान में दलाई लामा प्रवचन करते हैं, जिसमें 50 से 60 हजार देश-विदेश के श्रद्धालुओं के आने की संभावना है. इसके अलावा महाबोधि मंदिर, सांस्कृतिक केंद्र बोधगया में महासंघ का कार्यक्रम निर्धारित है. इसमें कई राज्यों एवं देश के विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे. इसके अलावा प्रवास के दौरान महाबोधि मंदिर में दर्शन करने भी दलाई लामा जाते हैं. ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से पुख्ता रहेगी. इसे देखते हुए तिब्बती मिनिस्ट्री में बैठक की गई.

### आओ जानें
### सामान्य ज्ञान

- बिहार में बक्सर का युध्द कब हुआ था – 1764
- जल के उपचार में ओजोन की प्रक्रिया को कहते है – विसंक्रमण
- श्रीनगर की स्थापना किसने की थी – अशोक
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहां की विधानसभा के डिजिटल हाउस का उद्‌घाटन किया – गुजरात
- चौथी बौद्ध संगीति किसके शासनकाल में हुई थी – कनिष्क
- बिहार स्वराज दल के अध्यक्ष कौन थे – नारायण प्रसाद
- कहां पर बंदरों की सभी प्रजातियां पाई जाती हैं – मेडागास्कर
- होयसल वंश की राजधानी क्या थी – द्वारसमुद्र
- भारत ने किस देश को जी20 की अध्यक्षता सौंपी – ब्राजील
- 1937 में बिहार का पहला प्रधानमंत्री कौन बना – श्री कृष्ण सिंह

जंगल मे छापेमारी जारी, दूसरा हत्यारोपी कृष्ण रविदास अभी भी पुलिस के पकड़ से बाहर

# दारोगा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



फाइल फोटो

**संवाददाता ।नवादा**

जमुई जिले के गढ़ी थाना के सहायक थाना प्रभारी प्रभात रंजन के हत्यारे को मंगलवार की देर रात्रि पुलिस ने नवादा जिले के कौवाकोल थाने के महोलियाटांड़ इलाके से गिरफ्तार कर लिया है. वहीं दूसरा हत्यारा कृष्ण रविदास अभी भी पुलिस के पकड़ से बाहर है. जिसकी गिरफ्तारी के लिए नवादा तथा जमुई पुलिस संयुक्त रूप से छापेमारी कर रही है. कौवाकोल के घोर नक्सल प्रभावित इलाका महोलियाटांड़ के निकट से बालू का अवैध उठाव किया जा रहा था.

जमुई जिले के इलाके में अवैध बालू खनन को रोकने के उद्देश्य गढ़ी थाना के सहायक थाना प्रभारी प्रभात रंजन मंगलवार को उस इलाके में बालू भरे ट्रैक्टर को रोकना चाहा .लेकिन बालू माफियाओं ने ट्रैक्टर से दरोगा सहित दो पुलिस कर्मियों को रौंद दिया. जिसमें दारोगा प्रभात रंजन की मौत इलाज के दौरान हो गई. दो पुलिसकर्मी अभी जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं. नवादा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार छापेमारी के दौरान दारोगा का हत्यारा में मिथिलेश ठाकुर को गिरफ्तार कर लिया गया है. घटनास्थल उग्रवाद प्रभावित इलाके में है, जहां 10 वर्ष पूर्व एक दारोगा सहित 9 पुलिसकर्मियों की हत्या कर उग्रवादियों ने शस्त्र तक छीन लिए थे. इस इलाके में छापेमारी करना पुलिस के लिए अभी भी टेढ़ी खीर बताई जा रही है. पुलिस इस गिरफ्तारी को बड़ी सफलता मान रही है.

मुखिया प्रत्याशी की हत्या कर भाग रहे तीन अपराधियों को भीड़ ने दबोचा

## मॉब लिचिंग में दो अपराधी मारे गए,एक घायल

**संवाददाता ।रोहतास**



रोहतास में दिनदहाड़े हत्या कर भाग रहे दो अपराधियों को अपराधियों को भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला. वहीं तीसरे अपराधी की हालत गंभीर है. घटना सूर्यपुरा थानाक्षेत्र के कल्याणी गांव के समीप शिवबहार पंचायत के नीमा गांव की है. बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह मुखिया प्रत्याशी रह चुके विजेंद्र सिंह को बाइक सवार तीन अपराधियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. लोगों की भीड़ लग गई. इधर, घटना के बाद सफेद रंग की अपाची बाइक से तीन अपराधी भागने लगे. इस दौरान तीनों हवाई फायरिंग करने लगे. इसमें एक युवक को गोली लगने की बात सामने आ रही है. आक्रोशित लोगों ने बाइक सवार अपराधियों को दबोच लिया. गुस्साए लोग तीनों को बेरहमी से पीटने लगे. तब तक पीटते रहे जब तक तीनो बेहोश नहीं हो गए. इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को छुड़ाया. पुलिस ने तीनों को अस्पताल ले गई. यहां डॉक्टरों ने दो अपराधी को मृत घोषित कर दिया.

**पूरे इलाके में दहशत का माहौल :** घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल व्याप्त है. वहीं इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद है. मामले में रोहतास एसपी विनीत कुमार ने बताया कि विजेंद्र सिंह नामक एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. घटना के बाद कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है. घटनास्थल पर पुलिस के वरीय पहुंचकर मामले की तहत तफ्तीश कर रहे हैं. फिलहाल रोहतास एसपी विनीत कुमार मॉब लिंचिंग में दो अपराधियों की मौत की पुष्टि नहीं कर रहे हैं.

भागलपुर-जयनगर ट्रेन में हादसा

## इंटरसिटी एक्स. में धमाका दो घायल, एक गिरफ्तार

**समस्तीपुर ।** समस्तीपुर जंक्शन पर बुधवार को भागलपुर-जयनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस के जनरल बोगी में धमाका हुआ, जिसमें दो लोग घायल हो गए. वहीं एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया, जिसे पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया. रेल पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने बताया कि दरभंगा रेल थाना और आरपीएफ को घटना की तुरंत सूचना दी गई.

इसके आधार पर दरभंगा स्टेशन पर उक्त गाड़ी में यात्रा कर रहे बैग वाले व्यक्ति को ट्रेन से ही पूछताछ करने के लिए थाने पर रोक कर रखा गया. पूछताछ के क्रम में उसकी पहचान अरविंद मंडल के रूप में हुई. उसके पास से दिल्ली से बरौनी एवं बरौनी से सकरी का ट्रेन का टिकट पाया गया. उसके हाथ में हल्का जख्म है. पूछताछ में उसने बताया कि करीब 250 ग्राम बारूद पटाखे के लिए दिल्ली से ला रहे थे. उसे दरभंगा से समस्तीपुर लाने की प्रकिया तथा विस्तृत पूछताछ कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है.

## बिहार-झारखंड का वांटेड सुपारी किलर कारू सिंह गिरफ्तार

**पटना ।** बिहार-झारखंड के वांटेड सुपारी किलर कारू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. कुख्यात अपराधी को पटना जिले के मोकामा से पकड़ा गया है. बिहार-झारखंड-बंगाल में कारू सिंह पर हत्या, लूट, रंगदारी सहित दर्जनभर से अधिक मामले थाने में दर्ज हैं. मोकामा पुलिस गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ कर रही है. बता दें कि कारू सिंह पर झारखंड के रांची और बोकारो थाने में भी हत्या के कई मामले दर्ज हैं. झारखंड और बिहार दोनों पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी. लेकिन वह फरार चल रहा था. राकेश कुमार उर्फ कारू सिंह सुपारी किलर का काम करता है.

**मोकामा पुलिस को मिली बड़ी सफलता :** मोकामा थाना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस और एक्स (ट्वीट) कर यह जानकारी दी है. पुलिस ने एक्स पर लिखा कि मोकामा थाना में टॉप 10 अपराधियों की सूची में शामिल और बिहार-झारखंड में हत्या, लूट, डकैती, रंगदारी जैसे गंभीर दर्जनों कांडों में वांछित अभियुक्त राकेश कुमार उर्फ कारू सिंह को बाढ़ से गिरफ्तार किया गया.

## कारोबार

### भारत का निर्यात अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** भारत का निर्यात इस साल अक्टूबर में 6.21 प्रतिशत बढ़कर 33.57 अरब अमेरिकी डॉलर रहा. बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर 2022 में यह 31.6 अरब अमेरिकी डॉलर था. समीक्षाधीन महीन में आयात भी बढ़कर 65.03 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जबकि अक्टूबर 2022 में यह 57.91 अरब अमेरिकी डॉलर था. देश का व्यापार घाटा अक्टूबर में 31.46 अरब डॉलर रहा. चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-अक्टूबर अवधि में निर्यात सात प्रतिशत घटकर 244.89 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया.

### ऑटो के शेयर 8% उछाल के साथ हुए सूचीबद्ध

**नयी दिल्ली ।** एएसके ऑटोमोटिव के शेयर बुधवार को निर्गम मूल्य 282 रुपये के मुकाबले आठ प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ सूचीबद्ध हुए. बीएसई पर शेयर ने निर्गम मूल्य से 8.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 304.90 रुपये पर शुरुआत की. फिर 10.54 प्रतिशत बढ़कर 311.75 रुपये पर पहुंच गए. एनएसई पर यह 7.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 303.30 रुपये पर सूचीबद्ध हुए. कंपनी का शुरुआती कारोबार में बाजार मूल्यांकन 6,022.71 करोड़ रुपये रहा. एएसके ऑटोमोटिव के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम को 51.14 गुना अभिदान मिला था.

### एक्यूस को एयरबस से मिला ठेका

**मुंबई ।** एयरोस्पेस घटक निर्माता कंपनी एक्यूस को ए 320 फेमिली, ए 330 नियो और ए 350 विमानों के लिए महत्वपूर्ण घटकों की आपूर्ति का यूरोपीय विमान प्रमुख एयरबस से एक ठेका मिला है. एक्यूस के अनुसार, समझौते की शर्तों के तहत एक्यूस इन विमानों के लिए पंख, धड़ और 'पायलॉन' के लिए 'बेंच असेंबली' वाले हिस्से बनाएगी. यह ठेका 10 साल से अधिक समय का है. एक्यूस के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरविंद मेलिगेरी ने कहा कि वैश्विक ओईएम का लंबे समय के लिए संबंध स्थापित करना उसके एक्यूस में विश्वास

भारत, अमेरिका सहित आईपीईएफ के सदस्यों ने समझौते पर किए हस्ताक्षर

# भारत जैसे सदस्य देशों की चीन पर निर्भरता कम करने में मिलेगी मदद

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

भारत, अमेरिका और आईपीईएफ समूह के 12 अन्य सदस्यों ने आपूर्ति श्रृंखला में लचीलापन लाने संबंधी एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं. इससे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उत्पादन केंद्रों के संभावित स्थानांतरण और आपूर्ति श्रृंखला के झटकों से होने वाले आर्थिक व्यवधानों के जोखिमों को कम करने में मदद मिलेगी. समझौते पर सैन फ्रांसिस्को में हस्ताक्षर किए गए.

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी की मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए अभी सैन फ्रांसिस्को में हैं. इस समझौते से भारत जैसे सदस्य देशों की चीन पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी. कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से बाधित किया, क्योंकि अधिकतर देश दवा संबंधी कच्चे माल जैसे विभिन्न



उत्पादों के लिए चीन पर निर्भर हैं. गोयल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बुधवार को लिखा, भारत ने अमेरिका और 12 अन्य आईपीईएफ भागीदारों के साथ आईपीईएफ सप्लाई चैन रेजिलेंस एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए. यह अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय समझौता है जो वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करेगा और अनुकूलनशीलता तथा स्थिरता को बढ़ावा देगा.

समूह के सदस्यों ने इस समझौते पर इस साल 27 मई को डेट्रॉयट में बातचीत संपन्न की थी. इस समझौते से आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण, निवेश जुटाना, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की बेहतर पहुंच, एमएसएमई को समर्थन और एक निर्बाध क्षेत्रीय व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने में मदद मिलेगी, जो भारतीय उत्पादों के प्रवाह को सुविधाजनक बनाएगा. वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, समझौते पर मंत्री ने अन्य आईपीईएफ भागीदार देशों के मंत्रियों के साथ हस्ताक्षर किए. बयान के अनुसार, इस समझौते से आईपीईएफ आपूर्ति

**मिलेगी मदद**

- आपूर्ति श्रृंखला में लचीलापन आएगा, कारोबार बढ़ेगा
- कोविड ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला को बाधित किया

श्रृंखला के अधिक लचीला, मजबूत तथा अच्छी तरह से एकीकृत होगी. इसके पूरे क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि तथा प्रगति में योगदान देने की उम्मीद है.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गोयल ने आईपीईएफ के सामूहिक लक्ष्यों को साकार करने के लिए सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया- खासकर स्वच्छ अर्थव्यवस्था की ओर बदलाव के लिए किफायती वित्तपोषण जुटाने और प्रौद्योगिकी सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर. उन्होंने भारत द्वारा सुझाए गए जैव-ईंधन गठबंधन सहित आईपीईएफ के तहत परिकल्पित सहकारी कार्यों के शीघ्र कार्यान्वयन का भी आग्रह किया.

### शेयर बाजार में मजबूती, सेंसेक्स 600 अंक चढ़ा, निफ्टी 19600 के पार

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

बुधवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स करीब 550 अंक चढ़कर 65,450 के पार पहुंच गया.



निफ्टी भी करीब 150 अंकों की मजबूती के साथ 19600 के लेवल पर ट्रेड करता दिखा. शेयर बाजार की तेजी में बैंकिंग, आईटी और मेटल सेक्टर के शेयरों में मजबूती का योगदान रहा. मंगलवार की बंदी के बाद शेयर बाजार बुधवार को मजबूती के साथ खुले. अच्छे ग्लोबल संकेतों के चलते प्रमुख इंडेक्स हरे निशान पर कारोबार करते दिखे. बुधवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स करीब 600 अंक चढ़कर 65,500 के पार पहुंच गया. निफ्टी भी करीब 150 अंकों की मजबूती के साथ 19600 के लेवल पर ट्रेड करता दिखा. बाजार की तेजी में बैंकिंग, आईटी और मेटल सेक्टर के शेयरों में मजबूती का योगदान रहा. निफ्टी में हिंडाल्को का शेयर टॉप गेनर के रूप में कारोबार करता दिखा. सोमवार को बीएसई सेंसेक्स 325 अंक कमजोर होकर 64,933 के स्तर पर बंद हुआ था.

नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा-

## आज देश में बिकने वाला हर मोबाइल हैंडसेट भारत निर्मित



**एजेंसी ।नई दिल्ली**

नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि इस साल यानी 2023 में भारतीय बाजार में बिकने वाले लगभग 100 फीसदी मोबाइल 'मेड इन इंडिया' थे. वहीं, पिछले साल यह आंकड़ा 98 फीसदी था. कांत का यह बयान ऐसे समय में आया है जब पीएम नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच मोबाइल निर्माण को लेकर सियासी वार-पलटवार हुआ है.

भारत के जी-20 के शेरपा कांत मंगलवार को यहां जी-20 दिल्ली शिखर सम्मेलन समावेशी विकास और वैश्विक दक्षिण का उदय विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. बाद में उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा कि 2014 में भारत की लगभग 81 फीसदी मोबाइल हैंडसेट की मांग चीनी आयात से पूरी होती थी. लेकिन आज हालात बदल गए हैं और वर्तमान में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है.

2014-2022 के दौरान भारत में 2 अरब से अधिक मोबाइल हैंडसेट का निर्माण हुआ. उन्होंने आगे कहा कि 2023 में भारत में मोबाइल हैंडसेट निर्माण का आंकड़ा 27 करोड़ को पार कर जाएगा. उन्होंने अपनी पोस्ट में यह भी कहा कि वर्तमान में भारत में निर्मित होने वाले 20 फीसदी मोबाइल हैंडसेट का निर्यात किया जाता है. 2014 से 2022 के दौरान देश में मोबाइल का विनिर्माण 23 फीसदी चक्रवृद्धि वार्षिक दर से बढ़ा है.

**संकेत मिले** एक साल पहले की तुलना में 4.6% बढ़ा, जबकि खुदरा बिक्री में 7.6% की वृद्धि हुई

# अक्टूबर में चीन की अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत

**भाषा ।बीजिंग**

चीन की अर्थव्यवस्था में अक्टूबर में सुधार के संकेत दिखे. खुदरा बिक्री और विनिर्माण में तेजी आई है, हालांकि संपत्ति क्षेत्र सुस्त बना हुआ है. सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी. अक्टूबर में फैक्टरी उत्पादन एक साल पहले की तुलना में 4.6 प्रतिशत बढ़ा, जबकि खुदरा बिक्री में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई. हालांकि, रियल एस्टेट निवेश में 9.3 प्रतिशत की गिरावट आई. अधिकारियों ने स्वीकार किया कि उद्योग अब भी समायोजन स्थापित करने की कोशिश कर रहा है.

दो साल पहले कई डेवलपर द्वारा अत्यधिक उधार लेने और फिर वैश्विक महामारी की मार के कारण



उद्योग संकट में आ गया. निर्यात की वैश्विक मांग के लड़खड़ाने और संपत्ति क्षेत्र की हालत और खराब होने से चीन की अर्थव्यवस्था गर्मियों में धीमी पड़ गई थी.

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर में अर्थव्यवस्था 4.9 प्रतिशत की वार्षिक गति से बढ़ी, जो विश्लेषकों के करीब 4.5 प्रतिशत के पूर्वानुमान से बेहतर है. हालांकि यह पिछली तिमाही की 6.3 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दर से बहुत कम है. दुनिया की नंबर दो अर्थव्यवस्था फिर से गति पकड़ रही है. चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग कैलिफोर्निया में 'पैसिफिक रिम' शिखर सम्मेलन के मौके पर बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मुलाकात करेंगे. इससे भी लोगों को काफी उम्मीद हैं. राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के प्रवक्ता लियू एहुआ ने बीजिंग में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान चीन द्वारा वृद्धि के नए मॉडल को अपनाने पर बार-बार जोर दिया. उन्होंने कहा, प्रभावी नीतियों के तहत अर्थव्यवस्था में सुधार जारी है, हालांकि इसकी वृद्धि में प्रगति कठिनाई भरी है.

रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता खर्च वृद्धि को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. जनवरी-अक्टूबर में आर्थिक वृद्धि में खपत का योगदान 83.2 प्रतिशत रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि से छह प्रतिशत अधिक है. लियू ने कहा कि शहरवासियों और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों की आय के बीच व्यापक अंतर देखते हुए वृद्धि की पर्याप्त गुंजाइश है. वहीं वाहन उद्योग ने बेहतर प्रदर्शन किया. सालाना आधार पर अक्टूबर में यात्री कारों की बिक्री 10.2 प्रतिशत बढ़ी. निर्माताओं का प्रचार बढ़ाना और ग्राहकों का इलेक्ट्रिक तथा हाइब्रिड वाहनों की ओर आकर्षित होना इसकी मुख्य वजह रही. चाइना पैसेंजर कार एसोसिएशन की पिछले सप्ताह जारी रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर में यात्री कारों का निर्यात करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 391,000 इकाई हो गया. इस साल यह 66 प्रतिशत बढ़कर 30 लाख इकाई से अधिक रहा है. अक्टूबर में कुल बेरोजगारी पांच प्रतिशत रही. सरकार ने युवा श्रमिकों में बेरोजगारी की मासिक दर जारी करना बंद कर दिया है. इसके 20 प्रतिशत के ऊपर पहुंचने के बाद इसे जारी करना बंद की गई.

## टाटा टेक्नोलॉजी का आईपीओ 22 नवंबर से बाजार में आएगा

- टाटा समूह आखिरी बार 2004 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) का आईपीओ लेकर आया था

**एजेंसी ।नई दिल्ली**

टाटा समूह 20 साल बाद फिर शेयर बाजार में उतर रहा है. समूह की कंपनी टाटा टेक्नोलॉजी का आईपीओ 22 नवंबर को खुलकर 24 नवंबर को बंद होगा. टाटा टेक टाटा मोटर्स की इकाई है. आईपीओ में टाटा मोटर्स 11.4 फीसदी हिस्सा बेचेगी. कंपनी ने 3,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है. टाटा टेक के इश्यू में अल्फा टीसी 2.4 फीसदी और टाटा कैपिटल ग्रोथ फंड 1.2 फीसदी हिस्सा बेचेगी.

टाटा समूह आखिरी बार 2004 में




टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेस (टीसीएस) का आईपीओ लेकर आया था. सरकारी कंपनी इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (इरेडा) का आईपीओ 21 नवंबर से खुलकर 23 नवंबर को बंद होगा. एंकर निवेशक 20 नवंबर को पैसा लगा सकेंगे. कंपनी ने 30-32 रुपये का भाव तय किया है. पिछले साल मई में एलआईसी के बाद यह किसी सरकारी कंपनी का पहला आईपीओ है.

# प्रधानमंत्री की यात्रा के मायने

प्रधानमंत्री ने 2022 में बिरसा मुंडा की याद में जनजातीय गौरव दिवस भोपाल में मनाया था. एक साल बाद वे बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू आए. प्रधानमंत्री की यात्रा केवल प्रतीक भर नहीं होती, बल्कि उसके कुछ निहित राजनैतिक संदेश भी होते हैं. प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के लिए एक विशेष योजना कमजोर जनजातीय समूह मिशन की शुरुआत करने का भी एलान किया है और उसके साथ ही झारखंड को भी कुछ सौगात दिए. बिरसा मुंडा की याद के सांस्कृतिक मायनों के साथ ही आज की राजनीति के लिए भी कुछ संकेत मिले हैं. पहला संकेत तो यही है कि प्रधानमंत्री की झारखंड यात्रा पांच राज्यों में जारी चुनाव के बीच हुई है. प्रधानमंत्री मध्यप्रदेश के इंदौर से रोड शो खत्म कर रांची आए और रोड शो किया. इसके साथ ही चुनाव के बीच ही देश भर के आदिवासियों के लिए एक विशेष योजना का एलान किया. चुनावी आचार संहिता के बावजूद योजनाओं का एलान अब नयी बात नहीं रह गयी है. जिन राज्यों में चुनाव हो रहे हैं, उन सभी में आदिवासियों की महत्ता सर्वविदित है. ऐसे में प्रधानमंत्री ने खूंटी से देश भर के और खास कर चुनावी राज्यों के आदिवासियों को संदेश देने का प्रयास किया है. छत्तीसगढ़ के बस्तर में तो चुनाव संपन्न हो चुका है, लेकिन दूसरे दौर का चुनाव शेष है, जिनमें आदिवासियों की बड़ी भूमिका है. इसी तरह मध्यप्रदेश और राजस्थान के आदिवासियों को भी प्रधानमंत्री ने झारखंड से संदेश देने का प्रयास किया है कि वे आदिवासियों के सबसे बड़े हिमायती हैं. भाजपा और कांग्रेस के बीच आदिवासी, दलित और ओबीसी वोट को आकर्षित करने की जबरदस्त प्रतिस्पर्धा चल रही है. कांग्रेस के नेता राहुल गांधी तो आदिवासी शब्द की महत्ता खत्म कर आदिवासियों की पहचान मिटाने का सवाल उठा रहे हैं. दूसरी ओर भाजपा कांग्रेस को आदिवासी, दलित और ओबीसी के विकास में बाधा बताने की जंग कर रही है. राजनीति की इन प्रतिस्पर्धाओं से परे आदिवासियों की कुछ सांस्कृतिक अस्मिता से जुड़े सवाल भी हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता. इन सवालों को संबोधित करती राजनीति आजकल दिखती नहीं है. आदिवासियों का सवाल सिर्फ आर्थिक प्रगति तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भाषा, संस्कृति और जीवनशैली के सवाल भी उससे जुड़े हैं. इसके साथ ही आदिवासियों के भीतर प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग को ले कर भी अनेक आशंकाएं हैं. मुख्यधारा पार्टियों के लिए एक बड़ी चुनौती है कि वह आदिवासियों की सदियों की वंचना की ऐतिहासिकता से रूबरू हों और उसी नजरिए से अपनी नीतियों को अंजाम दें. आज की दुनिया में जिस तरह की आर्थिक चुनौतियां उभरीं हैं, उससे पूरी दुनिया के आदिवासियों की शिकायत रही है. देखना है कि प्रधानमंत्री की यात्रा के बाद आदिवासी-झारखंडी विमर्श में नयापन किस तरह आकार ग्रहण करेगा. आदिवासियों की वंचना खत्म होनी ही चाहिए और उनकी अस्मिता को भी महत्व मिलना चाहिए.

> भाजपा और कांग्रेस के बीच आदिवासी, दलित और ओबीसी वोट को आकर्षित करने की जबरदस्त प्रतिस्पर्धा चल रही है. कांग्रेस के नेता राहुल गांधी तो आदिवासी शब्द की महत्ता खत्म कर आदिवासियों की पहचान मिटाने का सवाल उठा रहे हैं.

## सुभाषित

**यदि सन्ति गुणाः पुंसां विकसन्त्येव ते।**
**स्वयं न हि कस्तुरिकामोदः शपथेन विभाव्यते।।**

मनुष्य के गुण अपने आप फैलते हैं, बताने नहीं पडते. जिसतरह, कस्तूरी का गंध सिद्ध नहीं करना पड़ता. अभिप्राय यह कि किसी भी मनुष्य का शील-स्वभाव और गुण छिपाये नहीं छिपते. सहज ढंग से ही आसपास के लोगों पर छा ही जाते हैं.

# नीतीश का मास्टरस्ट्रोक, बनेगा बड़ा मुद्दा

**नीतीश कुमार ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को 2024 में अपदस्थ करने के लिए सबसे पहले बड़ी पहल करते हुए इंडिया गठबंधन के गठन में अहम भूमिका निभाई. अपने राज्य में जातीय जनगणना करवा कर इतिहास रचा. अब जातियों का आर्थिक सर्वे विधानसभा में पेश करने के ठीक बाद पिछड़ों और अतिपिछड़ों को मिलने वाले आरक्षण में 10 फीसदी का इजाफा करके ऐसा मास्टरस्ट्रोक चला है कि आने वाले समय में यह भाजपा के कमंडल पर मंडल को भारी अवश्य करेगा.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

बिहार के जरिए एक के बाद एक मास्टरस्ट्रोक लगाए जा रहे हैं. जातिगत जनगणना की जब बात शुरू हुई थी तो इसको काफी चुनौती दी गयी थी. बावजूद इसके, तकनीकी तौर पर इसको सर्वेक्षण कहते हुए इसके आंकड़े भी जारी कर दिए गए. उसके बाद बिहार और पूरे देश में एक बहस ये शुरू हुई कि फलां जाति की संख्या घट गयी, तो फैलाने की बढ़ गयी. इस पर 7 नवंबर को नीतीश कुमार ने तार्किक जवाब दिया कि जब अभी के पहले जातिगत गणना हुई ही नहीं (1931 के अलावा) तो कोई कैसे कह सकता है कि वह घट गया या बढ़ गया? जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े जारी कर नीतीश ने राष्ट्रीय राजनीति में भूचाल तो ला ही दिया है. भाजपा नीतीश के इस दांव से असहज महसूस कर रही है. इससे भी आगे बढ़ते हुए विधानसभा में नीतीश ने 75 फीसदी आरक्षण की बात कह कर तुरुप का दांव चल दिया है. भाजपा अचानक से यूनिफॉर्म सिविल कोड पर असमंजस में आ गयी. कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अचानक लगा जैसे उनको अलादीन का जिन्न और जिन्न का पिटारा मिल गया है. वे पूरे देश में उस पिटारे को लेकर घूम रहे हैं. इसके बाद आरक्षण की सीमा को बढ़ाने का मास्टरस्ट्रोक है, जो निश्चित तौर पर पूरे देश में बड़ा मुद्दा बनेगा. इससे पहले भी संभावना तो थी ही कि ये लोग समाजवादी हैं, लोहिया के शिष्य हैं और लोहिया ने तो बहुत पहले 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' का नारा दिया था तो यह होना ही था. ऐन चुनाव के वक्त जब लोकसभा चुनाव तीन-चार महीने में होना है तो एक तरफ जातिगत सर्वेक्षण और दूसरी तरफ आरक्षण में बढ़ोतरी, यह कह कर नीतीश ने एक नया राग तो छेड़ ही दिया है. अब इसके राजनीतिक-सामाजिक निहितार्थ, पॉलिटिकल माइलेज वगैरह की व्याख्या होती रहेगी, लेकिन नीतीश कुमार ने बहुत चालाकी से कहें या तार्किक तौर से अपने पत्ते खोले हैं. वह जनता के बीच एक संदेश देने में तो सफल हो गए हैं कि वह जो मांग कर रहे हैं, वह तार्किक है.

यही नहीं, नीतीश कुमार की यह चाल मात्र जुमला नहीं है. वह पिछड़ों-अतिपिछड़ों को आरक्षण में बढ़ोतरी की सिर्फ बात नहीं कर रहे, बल्कि इसे कैबिनेट से पास करके जल्द ही विधानसभा से पास करवा लेंगे. हमें नहीं भूलना चाहिए कि तमिलनाडु में अभी आरक्षण की सीमा 69 फीसदी है और सुप्रीम कोर्ट की सीलिंग जो 50 फीसदी आरक्षण की है, उसके बाद भी यह किया गया है, यानी इसका रास्ता बनाया गया, निकाला गया है. मोदी सरकार ने जो 10 फीसदी ईडब्ल्यूएस आरक्षण दिया, उसको सुप्रीम कोर्ट ने वैलिडेट भी किया था और इसी आधार पर वैलिडेट किया कि वह आरक्षण की जो मूल भावना या धारणा है, उससे अलग एक व्यवस्था की गयी. उसका आधार केवल आर्थिक बनाया गया. पहले से जो आरक्षण चल रहा है, उसमें आर्थिक आधार के साथ शैक्षिक, सामाजिक, सांस्कृतिक सभी तरह के पिछड़ापन हैं, जिनको आधार बना कर पिछले 60-70 वर्षों से आरक्षण दिया जा रहा है. जिन कानूनी पेंचों पर हम बात कर रहे हैं, उसका भी एक नियम हमें तमिलनाडु में दिखता है, वहां बाकायदा 69 फीसदी आरक्षण है. अब शायद कुल 75 फीसदी आरक्षण देनेवाला देश का पहला राज्य बन जाएगा.

वहां 1993 में सर्व-सहमति से द्रमुक-अन्नाद्रमुक ने यह प्रस्ताव विधानसभा से पारित कर राष्ट्रपति के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा. इतना ही नहीं, उसको संविधान के शेड्यूल 9 में शामिल करवाया. यह वह व्यवस्था है, जिसमें शामिल होने के बाद किसी भी कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती है. सुप्रीम कोर्ट की जो 50 फीसदी की लक्ष्मण रेखा है, वह अपनी जगह है, लेकिन अगर राज्य और केंद्र सरकारें चाहें और राष्ट्रपति अगर उस पर हस्ताक्षर करें तो बिहार में भी 75 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की जा सकती है. फिर, वहां सुप्रीम कोर्ट की वह व्यवस्था आड़े नहीं आएगी. आपको पता होना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में तो 76 फीसदी आरक्षण का प्रस्ताव पारित कर राज्यपाल के पास भेजा गया है, भले ही उसको अनुमोदन अभी नहीं मिला है. अब वह तो समीकरणों पर निर्भर करता है. जिस दिन राज्य और केंद्र सरकार के बीच सही समीकरण बन गए तो बहुत आसानी से यह पारित हो सकता है. हमारे पास तमिलनाडु का अच्छा उदाहरण है.

नीतीश कुमार ने यह दांव बहुत समय पर और बहुत सूझबूझ से चला है. यह निश्चित तौर पर राष्ट्रव्यापी मुद्दा बनेगा और आगामी लोकसभा चुनाव में यही मसला भी रहेगा. यह मांग एक कदम आगे बढ़ कर निजी क्षेत्र में भी जाएगा. हरियाणा सरकार ने स्थानीय समुदाय को निजी क्षेत्र में 75 फीसदी आरक्षण का कानून भी बनाया है, हालांकि वह भी अभी पारित नहीं हो सका है. राहुल गांधी पिछले एक साल से यही काम कर रहे हैं. नीतीश कुमार मुद्दा उछालते हैं और राहुल गांधी उसे पूरे देश में उठाते हैं. कास्ट सेंसस बिहार से उठा और राहुल गांधी उसे मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से लेकर हरेक जगह उठा रहे हैं. अब यह बात दीगर है कि कर्नाटक और छत्तीसगढ़ ने जातिगत सर्वेक्षण करवा भी लिया है, लेकिन उसके नतीजे जाहिर नहीं कर रहे हैं. आरक्षण की मांग तो उठनी ही है. इसका फंडामेंटल कारण वही है कि लोग जनसंख्या और उस हिसाब से हिस्सेदारी की मांग करेंगे. इसीलिए, दक्षिण बनाम उत्तर भारत की राजनीति जब हम देखते हैं तो उत्तर भारत बहुत पीछे नजर आता है. इसीलिए 30 साल पहले तमिलनाडु में 69 फीसदी आरक्षण हो सका, अभी तक उत्तर प्रदेश और बिहार में नहीं हुआ है. वैसे भी, इतिहास खुद को दोहराता ही है, यह तो कहा ही जाता है.

• बोधि-वृक्ष | डॉ. सत्यकेतु संजय



## मीरा का हठ

प्रतिदिन की तरह मीरा पूजा सम्पन्न कर श्याम कुंज में बैठी भजन गा रही थी. मां वीरकुंवरी जी आईं तो ठाकुर जी को प्रणाम करके बैठ गई. मीरा ने भजन पूरा होने पर तानपुरा रखते समय माँ को देखा तो चरणों में सिर रखकर प्रणाम किया. मां ने जब बेटी का अश्रुसिक्त मुख देखा तो पीठ पर स्नेह से हाथ रखती हुई बोलीं- मीरा ! क्या भजन गा गा कर ही आयु पूरी करनी है बेटी? जहां विवाह होगा, वे लोग क्या भजन सुनने के लिए तुझे ले जायेंगे? मीरा ने कहा कि जिसका ससुराल और पीहर एक ही ठौर हो भाबू! उसे चिन्ता करने कीक्या आवश्यकता है? मां ने कहा- मैं समझी नहीं बेटी! मीरा ने सरलता से कहा- महलों में मेरा पीहर है और श्याम कुन्ज ससुराल. उसकी बात सुनकर मां झुंझला उठी. उसने उसी मुद्रा में कहा- तुझे कब समझ आयेगी बेटी! कुछ तो जगत व्यवहार सीख. बड़े बड़े घरों में तुम्हारे सम्बन्ध की चर्चा चल रही है. इधर रनिवास में हम लोगों का चिन्ता के मारे बुरा हाल है. यह रात दिन गाना-बजाना, पूजा पाठ और रोना धोना... इन सबसे संसार नहीं चलता. ससुराल में सास ननद का मन रखना पड़ता है, पति को परमेश्वर मानकर उसकी सेवा टहल करनी पड़ती है. मीरा! सारा परिवार तुम्हारे लिए चिन्तित है. मीरा पूरे आत्मविश्वास के साथ बोली- भाबू ! पति परमेश्वर है, इस बात को तो आप सबके व्यवहार को देखकर मैं समझ गई हूं. ये गिरधर गोपाल मेरे पति ही तो हैं और मैं इन्हीं की सेवा में लगी रहती हूं, फिर आप ऐसा क्यों फरमाती हैं? माता जी अब थोड़े गुस्सा और दुःख के मिश्रित भाव में बोली- अरे पागल लड़की! पीतल की मूरत भी क्या? किसी का पति हो सकती है? मैं तो थक गई हूं. भगवान ने एक बेटी दी, वह भी आधी पागल. मीरा ने माता जी को सांत्वना देने की कोशिश की- माँ ! आप क्यों अपना जी जलाती हैं, सोच-सोच कर. बाबो शा ने मुझे बताया है कि मेरा विवाह हो गया है. अब दूसरा विवाह नहीं होगा. माता जी ने चौंक कर पूछा- कब हुआ तेरा विवाह? हमने तो न देखा, न सुना. कब हल्दी चढ़ी, कब बारात आई, कब विवाह-विदाई हुई? न ही किसी ने कन्यादान किया? यह तुझे बाबो शा ने ही सिर पर चढ़ाया है.

# नागरिकों के स्वास्थ्य की गारंटी जरूरी

• सेहत

लक्ष्मी दास

बहुत से विकसित देश ऐसे हैं, जहां नागरिकों को स्वास्थ्य की गारंटी है. नागरिक यदि बीमार होता है तो उसका इलाज वहां की सरकार की जिम्मेदारी होती है. भारत में ऐसी सुविधा नहीं है. भारत की केंद्रीय या प्रांतीय सरकारों की वित्तीय प्रतिबद्धताएं इतनी व्यापक हैं और साधन इतने सीमित कि यहां सरकारें अपने नागरिकों को स्वास्थ्य की गारंटी देना भी चाहें तो नहीं दे सकतीं. गरीबी और विषमता के कारण सामाजिक योजनाओं पर इतना अधिक खर्च हो जाता है कि विकास कार्यों के लिए ही आवश्यक साधन उपलब्ध नहीं हो पाते. ऐसे में स्वास्थ्य की गारंटी तो दूर की बात है. सरकारों के पास पैसा टैक्स से आता है. हमारी मानसिकता ऐसी है कि टैक्स लगे ही नहीं और यदि लग ही जाए तो उसे कैसे बचाया जाए. सभी इसी जुगाड़ में लगे रहते हैं. अब यदि टैक्स लगेगा ही नहीं या टैक्स उगाही नहीं होगी तो सरकार के खजाने में पैसा कहां से आएगा. करदाताओं की शिकायत भी उचित ही है, क्योंकि करदाताओं की संख्या, कुल आबादी के अनुपात में बहुत कम है. इसीलिए टैक्स लगाना, टैक्स न देना, टैक्स उगाहना यह समस्या बनी ही रहती है. नतीजे में सरकार के खजाने में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए साधनों की सीमा बाधक ही बनी रहती है. ऐसे में वह स्वास्थ्य गारंटी जैसे विषय पर कब और कैसे सोच सकती हैं. रोग मुक्त भारत कैसे बनेगा? एक रास्ता दिखता है कि शरीर की जांच और रोग का इलाज सस्ता हो जाए, लेकिन ये दोनों तो अब सस्ते होने से रहे. न तो शरीर की जांच सस्ती होगी, न दवाइयां सस्ती होंगी, न डॉक्टर सस्ते होंगे और न बीमारी का इलाज ही सस्ता होगा. तो फिर क्या किया जाए? एक ही तरीका बचता है कि लोग बीमार ही नहीं हों. ऐसे में दुर्घटनाओं आदि को छोड़कर इलाज की आवश्यकता को कम किया जा सकता है. ऐसे रास्ते खोजने होंगे कि व्यक्ति बीमार हो ही नहीं. यह तरीका तो था, लेकिन हमारा खान-पान ही हमारे हाथ में नहीं रहा. दूसरे आज खाने की वस्तुएं इतनी आसानी से उपलब्ध हैं कि हम हर रोज आवश्यकता से अधिक खाते हैं. वे जिनको नहीं मिलता, भूख से परेशान हैं. हमारे देश में कुछ सहज परंपराएं थीं जो व्यक्ति को बीमार नहीं होने देती थीं. गांव-गांव में, मोहल्ले-मोहल्ले में अखाड़े थे. इन अखाड़ों से निकले हुए सभी लोग पहलवान नहीं बन जाते थे, लेकिन बचपन में कुश्ती, कसरत की जो आदत बन जाती थी, वह लंबे समय तक साथ रहती थी, जिस कारण बीमारी कम होती थी. गांव-गांव में, तालाबों की भरपूर संख्या होती थी. लोग पानी में जाकर पानी का व्यवहार करते थे. तालाबों में तैरना सहज आदत बन जाती थी. खेतों में जमीन का स्पर्श मिलता था तो मिट्टी चिकित्सा हो जाती थी. अनाज, फल, सब्जियों में रासायनिक खाद और कीटनाशकों का इस्तेमाल नहीं होता था तो लोगों को हानि-रहित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो जाते थे. आज तो स्थिति यह है कि यदि मैं तय करूं कि मात्र लौकी ही खानी है तो भी मैं सुरक्षित नहीं हूं, क्योंकि लौकी के उत्पादन में कितना रासायनिक खाद, कीटनाशक इस्तेमाल हुआ है, इसकी कोई सीमा ही नहीं है. इसलिए लौकी खाते-खाते भी शरीर बुरी तरह से बिगड़ जाता है. अतः हमें फिर से प्रकृति की ओर मुड़ना होगा, प्राकृतिक जीवन पद्धति अपनानी होगी. अन्न उत्पादन में और अन्न का इस्तेमाल करने में भी प्रकृति का ध्यान रखना होगा. जब तक सरकार की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं हो जाती कि सबको स्वास्थ्य की गारंटी दे सकें, हमें गांधी की भाषा में "अपना डॉक्टर स्वयं बनना होगा.' स्वास्थ्य की दृष्टि से जो विद्या इस समय की व्यस्था में सबसे नीचे के पायदान पर खड़ी है, उसे सबसे ऊपर के पाए पर ले जाना होगा. प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग स्वास्थ्य की सबसे अधिक कारगर विद्या के रूप में स्थापित करना होगा और वैसा ही प्रतिष्ठित भी. भारत को रोग मुक्त बनाने के लिए हर स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय में प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग की शिक्षा का प्रावधान होना चाहिए. प्रावधान ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग की शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए. हर नागरिक प्राकृतिक चिकित्सा सीखें, योग सीखें, प्राकृतिक जीवन पद्धति सीखें, इस तरह अपना इलाज, स्वयं करने के योग्य बनें. यदि देश में पाकशास्त्र, प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग हमारी शिक्षा व्यवस्था में अनिवार्य विषय बना दिए जाएं तो हर नागरिक को इन विषयों का प्राथमिक ज्ञान तो हो ही जाएगा.

> एक ही तरीका बचता है कि लोग बीमार ही नहीं हों. ऐसे में दुर्घटनाओं आदि को छोड़कर इलाज की आवश्यकता को कम किया जा सकता है. ऐसे रास्ते खोजने होंगे कि व्यक्ति बीमार हो ही नहीं. यह तरीका तो था, लेकिन हमारा खान–पान ही हमारे हाथ में नहीं रहा. दूसरे आज खाने की वस्तुएं इतनी आसानी से उपलब्ध हैं कि हम हर रोज आवश्यकता से अधिक खाते हैं.

# राजनीति में कालेधन के लिए कानूनी वंदिशें

• सामयिकी

योगेंद्र यादव

राजनीति में काले धन का इलाज करने के लिए कई कानूनी बंदिशें बनाई गई थीं, जो अक्सर कागज पर ही रही. लेकिन इन्हें मजबूत करने की बजाय पिछले 10 साल में बीजेपी सरकार ने बची खुची कानूनी बंदिशें भी समाप्त कर दी हैं. बंदिश यह थी कि कोई भी कंपनी अपने घोषित मुनाफे के 7.5 प्रतिशत से ज्यादा राजनीतिक चंदा नहीं दे सकती. मोदी सरकार ने इस प्रावधान को हटा दिया. इससे सिर्फ काले धन को राजनीति में लगाने की नीयत से फर्जी कंपनियां खोलने का रास्ता साफ हो गया. दूसरी महत्वपूर्ण बंदिश यह थी कि कोई भी विदेशी कंपनी हमारे देश की किसी राजनीतिक पार्टी या गतिविधि में एक पैसा भी नहीं लगा सकती. दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय जनता पार्टी (और कांग्रेस) को इस प्रावधान का उल्लंघन करने का दोषी पाया था. कोर्ट के फैसले को लागू करने की बजाय राष्ट्रवाद का नारा लगाने वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार ने उस कानून को बैक डेट से बदल दिया. अब कोई भी विदेशी मिल्कियत वाली बहुराष्ट्रीय कंपनी किसी भी पार्टी को कितना भी चंदा दे सकती है, बस उसे यह काम अपनी भारतीय एफिलिएट के खाते से करना होगा. इलेक्टोरल बॉन्ड की योजना इसी कड़ी का तीसरा हिस्सा है. अब तक कानून में बंदिश थी कि किसी भी कंपनी को किसी भी पार्टी को दिए गए चंदे को अपनी बैलेंस शीट में घोषित करना पड़ता था. इसी तरह पार्टियों को भी कंपनियों या और भी किसी स्रोत से मिले चंदे को चुनाव आयोग के सामने घोषित करना पड़ता था. लेकिन इलेक्टोरल बांड स्कीम के माध्यम से इन सब बंदिशों को एक झटके में खत्म कर दिया गया. अब कोई भी कंपनी चाहे जितनी मर्जी रकम के इलेक्टोरल बांड स्टेट बैंक से खरीद सकती है. यह बॉन्ड एक नोट की तरह हैं, कंपनी जिस पार्टी को चाहे उसे दे सकती है. कंपनी को यह नहीं बताना पड़ेगा कि उसने किस पार्टी को पैसा दिया. लेकिन उसे पहले की तरह इस पूरे चंदे पर इनकम टैक्स की पूरी छूट मिलेगी. उधर पार्टी को यह बताना नहीं पड़ेगा कि उसे किस कंपनी से पैसे मिले. ये दोनों सूचनाएं सिर्फ बैंक के पास होंगी और वह इसे गुप्त रखेगा. इस अजीब योजना को पेश करते समय सरकार ने तर्क यह दिया था की इससे काले धन को रोकने में मदद मिलेगी! यह कहा गया था कि अनेक कंपनियां पार्टियों को पैसा देना तो चाहती हैं, लेकिन अपना नाम सार्वजनिक होने से डरती हैं. उन्हें डर यह होता है कि अगर सत्ताधारी पार्टी को पता लग गया तो उनके खिलाफ प्रताड़ना की कार्यवाही की जा सकती है. इसलिए कंपनियां दो नंबर में पैसा देने को मजबूर होती हैं. कहा गया कि इलेक्टरल बॉन्ड के माध्यम से गुप्त दान की कानूनी व्यवस्था बनाने से यह समस्या सुलझ जाएगी. इस विचित्र योजना का पहला दिन से विरोध हुआ था. जब रिजर्व बैंक आफ इंडिया की टिप्पणी मांगी गई तो उसने बताया कि इस योजना से मनी लांड्रिंग और काले धन को रोकने वाली बाकी कई कानून बेकार हो जाएंगे.

चुनाव आयोग ने लिखकर इस योजना पर ऐतराज जताया. यहां तक की भारत सरकार के विधि मंत्रालय ने भी इस पर आपत्ति दर्ज की. लेकिन मोदी सरकार को 2019 के चुनाव से पहले इस इलेक्टरल बॉन्ड को लागू करने की इतनी हड़बड़ी थी कि उसने इस कानून का मसविदा पार्टियों को दिखाए बिना इसे संसद में पास करवा लिया, क्योंकि उन दिनों बीजेपी को राज्यसभा में बहुमत नहीं था. इसलिए इसे 2018 के बजट के साथ नत्थी कर पास करवा लिया, ताकि वित्तीय विधेयक होने के नाते इसे राज्यसभा के बहुमत की जरूरत ना पड़े. सुप्रीम कोर्ट के सामने सुनवाई में प्रशांत भूषण और कपिल सिब्बल सरीखे वकीलों ने साबित किया कि यह काले धन को रोकने नहीं बल्कि काले धन को पोषित करने की योजना है. सरकार जब चाहे स्टेट बैंक आफ इंडिया से गुपचुप यह सूचना हासिल कर सकती है. एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट और अन्य जांच एजेंसियों को सत्ताधारियों के इशारे पर यह सूचना हासिल करने का कानूनी अधिकार भी है. इसलिए गुप्त दान के जरिए राजनीतिक प्रताड़ना को रोकने का तर्क हास्यास्पद है. हां, अगर किसी के लिए यह चंदा सचमुच गुप्त रहेगा तो वह है साधारण जनता और मतदाता. यह योजना हमारी चुनावी व्यवस्था की बची खुची पारदर्शिता को खत्म कर देगी. यह नागरिक और मतदाता के बुनियादी सूचना के अधिकार का उल्लंघन है.

> चुनाव आयोग ने लिखकर इस योजना पर ऐतराज जताया. यहां तक की भारत सरकार के विधि मंत्रालय ने भी इस पर आपत्ति दर्ज की. लेकिन मोदी सरकार को 2019 के चुनाव से पहले इस इलेक्टरल बॉन्ड को लागू करने की इतनी हड़बड़ी थी कि उसने इस कानून का मसविदा पार्टियों को दिखाए बिना इसे संसद में पास करवा लिया.

## मीडिया में अन्यत्र

# तलाशी और जब्ती पर लगाम

**मीडिया** पेशेवरों के डिजिटल उपकरणों की जब्ती के सिलसिले में, उनके हितों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को दिशानिर्देश बनाने को कहा है. यह समय पर उठाया गया पहला कदम है. पत्रकारों के खिलाफ हालिया कार्रवाइयों में उनके लैपटॉप व स्मार्टफोन जब्त किये गये और खंगाले गये. इस कदम ने न सिर्फ व्यापक मीडिया बिरादरी, बल्कि 'व्हिसिल-ब्लोअर्स' और उन लोगों को भी डराया है जो पत्रकारों से अपनी पहचान उजागर नहीं किये जाने की शर्त पर बात करते हैं. अगर एक पत्रकार के संचार उपकरण सतही आरोपों के आधार पर जब्त किये जा सकते हैं और उनका डेटा जांचा जा सकता है, तो यह सूत्रों की गोपनीयता के साथ समझौता है और मीडिया पेशेवरों के अपना काम कर सकने की राह में बाधा है. इस तरह से, यह प्रेस की आजादी का अतिक्रमण है और पत्रकारों के आजीविका के अधिकार पर हमला है, क्योंकि डिजिटल उपकरण इस पेशे के बेहद अहम औजार बन चुके है. इन दिशानिर्देशों में यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों को, पूर्व अदालती वारंट के बगैर, उपकरणों को जब्त करने या खंगालने की इजाजत न हो. कुछ न कुछ खोज निकालने का असीमित अधिकार देने के बजाय वारंट में यह साफ जिक्र होना चाहिए कि एजेंसी को क्या सूचना मिलने की उम्मीद है. पत्रकारों को अपना पासकोड या बायोमेट्रिक डेटा देने के लिए बाध्य करके उन्हें खुद को या अपने सूत्रों को गुनहगार ठहराने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए. दिशानिर्देशों में उपकरणों और डेटा की सुरक्षा के उपाय करने वाले प्रोटोकॉल जरूर शामिल किये जाने चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इसे लीक नहीं किया गया है या इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की गयी है, या इसे किसी तीसरे पक्ष को नहीं दिया गया है, और जांच के लिए अप्रासंगिक डेटा को समय पर डिलीट कर दिया गया है. तकनीक की मदद से किसी उपकरण की क्लोनिंग हो सकती है, जिससे पत्रकार अपना काम जारी रख सकते हैं और उन्हें अनिश्चित काल के लिए अपने ही डेटा से वंचित नहीं होना पड़ता है. इसी तरह, जब्ती के समय उपकरण का रिकॉर्ड तैयार किया जाना भी महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जांच प्रक्रिया के दौरान दोषी ठहराने वाली सामग्री उसमें नहीं डाली गयी है. **(द हिंदू)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### जंगल/जंगला/जंगली

**चाहे** कोई मुझे जंगली कहे, कहने दो जी कहते रहे, हम प्यार के तूफानों में गिरे है हम क्या करें.यह 1961 में आयी फिल्म जंगली का गीत है, जिसे शैलेंद्र ने लिखा और मोहम्मद रफी ने गाया है. इसपर शम्मी कपूर ने ऐसा लचकदार अभिनय किया था कि फिल्म देखनेवाली युवतियां उसकी दीवानी हो जाती थीं. फिल्म के नायक को इस बात पर कोई एतराज नहीं था कि कोई उसे जंगली कहता है. आखिर जंगली कहने पर किसी को एतराज क्यों होता है. जंगली शब्द का मतलब है असभ्य, अशिष्ट, उजड्ड. जंगली शब्द का यही अर्थ एतराज का कारण है. वैसे जंगली शब्द के और भी अर्थ हैं. जैसे जो जंगल से प्राप्त होता है, जंगल से संबंधित, वनवासी, जंगल में रहनेवाला व्यक्ति भी होता है. यह जंगली शब्द वास्तव में जंगल शब्द से बना है. संज्ञा पुल्लिंग के रूप में जंगल का मतलब वह स्थान है, जहां घने पेड़, लता-झाड़ियों के साथ जीव-जंतुओं की बहुतायत होती है, वन, अरण्य, कानन, जीवन का स्रोत, झाड़-झंखाड़ वाला प्रदेश, अविकसित और निर्जन क्षेत्र, एकांत या उजाड़ स्थान. वहीं विशेषण के रूप में जंगल का मतलब है पिछड़ा और असभ्य क्षेत्र विशेष, जो उजाड़ और वीरान हो. आपने ध्यान दिया होगा कि लोग जब किसी की नाकाबिलियत पर झुंझलाते हैं तो कहते हैं कि इसे किस जंगल से पकड़ कर ले आये हो? परोक्ष रूप से यह उस व्यक्ति को जंगली बता कर अपमानित करने का प्रयास है. जंगल शब्द से एक प्रेरक कहावत है-जंगल में मोर नाचा किसने देखा. मतलब आपके भीतर जो गुण है, वह प्रकाश में आने पर ही लोगों के बीच सम्मान पा सकता है. इस क्रम में इससे मिलता-जुलता शब्द जंगला ध्यान में आता है. जंगला का मतलब है खिड़की, जालीदार झरोखा, वह दरवाजा, जिसमें लोहे की पतली छड़ें लगी होती हैं. वह शोभावर्धक रचना या नक्कासी, जिसमें एक दूसरे को काटती हुई बेलें आदि बनी होती हैं.

# जमकर बंसी बजाओ नीरो जी!

• तीर-तुक्का

शशिकांत सिंह 'शशि'

नीरो जी जो थे कोई पैदाइशी बंसीवादक नहीं थे. उन्होंने संगीत की क्लास भी नहीं की थी. हां, उन्हें बंसी बजाने का शौक था. रोम में जब भी आग लगती थी, नीरो जी बंसी बजाते थे. बंसी के साथ बजता था करताल, जो भक्तगण बजाते थे. वादन ससुर हो रहा है या असुर, इससे नीरोजी को कोई वास्ता नहीं था. वास्तव में वह अपनी तान सुनते नहीं थे सुनने वाले केवल भक्तगण थे, जो वाह के अलावा कुछ बोलते नहीं थे. और कुछ बोलने वालों को चुप कराने का एक अलग विभाग था, जो स्याही वगैरह से लैस रहता था और कहीं भी किसी को भी कूटने की कला में पारंगत था. कुल किस्सा कोताह यह कि नीरो जी के बंसी वादन में कतई व्यवधान नहीं होता था. रोम जब भी जलता नीरोजी बंसी बजाते. रोम को जलना था, वह जलता रहता था. नीरो जी कुंज में बैठकर बंसी बजाते रहे. दंगे हों, कत्लेआम हो, धर्म के नाम पर किसी को कूटा जाये, उनके बंसीवादन में कोई फर्क नहीं पड़ता था. श्रद्धालु इसका अर्थ यह न समझें कि नीरो जी को प्रजा से प्यार नहीं था. उन्हें था तभी तो अपने मन की बात प्रजा तक पहुंचाने के लिए एक विभाग खोल रखा था, जिसमें नाना प्रकार के अधिवक्ता और प्रवक्ता पाये जाते थे. वे राजा के मन की बात प्रजा को बताते थे. राजा भी आकाशवाणी से मन की बात सुनाकर मन हल्का कर लिया करता था. राजा जब भी भावुक होता, अपने बचपन की कथायें सुनाता. उन्हीं की जुबानी लोगों को ज्ञात हुआ कि नीरो जी बचपन में बिल्कुल बच्चे थे. बेचारे चल भी नहीं पाते थे. बोल भी नहीं पाते थे. कितने कठिन दिन थे. भूख लगने पर निपल से दूध पीना यानी अपने हाथ भी नहीं चलते थे. महीनों तक तो नंगे घूमे. किसी ने कच्छा पहना दिया तो पहन लिया नहीं तो नंगे रह लिया. छः महीने तक तो दूध के अलावा कोई आहार नहीं लिया. बचपन से ही त्यागी प्रवृति के थे. उसके बाद भी दलिया, खिचड़ी और जौ के हलुआ पर दिन कटे. कितने बेवश थे नीरो जी. बचपन के दिनों को याद करके नीरो जी आज भी भावुक हो जाते हैं. उन्हें मां की याद बहुत आती है. मां उनकी नाक पोंछ दिया करती थी. विरोधी तो चाहते ही थे कि बहती रहे. नीरो जी जब अत्यधिक भावुक हो जाते थे तो बंसी बजाने चले जाते थे. बंसी वादन में उन्हें सबसे ज्यादा जो बात अच्छी लगती थी, वह थी उंगलियों के इशारे पर स्वर का बदल जाना. उंगलियों के इशारे पर ही वह सबके सुर बदल दिया करते थे.



# लाइफ लाइन

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : रश्मिका मंदाना

## ढेर सारे पानी से दिन की शुरुआत

**रश्मिका मंदाना साउथ इंडियन फिल्मों का जाना माना नाम है और बॉलीवुड में भी एक्टिंग व मॉडलिंग में दखल रखती हैं. फिल्म पुष्पा की यह हीरोइन अपनी फिटनेस के लिए भी चर्चा में रहती हैं. दरअसल वर्कआउट और अनुशासन के साथ आहार उनकी फिटनेस का राज है. रश्मिका मंदाना अपने वर्कआउट अपडेट्स अक्सर शेयर करती रहती हैं. वे सोशल मीडिया पर अपनी प्रैक्टिस, डाइट और फिटनेस मंत्रा फैंस के साथ अक्सर शेयर करती हैं. आइए, आज हम रश्मिका मंदाना की डेली डाइट और वर्कआउट से फिटनेस का फंडा लें-**



रश्मिका के दिन की शुरुआत ढेर सारे तरल यानी लिक्विड आहार से होती है. इसमें एक लीटर पानी या नारियल पानी या फिर फलों का रस होता है. ब्रेकफास्ट में एक कटोरा फल या उबले अंडे की सफेदी या ओट्स लेती हैं. लंच में ज्यादातर साउथ इंडियन खाना जैसे इडली, सांभर, डोसा और उत्पम आदि खाना पसंद करती हैं. टी टाइम का फेवरिट स्नैक भूने मखाने हैं. भूने मखाने हमेशा उनके साथ होता है. इसके अलावा वे कुछ अन्य नट्स भी साथ रखती हैं.रात का खाना आठ बजे तक कर लेती हैं. इसमें वे शकरकंद, चिकन या फिर दाल आदि खाना पसंद करती हैं.

रश्मिका बाहर का कुछ भी खाने से परहेज करती हैं. वे जंक फूड, फ्राइड फूड, मैदे से बनी चीजें, प्रोसेस्ड फूड, सफेद चीनी से बनी कोई भी मिठाई या अन्य व्यंजन खाने से परहेज करती हैं. हालांकि सप्ताह में एक दिन चीट डे रखती हैं जब अपने पसंद के चॉकलेट केक या अन्य व्यंजन लिमिट मात्रा में सेवन करती हैं.

रश्मिका मंदाना वर्कआउट रूटीन रश्मिका मंदाना का मानना है कि सिर्फ स्लिम और टोंड बॉडी के बजाय फिट रहना चाहिए. वे हफ्ते में करीब चार बार वर्कआउट करती हैं. रश्मिका मंदाना के वर्कआउट में किकबॉक्सिंग, स्किपिंग, डांसिंग, स्विमिंग, स्पिनिंग, फास्ट वॉकिंग और पावर योगा में शामिल हैं.

## लैवेंडर है रामबाण!



लैवेंडर ऑयल कई समस्याओं से राहत दिलाता है. सिरदर्द से परेशान हों या माइग्रेन के कारण परेशान हों या फिर बेचैनी या चिंता महसूस हो रही हो तो लैवेंडर की खुशबू आपकी समस्याएं बहुत हद तक दूर कर सकती है. हाल के कई शोधों में भी इस बात की पुष्टि हुई है. इसीलिए इन दिनों लैवेंडर की चाय भी लोकप्रिय हो रही है. इसे पीने से भी राहत मिलती है.

लैवेंडर ऑइल की कुछ बूंदों को रुमाल या टीशू पेपर पर डालकर सूंघने से तनाव व चिंता की छुट्टी होती है. दिमाग और शरीर रिलैक्स होता है और स्ट्रेस लेवल में भी कमी आती है.

यहां स्पष्ट कर दें कि अगर माइग्रेन की दिक्कत है तो लैवेंडर दवा का सब्सिट्यूट नहीं हो सकता. इससे सिर्फ दर्द को कुछ देर के लिए कम करने में मदद मिल सकती है. इससे माइग्रेन ठीक नहीं होगा.

# ओवरियन सिस्ट

# खतरे का संकेत हो सकता पेट के नीचे का भारीपन



डॉ श्वेता लाल
स्त्री रोग विशेषज्ञ

**यूट्यूब स्टार लिली सिंह के ओवरियन सिस्ट से ग्रसित होने का डायग्नोसिस हाल ही हुआ है. उन्होंने इस बाबत अस्पताल में भर्ती होने की सूचना इंस्ट्राग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए दी है. ओवरियन सिस्ट महिलाओं की आम समस्या है. आइए, इसके लक्षण और उपाय पर चर्चा करें**



ओवरी में सिस्ट अपने यहां बेहद आम समस्या है. एक सर्वे के मुताबिक प्रत्येक पांच में से एक महिला ओवरी सिस्ट की समस्या से परेशान हैं. आमतौर पर ये शारीरिक लक्षण नहीं प्रदर्शित करते और शायद इसी कारण लंबे समय तक शरीर में बने रहते हैं और महिलाएं इनका समुचित इलाज नहीं कराती हैं. इसके कारण अन्य समस्याओं के साथ निःसंतानता व कैंसर जैसी कष्टकारक परिस्थितियों का भी सामना करना पड़ सकता है.

### क्या है ओवरियन सिस्ट

ओवरी के भीतर या उसके बाहरी हिस्से पर द्रव से भरे थैले होते हैं जिसे ओवेरियन सिस्ट कहा जाता है. जब इसका आकार बड़ा हो जाता है तब महिलाओं को दिक्कत होती है. ओवेरियन सिस्ट होने के कारण हार्मोनल समस्याएं, एंडोमेट्रियोसिस, गर्भावस्था में समस्या, गंभीर पैल्विक संक्रमण जैसी दिक्कतें सामने आती हैं.

### पहचानिए लक्षण

ओवरियन सिस्ट बेहद कॉमन समस्या है जिससे बिना किसी महत्वपूर्ण लक्षण के कई महिलाएं पीड़ित हैं. फिर भी कुछ सामान्य लक्षणों की चर्चा की जा सकती है. पेट फूलना, मल त्याग में परेशानी, पेल्विक दर्द, जांघ में दर्द, स्तन में चिकनापन, मितली और उल्टी होना, अनियमित पीरियड, पेट के नीचले हिस्से में दर्द, शारीरिक संबंध के दौरान दर्द ओवरियन सिस्ट के सबसे सामान्य लक्षणों में हैं जिनकी उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए.

### कब चिंता का विषय

ओवरियन सिस्ट के मामले में सिस्ट का आकार स्थिति की गंभीरता का महत्वपूर्ण कारक है. अगर यह आकार 8 सेमी से अधिक हो तो रोग की गंभीरता बढ़ जाती है. साथ ही अगर अधिक उम्र की महिला ओवरियन सिस्ट से ग्रसित हो, तब भी इसे चिंता का विषय माना जाता है. अगर मेनोपॉज या रजोनविृति के बाद ओवरियन सिस्ट का मामला हो तो इसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए क्योंकि यह कैंसरस भी हो सकता है.

ओवरियन सिस्ट आमतौर पर बिना लक्षण प्रदर्शित करने वाले होते हैं. इसका एक प्रकार बेनिग्न सिस्ट तो दूसरा बॉर्डर लाइन मैलिग्नेंट या मैलिग्नेंट सिस्ट होता है. दूसरा प्रकार आमतौर पर अधिक उम्र की महिलाओं में देखा जाता है. खासकर मेनोपॉज के बाद. खून के थक्के निकलना, पेट के नीचे वाले हिस्से में भारीपन महसूस करना आदि लक्षण होते हैं और आमतौर पर रोग तब पकड़ में आता है जब वे रूटीन चेकअप के लिए डॉक्टर के पास पहुंचती हैं. इसलिए महिलाओं के लिए गायनेकोलॉजिस्ट के पास रुटीन चेकअप के लिए नियमित जाना महत्वपूर्ण है.

### ओवेरियन सिस्ट के प्रकार

**फंक्शनल ओवेरियन सिस्ट**

ये कुछ महिलाओं में तब होते हैं जब वे बच्चे पैदा करने की उम्र में होती हैं और ओव्यूलेशन में कार्यात्मक दोष के कारण होती हैं.



**सिस्टेडेनोमास**

ये सिस्ट कोशिकाओं के कारण विक सित होते हैं जो अंडाशय के बाहरी हिस्से को ढकते हैं.ये सिस्ट अंडाशय के अंदर विकसित नहीं होते हैं लेकिन बाहर एक डंठल से जुड़े होते हैं.

**पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम**

पीसीओएस, जैसा कि हम सभी ने आमतौर पर सुना है, कई छोटे सौम्य ओवेरियन सिस्ट का परिणाम है. ये सिस्ट ओव्यूलेशन में समस्याओं के कारण बनते हैं जो हार्मोनल असंतुलन को बाधित करते हैं.

**एंडोमेट्रियोमास**

एंडोमेट्रियोमास एक ऐसी स्थिति है जहां गर्भ के अंदर के ऊतक इसके बाहर पाए जाते हैं और रक्त से भरे सिस्ट बनाते हैं.

### नियमित जांच जरूरी

खासतौर पर जब महिलाओं की उम्र 35 या 40 साल के करीब हो तब, नियमित अल्ट्रासाउंड ( साल में कम से कम एक या दो बार) कराना चाहिए. इससे पता चलता है कि आपकी ओवरी और यूटेरस कैसा काम कर रही है. पेट के नीचले हिस्से में असुविधाजनक स्थिति महसूस होती हो या भारीपन हो तो उसकी उपेक्षा नहीं करें. यदि ऐसा महसूस करते हैं तो तत्काल अल्ट्रासाउंड करा लेने में कोई हर्ज नहीं. इसकी जांच बहुत आसान है और सहजता से पकड़ में आ जाते हैं.

### इलाज

ओवरी सिस्ट का इलाज सिस्ट की साइज और पीड़िता की उम्र पर निर्भर करता है. सामान्य स्थिति में जहां दवाओं से उपचार संभव है, वहीं कई बार चिकित्सक सर्जरी का निर्णय भी लेते हैं.



डॉ मनीषा घई
सीनियर डायटीशियन

## खानपान पर दें ध्यान

**ओवरी सिस्ट के बनने पर कुछ खानपान के सेवन की सलाह दी जाती है तो कुछ से परहेज की बात भी कही जाती है. आइए, आज हम इसकी चर्चा करें-**

### उच्च फाइबर वाले खाद्य पदार्थ

संतरे, दाल, नाशपाती और मटर जैसे उच्च फाइबर खाद्य पदार्थों में पाए जाने वाले फाइटोकेमिकल्स शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन के पुनः अवशोषण को रोकते हैं. यह हार्मोनल असंतुलन को कम करने में मदद करता है जिससे डिम्बग्रंथि अल्सर के विकास की आशंका कम हो जाती है.

### लीन प्रोटीन फूड्स

टोफू, मछली और चिकन जैसे लीन प्रोटीन हार्मोनल संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं. इसके अलावा, लीन प्रोटीन वजन बढ़ने की समस्या पर भी लगाम लगाते हैं. इस वजह से ओवरी सिस्ट में इनका सेवन का सुझाव दिया जाता है.

### ओमेगा-3 से भरपूर

सी फूड, मछली, मेवे खास कर अखरोट और बीज खासका कद्दू, सूरजमुखी और तीसी के बीज ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं. वे ओवरी सिस्ट के कारण होने वाले हार्मोनल असंतुलन को प्रबंधित करने में मदद करते हैं.

### 13 सी से भरपूर खाद्य पदार्थ

13 सी का मतलब इंडोल-3-कार्बिनोल है और यह पत्तागोभी, स्प्राउट्स, फूलगोभी और ब्रोकोली जैसी सब्जियों में पाया जाता है. इन सब्जियों के नियमित सेवन से शरीर में एस्ट्रोजन रिलीज होता है और अतिरिक्त हार्मोन साफ हो जाते हैं.

### मैग्नीशियम युक्त पदार्थ

केले, काजू, बादाम, एवोकाडो और हरी पत्तेदार सब्जियां मैग्नीशियम से भरपूर खाद्य पदार्थ हैं. इन्हें आहार में शामिल करने से ओवेरियन सिस्ट के कारण होने वाली ऐंठन से राहत मिलती है. सूजन भी कम होता है.

## इन 5 खाद्य पदार्थों से बचें

**आइए, हम उन खाद्य पदार्थों की भी चर्चा करें जिनके सेवन से ओवर सिस्ट के बढ़ने की आशंका बढ़ जाती है.**

**1 लाल मांस**
सूअर का मांस, बीफ और मेमना जैसे लाल मांस खाने से बचें. ऐसी वस्तुओं का सेवन मौजूदा सिस्ट को खराब करता है और नए सिस्ट के निर्माण को बढ़ावा देता है.

**2 तले हुए खाद्य पदार्थ**
तेल में फ्राई किए आयटम जैसे समोसे, पूरी, नमकीन आदि के सेवन से तेजी से वजन बढ़ सकता है, जो ओवरी सिस्ट के मामले में एक विपरीत संकेत है.

**3 सफेद चीनी**
सफेद चीनी हार्मोनल असंतुलन का कारण बनती है, जो सिस्ट बनाने को ट्रिगर करती है और मौजूदा को परेशान करती है. इसलिए, आपको सफेद चीनी वाले खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए.

**4 शराब**
शराब जैसे विषैले पदार्थ शरीर के हार्मोनल संतुलन को बाधित करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ओवरी सिस्ट की आशंका बढ़ जाती है.

**5 कैफीन**
कैफीन सूजन बढ़ाता है, जो डिम्बग्रंथि अल्सर के विकास में योगदान देता है.

# ये सब्जियां लगाएंगी डायबिटीज पर लगाम

**डायबिटीज जीवनशैली से जुड़ी ऐसी बीमारी है जो एक बार हो गई तो फिर पूरी तरह मुक्त नहीं हो सकते, हां, इसपर लगाम जरूर लग सकता है. डायबिटीज पर लगाम लगाने में दवाओं के अलावा आहार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है. डायबिटीज होने आलू, अरबी, ओल जैसी सब्जियों से परहेज की सलाह दी जाती है. वहीं कुछ खास सब्जियां ब्लड शुगर कंट्रोल रखने में मददगार मानी जाती हैं. आइए, कुछ ऐसी सब्जियों के बारे में जानकारी हासिल करें डायबिटीज के रोगियों के लिए खास फायदेमंद है-**

### ब्रोकली

फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन से भरपूर, ब्रोकोली एक कम कार्ब वाली सब्जी है, जो ब्लड शुगर को कंट्रोल करने का काम करती है. ब्रोकली में कार्बोहाइड्रेट काफी कम होता है. 100 ग्राम ब्रोकली में सिर्फ 7 ग्राम कार्बोहाइड्रेट होता है. इसी कारण यह ब्लड शुगर के लेवल को कंट्रोल में रखने में मदद करती है. इसमें ग्लाइसेमिक इंडेक्स 15 होता है जो डायबिटीज के लिए बेहतर माना जाता है.

### कोहरा

कदीमा, कोहरा, कद्दू या काशीफल.. इस सब्जी को हम कई नाम से जानते हैं. यह ऐसी सब्जी है जिसे डायबिटीज के मरीज खूब मात्रा में खा सकते हैं. इसमें और इसके बीजों में बहुत कम कार्बोहाइड्रेट, ज्यादा फाइबर, जिंक और मैग्नीशियम होता है, जिसकी वजह से यह शुगर लेवल को घटाने और इंसुलिन की संवेदनशीलता में सुधार करने का काम करता है.

### हरी बीन्स और शलजम

कम कार्ब्स और हाई फाइबर वाली हरी बीन्स डायबिटीज रोगियों के लिए बेहद फायदेमंद है. इसमें सभी जरूरी पोषक तत्व होते हैं. इसी तरह शलजम एक जड़ वाली सब्जी है जिसमें कैलोरी कम होती है और इनके सेवन से डायबिटीज कंट्रोल रहती है.

### पत्तागोभी

पत्तागोभी को शुगर के मरीजों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद माना जाता है. दरअसल इसमें कैलोरी और कार्ब्स कम



और फाइबर अधिक होता है. यह सब्जी विटामिन बी6, विटामिन सी, विटामिन के, मैंग्नीज और फोलेट सहित पोषक तत्वों से भरपूर है और इसमें फाइबर भी उच्च मात्रा में होता है.

### बैंगन

बैंगन कई बीमारियों में न खाने की सलाह दी जाती है लेकिन डायबिटीज में यह रामबाण है. एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइबर से भरपूर बैंगन इंसुलिन को बढ़ाता है और ब्लड शुगर को कम करता है. इससे वजन भी घटता है. इसकी सब्जी खूब खाने पर फायदे ही फायदे मिलते हैं.

### खीरा

खीरे ही नहीं कुकुर्बिटेसी परिवार की सभी सब्जियां ब्लड शुगर लेवल कम करने का माद्दा रखती हैं. खीरा में भरपूर पानी होता है. इससे शरीर हाइड्रेट रहता है. इसके सेवन से पूरे शरीर में सूजन भी कम होती है. इसके सेवन से पेट भरा-भरा लगता है, इसलिए ओवर इटिंग से बचते हैं.

### लेट्यूस

लेट्यूस फाइबर और पानी से भरपूर होता है. इससे शरीर हाइड्रेट रहता है. इसमें मौजूद विटामिन के रक्त के थक्के जमने और हड्डियों की मजबूती के लिए सहायक है. यह अन्य चीजों के अवशोषण को धीमा करता है जिससे ब्लड शुगर कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है.

### तोरी

तोरी इन दिनों झारखंड में खूब मिल रहा. यह एक गूदेदार हरी सब्जी है और इसमें फाइबर ज्यादा होता है. खास बात है कि इस हरी सब्जी में फाइटोन्यूट्रिएंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं जो इसे हाइपोग्लाइसेमिक गुणों से भरपूर बनाते हैं. ऐसे में खाने के बाद जब भी किसी का ब्लड शुगर बढ़ता है तो यह सब्जी उसे रोकती है और इंसुलिन को कार्य करने के लिए सक्रिय करती है.

### भिंडी

भिंडी को जल्दी न पचने वाली या बादी करने वाली सब्जी कहा जाता है. इसे पचाने में शरीर के अंगों को काफी मेहनत करनी पड़ती है और ऊर्जा लगती है. ऐसे में जब भी डायबिटीज के मरीज इसे खाते हैं तो उनके ब्लड में मौजूद ग्लूकोज इसे पचाने की क्रिया के दौरान धीमा पड़ जाता है और बढ़ता नहीं है. वहीं इसमें फाइबर भी ज्यादा होता है, लिहाजा इसे शुगर के मरीजों के लिए फायदेमंद माना जाता है.

### लौकी

डायबिटीज हो या वजन घटाना हो लौकी की सब्जी दोनों में ही फायदेमंद है. लौकी में 8 फीसदी फाइबर होता है जबकि 96 फीसदी पानी होता है. ऐसे में हरी सब्जी होने के साथ ही लौकी भारत में मौजूद सभी सब्जियों में सबसे ज्यादा गुणकारी है. इसमें शुगर या ग्लूकोज बिल्कुल भी नहीं होता.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## कोहली ने शतकों के अर्धशतक के साथ तेंदुलकर को पीछे छोड़ा

# शतकदेव विराट



**वनडे में 50 शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बनें कोहली**

> पूर्व भारतीय कप्तान ने उत्कृष्टता और दृढ़ता का उदाहरण पेश किया है जो सर्वश्रेष्ठ खेल भावना को परिभाषित करती है. यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनके स्थायी समर्पण और असाधारण प्रतिभा का प्रमाण है. विराट कोहली ने न सिर्फ अपना 50वां वनडे शतक जमाया है बल्कि उत्कृष्टता और दृढ़ता की भावना का भी उदाहरण पेश किया है जो सर्वश्रेष्ठ खेल भावना को परिभाषित करती है.
>
> **पीएम नरेंद्र मोदी**

> जब भारतीय टीम में विराट आये थे तब टीम के साथी खिलाड़ियों ने मजाकिया अंदाज में इस खिलाड़ी को तेंदुलकर के पैर छूने के लिए मजबूर किया था. जब मैं पहली बार आपसे भारतीय ड्रेसिंग रूम में मिला था, तब टीम के अन्य साथियों ने मजाक करते हुए आपसे मेरे पैर स्पर्श करवाए थे. मैं उस दिन अपनी हंसी नहीं रोक सका था. जल्द ही, आपने अपने जुनून और कौशल से मेरे दिल को छू लिया. मैं बहुत खुश हूं कि वह युवा लड़का एक 'विराट' खिलाड़ी बन गया है. इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती कि एक भारतीय ने मेरा रिकॉर्ड तोड़ा.
>
> **सचिन तेंदुलकर**

> मैं महसूस कर रहा हूं... उस महान व्यक्ति (तेंदुलकर) ने मुझे बधाई दी. मेरे लिए यह सब एक सपने जैसा लगता है, यह असली है. यह सच होना बहुत शानदार है. उन्होंने कहा कि मुझे कभी नहीं लगा कि मैं अपने करियर में इस मुकाम तक पहुंच पाउंगा. यह सेमीफाइनल है, बस खुशी है कि सब कुछ एक साथ हुआ.
>
> **विराट कोहली**

**मुंबई।** विराट कोहली बुधवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल के दौरान अपने आदर्श सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए खेल के इतिहास में 50 एकदिवसीय शतक बनाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए. कोहली ने तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन की गेंद को स्क्वायर लेग पर खेल कर दो रन के साथ 106 गेंद में अपना शतक पूरा किया. उन्होंने कॅरियर की 279 वीं पारी में शतकों का अर्धशतक पूरा किया. कोहली ने वानखेड़े स्टेडियम में महान तेंदुलकर की मौजूदगी में यह उपलब्धि हासिल की. खास बात यह है कि तेंदुलकर ने इसी मैदान पर 15 नवंबर (2013) को ही आखिरी बार भारत के लिए बल्लेबाजी की थी. यह टेस्ट मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला गया था. इससे पहले कोहली ने पांच नवंबर को जब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 49वां शतक लगाकर तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी की थी तब इस महान बल्लेबाज ने उम्मीद जतायी थी कि वह अपना 50वां शतक जल्द पूरा करेंगे. तेंदुलकर ने तब 'एक्स' पर लिखा था कि शानदार खेल दिखाया विराट. इसी साल की शुरुआत में मुझे 49 से 50 (वर्ष) का होने में 365 दिन लगे. उम्मीद करता हूं कि आप 49 से 50 (शतक) तक पहुंचोगे और अगले कुछ दिनों में मेरा रिकॉर्ड तोड़ोगे. बधाई हो. कोहली वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने के बाद मामले में ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गये. तेंदुलकर 18,426 रनों के साथ इस सूची में शीर्ष पर हैं, उनके बाद कुमार संगकारा (14,234) हैं.

### एक सीजन में सर्वाधिक 50 प्लस स्कोर

- 8- विराट कोहली (2023)
- 7- सचिन तेंदुलकर (2003)
- 7- शाकिब अल हसन (2019)
- 6- रोहित शर्मा (2019)
- 6- डेविड वॉर्नर (2019)

### सर्वाधिक 50 प्लस स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज

- 264 – सचिन तेंदुलकर
- 217 – रिकी पोंटिंग
- 217–विराट कोहली
- 216 – कुमार संगकारा
- 211 – जैक कैलिस

### एक विश्व कप संस्करण में सर्वाधिक रन

- 711*– विराट कोहली (2023)
- 673– सचिन तेंदुलकर (2003)
- 659– मैथ्यू हेडन (2007)
- 648– रोहित शर्मा (2019)
- 647– डेविड वॉर्नर (2019)

### विश्व कप सेफा में भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर

- 117– विराट कोहली बनाम न्यूजीलैंड, 2023
- 105– श्रेयस अय्यर बनाम न्यूजीलैंड, 2023
- 111*– गांगुली बनाम बनाम केन्या, 2003
- 85– सचिन तेंदुलकर बनाम पाकिस्तान, 2011
- 83– सचिन तेंदुलकर बनाम केन्या, 2003
- 77– रवींद्र जडेजा बनाम न्यूजीलैंड, 2019

## रोहित बनें नए 'सिक्सर किंग'



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में बुधवार को यहां अपनी संक्षिप्त पारी के दौरान विश्व कप में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन गए. रोहित ने अपनी 47 रन की पारी के दौरान चार छक्के लगाए, जिससे विश्व कप में उनके कुल छक्कों की संख्या 51 हो गई. उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने हर चार साल में होने वाले इस टूर्नामेंट में 49 छक्के लगाए थे.

यही नहीं रोहित मौजूदा टूर्नामेंट में अभी तक 28 छक्के लगा चुके हैं और किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अब उनके नाम पर दर्ज हो गया है. इस मामले में भी उन्होंने गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 2015 में खेले गए विश्व कप में 26 छक्के लगाए थे.

### विश्व कप में सबसे ज्यादा सिक्स

- रोहित शर्मा– 51
- क्रिस गेल – 49
- ग्लेन मैक्सवेल – 43
- एबी डिविलियर्स – 37
- डेविड वॉर्नर – 37

## शतकों के अर्धशतक का सफर

01. 107 श्रीलंका, कोलकाता 24 दिसंबर 2009
02. 102 * बांग्लादेश, ढाका 11 जनवरी 2010
03. 118 ऑस्ट्रेलिया, विशाखापत्तनम 20 अक्टूबर 2010
04. 105 न्यूजीलैंड, गुवाहाटी 28 नवंबर 2010
05. 100* बांग्लादेश, ढाका 19 फरवरी 2011
06. 107 इंग्लैंड, कार्डिफ 16 सितंबर 2011
07. 112* इंग्लैंड, दिल्ली 17 अक्टूबर 2011
08. 117 वेस्टइंडीज, विशाखापत्तनम 02 दिसंबर 2011
09. 133* श्रीलंका, होबार्ट 28 फरवरी 2012
10. 108 श्रीलंका, ढाका 13 मार्च 2012
11. 183 पाकिस्तान, ढाका 18 मार्च 2012
12. 106 श्रीलंका, हंबनटोटा 21 जुलाई 2012
13. 128* श्रीलंका, कोलंबो 31 जुलाई 2012
14. 102 वेस्टइंडीज, पोर्ट ऑफ स्पेन 05 जुलाई 2013
15. 115 जिम्बाब्वे, हरारे 24 जुलाई 2013
16. 100* ऑस्ट्रेलिया, जयपुर 16 अक्टूबर 2013
17. 115* ऑस्ट्रेलिया, नागपुर 30 अक्टूबर 2013
18. 123 न्यूजीलैंड, नेपियर 19 जनवरी 2014
19. 136 बांग्लादेश, फतुल्लाह 26 फरवरी 2014
20. 127 वेस्टइंडीज, धर्मशाला 17 अक्टूबर 2014
21. 139 * श्रीलंका, रांची 16 नवंबर 2014
22. 107 पाकिस्तान, एडिलेड 15 फरवरी 2015
23. 138 साउथ अफ्रीका, चेन्नई 22 अक्टूबर 2015
24. 117 ऑस्ट्रेलिया, मेलबर्न 17 जनवरी 2016
25. 106 ऑस्ट्रेलिया, कैनबरा 20 जनवरी 2016
26. 154* न्यूजीलैंड, मोहाली 23 अक्टूबर 2016
27. 122 इंग्लैंड, पुणे 15 जनवरी 2017
28. 111* वेस्टइंडीज, किंग्स्टन 06 जुलाई 2017
29. 131 श्रीलंका, कोलंबो 31 अगस्त 2017
30. 110* श्रीलंका, कोलंबो 03 सितंबर 2017
31. 121 न्यूजीलैंड, मुंबई 22 अक्टूबर 2017
32. 113 न्यूजीलैंड, कानपुर 29 अक्टूबर 2017
33. 112 साउथ अफ्रीका, डरबन 01 फरवरी 2018
34. 160* साउथ अफ्रीका, केप टाउन 07 फरवरी 2018
35. 129* साउथ अफ्रीका, सेंचुरियन 16 फरवरी 2018
36. 140 वेस्टइंडीज, गुवाहाटी 21 अक्टूबर 2018
37. * वेस्टइंडीज, विशाखापत्तनम 24 अक्टूबर 2018
38. 107 वेस्टइंडीज, पुणे 27 अक्टूबर 2018
39. 104 ऑस्ट्रेलिया, एडिलेड 15 जनवरी 2019
40. 116 ऑस्ट्रेलिया, नागपुर 05 मार्च 2019
41. 123 ऑस्ट्रेलिया, रांची 08 मार्च 2019
42. 120 पेस्टइंडीज, पोर्ट ऑफ स्पेन 11 अगस्त 2019
43. 114* वेस्टइंडीज, पोर्ट ऑफ स्पेन 14 अगस्त 2019
44. 113 बांग्लादेश, चटगांव 10 दिसंबर 2022
45. 113 श्रीलंका, गुवाहाटी 10 जनवरी 2023
46. 166* श्रीलंका, तिरुवनन्तपुरम 15 जनवरी 2023
47. 122* पाकिस्तान, कोलंबो 11 जनवरी 2023
48. 103* बांग्लादेश, पुणे 19 अक्टूबर 2023
49. 101* साउथ अफ्रीका, कोलकाता 5 नवंबर 2023
50. **117 न्यूजीलैंड, मुंबई 15 नवंबर 2023**

## सेमीफाइनल देखने पहुंचे बेकहम और रजनीकांत

इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉलर डेविड बेकहम और सुपरस्टार रजनीकांत बुधवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच विश्व कप का पहला सेमीफाइनल देखने यहां पहुंचे. रजनीकांत और उनकी पत्नी प्रोड्यूसर लता को मंगलवार की रात हवाई अड्डे से निकलते देखा गया था. उनके अलावा भारत के चैम्पियन बल्लेबाज रहे सचिन तेंदुलकर, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा, अभिनेता रणबीर कपूर समेत कई जानी मानी हस्तियां मैच देखने पहुंची. सितंबर में रजनीकांत, तेंदुलकर और अमिताभ बच्चन को बीसीसीआई ने गोल्डन टिकट दिया जिससे वह विश्व कप के सभी 48 मैच देख सकते हैं.

**सेमीफाइनल-2** पांच बार विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की टीम के बीच मुकाबला आज

# अतीत की कड़वी यादों भुलाना चाहेगी दक्षिण अफ्रीका की टीम

**भाषा ।कोलकाता**



एजबस्टन में लांस क्लूसनर और आकलैंड में एबी डिविलियर्स का निराशा में डूबा चेहरा शायद हर क्रिकेटप्रेमी को याद होगा. दक्षिण अफ्रीका की टीम गुरूवार को पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के सामने विश्व कप के सेमीफाइनल में उतरेगी तो उसका इरादा अतीत में अंतिम चार मुकाबलों में हार के बाद की इन कड़वी यादों और अपने पर लगे 'चोकर्स' (दबाव के आगे घुटने टेकने वाले) के ठप्पे को मिटाने का होगा. दक्षिण अफ्रीका के हर प्रशंसक को 'चोकर्स' शब्द से नफरत है और बड़े मुकाबले जीतने की आदी ऑस्ट्रेलिया टीम एक बार फिर उसके जख्मों पर नमक छिड़कना चाहेगी. भारत के खिलाफ पांच नवंबर को इसी मैदान पर लीग मैच में 83 रन पर आउट होने और नीदरलैंड के हाथों अप्रत्याशित हार के अलावा दक्षिण अफ्रीका ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है. उसके शीर्ष छह में से चार बल्लेबाजों ने शतक जमाये हैं. विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक अब तक 591 रन बना चुके हैं.

रासी वान डेर डुसेन ने तीसरे नंबर पर 55.25 की औसत से रन बनाये हैं. स्पिनरों की मददगार पिच पर हेनरिच क्लासेन काफी प्रभावी रहे हैं जबकि एडेन मार्कराम ने अच्छे फिनिशर की भूमिका निभाई है. दक्षिण अफ्रीका ने छह बार 300 से अधिक रन बनाये हैं और श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 428 रन बनाये थे. डेविड मिलर को अभी तक ज्यादा मौके नहीं मिल सके हैं और उन्हें बड़ी पारी खेलने का इंतजार है. बल्लेबाजी में बावुमा कमजोर कड़ी साबित हुए हैं जिन्होंने सात पारियों में सिर्फ 145 रन बनाये हैं. इसके अलावा वह हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से भी जूझ रहे हैं. वह अगर फिट नहीं होते हैं तो रीजा हेंड्रिक्स उनकी जगह खेलेंगे.

### टीमें

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, एंडिले फेहलुकवायो, कागिसो रबादा, तबरेज शम्सी, रेस वान डेर डुसेन , लिजाद विलियम्स.

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ, एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस सीन एबोट, एशटन एगर, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, मिच मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा और मिशेल स्टार्क.

### पहली बार फाइनल में पहुंचना चाहेगा द. अफ्रीका

पचास ओवरों के विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का सिक्का चलता है जिसने अब तक 12 में से पांच खिताब जीते हैं. इनमें से चार पिछले छह सत्र में मिले हैं. दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक विश्व कप के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही है. नौ में से चार बार दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंचकर हारा है .दक्षिण अफ्रीका टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया को हराकर पहली बार फाइनल खेलने पर होगी.

### चोकर्स के ठप्पे से उबरना चाहते है तेंबा बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने मैच से पहले कहा कि हमें पता है कि दक्षिण अफ्रीकी टीम पर चोकर्स का ठप्पा लगा है और हमें उससे उबरना है. उन्होंने कहा कि जब तक हम ट्रॉफी जीत नहीं लेते, यह ठप्पा हमेशा रहेगा.

### सेफा के लिए उपलब्ध हैं मैक्सवेल : कमिंस

**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने बुधवार को कहा कि



ग्लेन मैक्सवेल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल के लिये उपलब्ध है. मैक्सवेल ने मुंबई में सात नवंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ दर्द से जूझते हुए नाबाद दोहरा शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से जीत दिलाई थी. कमिंस ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि ग्लेन मैक्सवेल फिट हैं. हमने कई बार उनका स्कैन कराया है ताकि सुनिश्चित कर सकें कि वह पूरी तरह से ठीक हैं.

## रांची में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों का लगने लगा है जमावड़ा

**लीजेंड्स लीग क्रिकेट**



**शुभम किशोर ।रांची**

लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) 2023 सीजन 18 नवंबर से 9 दिसंबर 2023 तक भारत के पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापतनम (वाइजैक) और सूरत में मैच खेले जायेंगे. उद्घाटन मैच 18 नवंबर को रांची के जेएससीए स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा. इस प्रतियोगिता को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रांची पहुंचने लगे हैं. रांची में इंडिया कैपिटल्स टीम के खिलाड़ियों ने नेट में पसीना भी बहाया. प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को एलएलसी के डायरेक्टर मुनीश रावत ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी कि सभी टीम शुक्रवार तक रांची पहुंच जाएगी. उन्होंने कहा कि एलएलसी के प्रसार के लिए टियर 2 सिटी का चयन किया गया है और इसके तहत मुकाबलों के लिए वेन्यू का चयन किया गया है. उन्होंने कहा कि टिकट की बिक्री चालू है. उन्होंने रांची के खेलप्रेमियों से अनुरोध किया है कि वो मैच देखने जरूर आएं. प्रेसवार्ता में इंडिया कैपिटल्स टीम के एशले नर्स (वेस्ट इंडीज) ने रांची के बारे में कहा कि यह शानदार जगह है.


नयी दिल्ली में प्रदूषित यमुना नदी की सतह पर फैले जहरीले झाग के बीच धार्मिक अनुष्ठान करती एक महिला.

## ब्रीफ खबरें

### केदारनाथ धाम के कपाट हुए बंद

**देहरादून।** उत्तराखंड में स्थित विश्व प्रसिद्ध उच्च गढ़वाल हिमालयी धाम केदारनाथ के कपाट बुधवार को भैयादूज के पावन पर्व पर परंपरागत पूजा पाठ और विधि-विधान के साथ शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए. भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय स्वर लहरियों के बीच केदारनाथ मंदिर के कपाट सुबह साढ़े आठ बजे शीतकाल के लिए बंद किए गए . कपाट बंद होने के मौके पर कड़ाके की ठंड के बावजूद ढाई हजार से अधिक तीर्थयात्री भगवान के दर्शनों के लिए केदारनाथ में मौजूद थे और 'जय केदार', 'बम बम भोले' और 'ऊं नमः शिवाय' का जयघोष कर रहे थे.

### उत्तर कोरिया ने इंजन का परीक्षण किया

**सियोल ।** उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि उसने क्षेत्र में अपने विरोधियों को निशाना बनाने वाले परमाणु-सक्षम हथियार विकसित करने की दिशा में काम जारी रखते हुए मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए नये ठोस-ईंधन इंजन का सफल परीक्षण किया है. उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि देश की सेना से जुड़े वैज्ञानिकों ने मिसाइल इंजन के पहले और दूसरे चरण का शनिवार और मंलगवार को परीक्षण किया. रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि नयी मिसाइल प्रणाली कब तक पूरी होगी.

### अमेरिका में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त

**प्रोवो।** अमेरिका के ऊटाह में साल्ट लेक सिटी के दक्षिण में एक छोटे विमान के पहाड़ियों में दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया. ऊटाह काउंटी शेरिफ के सार्जेंट स्पेंसर कैनन ने बताया कि विमान अज्ञात कारणों से हल्की बर्फ से घिरे पहाड़ी इलाके में पेड़ों से टकरा गया, जिससे उसमें सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीसरा घायल हो गया. कैनन के मुताबिक, बचावकर्मियों ने घायल व्यक्ति को मलबे से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया.

### भूस्खलन से बचाव अभियान में पड़ी अड़चन

**देहरादून ।** यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने से पिछले 72 घंटों से उसके अंदर फंसे 40 श्रमिकों को बाहर निकालने के प्रयासों को उस समय झटका लगा जब ''एस्केप टनल'' बनाने के लिए शुरू की गयी ड्रिलिंग को ताजा भूस्खलन के चलते रोकना पड़ा. अधिकारियों ने यहां बताया कि मंगलवार रात साढ़े 12 बजे तक मलबे में बड़े व्यास के माइल्ड स्टील पाइप डालने के लिए ड्रिलिंग का काम किया जा रहा था लेकिन भूस्खलन होने के कारण उसे बीच में रोकना पड़ा. इस बीच, सिलक्यारा सुरंग में ड्रिलिंग के लिए स्थापित की गयी.

### पिता ने बच्चों को दिया जहर, तीन की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोहतक जिले में एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चों को जहर दे दिया जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई जबकि एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. पुलिस के मुताबिक मंगलवार को सुनील कुमार नामक एक व्यक्ति ने काबुलपुर गांव में स्थित घर पर अपने चार बच्चों को कथित तौर पर जहर दे दिया. पुलिस ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने से दो बहनों (10 साल और सात साल) तथा उनके एक साल के भाई की मौत हो गयी जबकि उनकी आठ साल की एक बहन का रोहतक के पीजीआईएमएस में इलाज चल रहा है.

### वरिष्ठ मार्क्सवादी नेता एन. शंकरैया का निधन

**चेन्नई।** स्वतंत्रता सेनानी और अनुभवी मार्क्सवादी नेता एन. शंकरैया का बुधवार को बीमारी के बाद चेन्नई में निधन हो गया. मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सूत्रों ने यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि वह 102 वर्ष के थे और उनका चेन्नई के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था. शंकरैया को देश में, खास कर तमिलनाडु में मार्क्सवादी आंदोलन के सबसे बड़े नेताओं में से एक माना जाता है. पट्टली मक्कल काट्ची (पीएमके) नेता एस. रामदास ने शंकरैया के निधन पर शोक जताया है.

## आओ जानें

### लोग औसतन कितने घंटे पढ़ते हैं किताब

| | | | |
|---|---|---|---|
| भारत | 10.42 | इंडोनेशिया | 06.00 |
| थाईलैंड | 09.24 | अर्जेंटीना | 05.54 |
| चीन | 08.00 | टर्की | 05.54 |
| फिलीपींस | 07.36 | स्पेन | 05.48 |
| मिस्र | 07.30 | कनाडा | 05.48 |
| रूस | 07.06 | जर्मनी | 05.42 |
| स्वीडन | 06.54 | अमेरिका | 05.42 |
| फ्रांस | 06.54 | इटली | 05.36 |
| हंगरी | 06.48 | मेक्सिको | 05.30 |
| सऊदी अरब | 06.48 | ब्रिटेन | 05.18 |
| हांगकांग | 06.42 | ब्राजील | 05.15 |
| पोलैंड | 06.42 | ताईवान | 05.00 |
| वेनेजुएला | 06.24 | जापान | 04.06 |
| दक्षिण अफ्रीका | 06.18 | दक्षिण कोरिया | 03.06 |
| ऑस्ट्रेलिया | 06.18 | | |

(नोट : आंकड़े प्रति व्यक्ति प्रति सप्ताह)

घायलों को जीएमसी डोडा और जीएमसी जम्मू में किया गया स्थानांतरित

# जम्मू कश्मीर में बस खाई में गिरने से 37 लोगों की मौत

भाषा । डोडा



जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को यात्रियों को लेकर जा रही एक बस सड़क से फिसलकर करीब 300 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिससे कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए. अधिकारियों ने बताया कि बस की पंजीकरण संख्या जेके02सीएन-6555 है. बताया जाता है कि यात्रियों से भरी यह बस बटोटे-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल-अस्सार के पास सड़क से फिसल गई और 300 फुट नीचे खाई में गिर गई. उन्होंने बताया कि बचाव अभियान शुरू कर दिया गया है और शव बरामद किये गये हैं.

केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि दुर्घटना स्थल पर डोडा के डीसी हरविंदर सिंह से मिली जानकारी साझा करते हुए दुख हो रहा है. दुर्भाग्य से 37 लोगों की मौत हो गई है और कई घायल हैं, जिनमें से छह घायलों की हालत गंभीर हैं. घायलों को आवश्यकता के अनुसार जीएमसी डोडा और जीएमसी जम्मू में स्थानांतरित किया जा रहा है. हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है. शोक संतप्त परिवारों के प्रति गंभीर संवेदना है. सिंह जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं.

**पीएम ने जताया दुख, मुआवजे का ऐलान:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घटना पर दुख जताया है. मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में बस दुर्घटना हृदय विदारक है. उन परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं, जिन्होंने हादसे में अपने प्रियजनों को खो दिया है. मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द से जल्द ठीक हो जाएं. उन्होंने घोषणा की कि प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और प्रत्येक घायल को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 50,000 रुपये दिए जाएंगे. गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के डोडा में एक दुखद बस दुर्घटना के कारण कई लोगों की जान चली गई, यह जानकर बहुत दुख हुआ. स्थानीय प्रशासन उस खाई में बचाव अभियान चला रहा है जहां बस दुर्घटनाग्रस्त हुई है. मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए प्रार्थना करता हूं. वहीं, जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि डोडा के अस्सार में एक दुखद बस दुर्घटना में लोगों की मौत से बेहद दुखी हूं.

**खास बातें**

- शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं : राज्यपाल
- मृतकों के परिजन को दी जाएगी 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि

### ओडिशा में दो सड़क हादसों में पांच की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कोरापुट और सुंदरगढ़ जिलों में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई . पहली घटना कोरापुट जिले की है, जहां छत्तीसगढ़ के एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई और एक महिला घायल हो गयी . जिस कार से ये लोग यात्रा कर रहे थे वह 100 मीटर गहरे खड्ढे में गिर गई . पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना जोड़ीमदेली के पास सुनकी घाट पर हुई . उन्होंने बताया कि घायल महिला को कोरापुट के जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया है . उन्होंने बताया कि कार छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव जिले से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम जा रही थी . मृतकों की पहचान नंदलाल ठाकर, गौरव ठाकर और नमन ठाकर के रूप में हुई . घायल महिला की पहचान रचना ठाकर के रूप में हुई . पुलिस को आशंका है कि हादसा संभवतः कोहरे या चालक को नींद आने की वजह से हुआ होगा . सुंदरगढ़ जिले के झारमुंडा गांव में तेज रफ्तार से जा रही एक कार ने पीछे से दो साइकिल सवारों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई . साइकिल को टक्कर मारने के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया .

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने सहारा प्रमुख के निधन पर शोक जताया

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत राय के निधन पर शोक व्यक्त किया है. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने बुधवार को लिखा कि सहारा समूह के प्रमुख श्री सुब्रत रॉय जी का निधन अत्यंत दुःखद है. प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति दें. ॐ शांति. समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी राय के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अखिलेश ने मंगलवार को लिखा कि सहारा श्री सुब्रत रॉय जी का निधन उत्तर प्रदेश और देश के लिए भावनात्मक क्षति है.

संयुक्त राष्ट्र पर बरसा भारत, कहा-

# बोझ तले चरमरा रहा तंत्र

भाषा। संयुक्तराष्ट्र




भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र तंत्र, खासतौर पर सुरक्षा परिषद 21वीं सदी की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के बोझ तले चरमरा रहे हैं. उसने रेखांकित किया महासभा को बहुपक्षवाद के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को हल करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र के केंद्रीकरण को बहाल करने के लिए नेतृत्व करना चाहिए.

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में काउंसलर प्रतीक माथुर ने मंगलवार को कहा कि भारत ने लगातार इस दृष्टिकोण की वकालत की है कि महासभा में एक बार फिर तभी जान फूंकी जा सकती है, जब संयुक्त राष्ट्र के मुख्य विचार-विमर्श, नीति-निर्धारण और प्रतिनिधि अंग के रूप में उसकी स्थिति का पूरी तरह सम्मान किया जाए.

महासभा के कार्य में पुनः जान फूंकने के विषय पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की पूर्ण बैठक को संबोधित करते हुए माथुर ने कहा कि हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि कुछ दोष महासभा और उसके सदस्य देशों का है, जिन्होंने सभी देशों की सामूहिक आवाज होने के बावजूद इसकी प्रासंगिकता को कम होने दिया. उन्होंने कहा कि एक बढ़ती धारणा है कि महासभा धीरे-धीरे अपनी मूलभूत जिम्मेदारियों से दूर हो गई है और प्रक्रियाओं से अभिभूत हो गई है.

माथुर ने कहा कि इसके अलावा, सुरक्षा परिषद में विषयगत मुद्दों पर चर्चा करने के प्रयासों ने भी महासभा की भूमिका और अधिकार को कमजोर कर दिया है. उन्होंने कहा कि भारत का मानना है कि बहुपक्षवाद, पुनर्संतुलन, निष्पक्ष वैश्वीकरण और बहुपक्षवाद में सुधार को लंबे समय तक स्थगित नहीं रखा जा सकता है. सुरक्षा परिषद की स्थिति के विपरीत ग्लोबल साउथ की आवाज एक दुर्जेय शक्ति है.

# पाकिस्तान की सीनेट में हंगामा

भाषा। इस्लामाबाद



पाकिस्तान में तीन प्रमुख राजनीतिक दलों के अनेक सांसदों ने सैन्य अदालतों को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले को खारिज करने का प्रस्ताव हड़बड़ी में पारित करने का आरोप लगाते हुए सीनेट में इसके खिलाफ प्रदर्शन किया. खबरों के अनुसार, सांसदों ने इस प्रस्ताव को तत्काल वापस लेने की मांग की. उच्चतम न्यायालय ने 23 अक्टूबर को सैन्य अदालतों में आम नागरिकों पर मुकदमों को निष्प्रभावी करार दिया था और अधिकारियों को आदेश दिया था कि नौ मई के हिंसक प्रदर्शनों में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थकों के मामलों में सुनवाई सामान्य फौजदारी अदालतों में की जाए. उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने आदेश सुनाया था कि सैन्य अधिनियम के तहत गिरफ्तार 102 आरोपियों पर फौजदारी अदालतों में मुकदमा चले. 'द न्यूज इंटरनेशनल' अखबार के अनुसार, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन), पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और जमात-ए-इस्लामी (जेआई) के सीनेटरों ने एक दिन पहले पारित प्रस्ताव के खिलाफ मंगलवार को सीनेट में जोरदार हंगामा किया. प्रस्ताव में सैन्य अदालतों को लेकर उच्चतम न्यायालय के फैसले को खारिज किया गया है. अखबार की खबर में दावा किया गया है कि सदन में सोमवार को करीब 11-12 सांसदों की मौजूदगी में प्रस्ताव रखा गया और इसे स्वीकार कर लिया गया. प्रदर्शनकारी सांसदों ने इस प्रस्ताव को वापस लिये जाने की भी मांग की.

# नाना पाटेकर ने सेल्फी ले रहे प्रशंसक को थप्पड़ मारा

भाषा। मुंबई



सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें अभिनेता नाना पाटेकर सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे एक प्रशंसक को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं. यह वीडियो वाराणसी का बताया जा रहा है, जहां 72 वर्षीय पाटेकर निर्देशक अनिल शर्मा के साथ अपनी अगली फिल्म 'जर्नी' की शूटिंग में व्यस्त हैं. दस सेकेंड के इस वीडियो में सूट और हैट पहने पाटेकर एक दृश्य के फिल्मांकन के लिए तैयार दिख रहे हैं, तभी एक प्रशंसक उनके पास आता है और साथ में सेल्फी खींचने की कोशिश करता है. वीडियो में प्रशंसक की इस हरकत से गुस्साए पाटेकर उसके सिर के पीछे थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं.

### न्यूयॉर्क के स्कूलों में अब मिलेगी दिवाली की छुट्टी

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य के गवर्नर कैथी होचुल ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी घोषित करने को लेकर एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए. होचुल ने मंगलवार को कहा कि न्यूयॉर्क शहर विविध धर्मों और संस्कृतियों से समृद्ध है और हम इसे मान्यता देने और इस विविधता का जश्न मनाने के लिए एक अहम कदम उठाने जा रहे हैं. गवर्नर के कार्यालय से जारी एक बयान में कहा गया कि विधेयक के अनुसार,दिवाली पर न्यूयॉर्क सिटी में सभी पब्लिक स्कूल बंद रहेंगे.

# भाजपा ने षड्यंत्र रचा : गहलोत

भाषा। जयपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को आरोप लगाया कि कथित ''लाल डायरी'' का षडयंत्र भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने राजस्थान के एक तत्कालीन मंत्री के साथ मिलकर रचा था. इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि उन्हें इसकी चिंता नहीं है बल्कि उनका उद्देश्य राज्य में कांग्रेस की सरकार दोबारा बनवाना है.

गहलोत सरकार के मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए गए राजेंद्र गुढ़ा आरोप लगाते हैं कि इस (लाल) डायरी में गहलोत व अन्य नेताओं के अवैध लेनदेन का ब्यौरा दर्ज है. डायरी के कुछ पन्नों की कथित तस्वीर हाल ही में सोशल मीडिया पर आई थी. इस बारे में पूछे जाने पर गहलोत ने एक बार फिर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने पार्टी के वार रूम में संवाददाताओं से कहा कि वैसे तो पता नहीं कि लाल डायरी और काली डायरी कौन सी है, पर मुझे ऐसा लगता है कि यह सब केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के अंदर रचे गए षड्यंत्र के तहत हुआ. वहां पर डायरी को 'लाल डायरी' नाम दिया गया.

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री चार दिन बाद सीकर आने वाले थे. उससे पहले उस व्यक्ति का दुरुपयोग किया गया जो हमारा मंत्री था. उससे बात करके, यह सब भाजपा के नेताओं ने किया, मंत्री (राजेंद्र गुढ़ा) के साथ मिलकर. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि इसलिए अगर लाल डायरी की बात करें, या कहें कि पन्ने आ रहे हैं जा रहे हैं... तो हम लोगों को उसकी चिंता नहीं है.

### महिला ने युवक का गुप्तांग चाकू से काटा

**कौशांबी ।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के मंझनपुर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद एक महिला ने कथित रूप से एक युवक का गुप्तांग चाकू से काट दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने इसकी जानकारी दी. युवक के पिता की तहरीर पर महिला के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया है. मंझनपुर के क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के शरीफपुर गांव निवासी सीमा (32) का पड़ोस के निजामुद्दीन (26) से किसी बात को लेकर 14 नवंबर की शाम को विवाद हो गया था.

**चुनावी रैली** दुर्ग संभाग को शिक्षा केंद्र से सट्टेबाजी के केंद्र में बदलने का लगाया आरोप

# कांग्रेस शासन में बेमेतरा लव जिहाद का केंद्र बना : शाह

भाषा । साजा



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर हमला करते हुए कहा कि उनके शासन में छत्तीसगढ़ का बेमेतरा जिला लव जिहाद का केंद्र बन गया है. शाह ने वादा किया कि अगर राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में आई तो कोई भी ऐसी हरकत करने की हिम्मत नहीं करेगा.

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने बघेल पर दुर्ग संभाग को शिक्षा केंद्र से सट्टेबाजी के केंद्र में बदलने का भी आरोप लगाया. भाजपा ने साजा सीट से ईश्वर साहू को मैदान में उतारा है. ईश्वर साहू के बेटे भुनेश्वर साहू की इस साल अप्रैल माह में जिले के बिरनपुर गांव में सांप्रदायिक झड़प के दौरान हत्या हो गई थी.

शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर साहू न सिर्फ उम्मीदवार हैं बल्कि वह न्याय की लड़ाई के प्रतीक हैं. भूपेश कक्का के शासन में सांप्रदायिक तत्वों ने साहू के बेटे भुनेश्वर साहू की पीट-पीटकर हत्या कर दी. भूपेश कक्का के लोगों ने ईश्वर जी को चेक और नौकरी की पेशकश करते हुए कहा कि वे न्याय न मांगें, लेकिन मैं ईश्वर जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने उसे अस्वीकार कर दिया और न्याय मांगा. केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भुनेश्वर साहू के लिये न्याय सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है.

**बोले शाह**

- भुनेश्वर साहू के हर हत्यारे को भेजा जाएगा जेल
- भूपेश कक्का के सत्ता से बाहर होने की उल्टी गिनती शुरू

**महादेव सट्टेबाजी ऐप को लेकर बोला हमला**

राज्य में कथित महादेव सट्टेबाजी ऐप घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री बघेल पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि भूपेश कक्का ने दुर्ग संभाग को बर्बाद कर दिया. रमन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के दौरान दुर्ग संभाग शिक्षा का केंद्र बन गया था. भूपेश बघेल ने इसे सट्टा (सट्टेबाजी) का केंद्र बना दिया. उन्होंने कहा कि बघेल जी को ऐप का नाम अपने ही नाम पर रखना था. उन्होंने महादेव नाम का प्रयोग क्यों किया ? मोदी जी ने चंद्रमा पर 'चंद्रयान' भेजा और भगवान शिव और मां शक्ति के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उस स्थान (जहां चंद्रयान उतरा) का नाम 'शिव शक्ति' रखा. लेकिन भूपेश कक्का ने एक सट्टेबाजी ऐप का नाम महादेव के नाम पर रखा.

**भाजपा को सत्ता में लाने का किया आग्रह**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मतदाताओं से भाजपा को सत्ता में लाने का आग्रह किया. शाह ने कहा कि उनके वोट न केवल राज्य में भाजपा की सरकार बनाएंगे बल्कि भुनेश्वर साहू को न्याय भी दिलाएंगे तथा तुष्टिकरण की राजनीति को सबक सिखाएंगे. कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए शाह ने कहा कि भूपेश बघेल शासन में बेमेतरा लव जिहाद का केंद्र बन गया. साहू, कुर्मी और गोंड समुदाय इसके (लव जिहाद के) निशाने पर थे और भूपेश बघेल सरकार सोयी रही.

# कुत्ते के काटने पर प्रति दांत देने होंगे 10 हजार रुपये : हाई कोर्ट

भाषा। चंडीगढ़




पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने कहा है कि आवारा जानवरों से जुड़ी घटनाओं के पीड़ितों को मुआवजा देना राज्य की प्राथमिक जिम्मेदारी है और कुत्ते के काटने के मामले में वित्तीय सहायता के रूप में प्रत्येक दांत के निशान के लिए 10,000 रुपये का मुआवजा देना होगा.

न्यायमूर्ति विनोद एस. भारद्वाज की पीठ ने आवारा जानवरों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं में घायल और मृतकों के परिवार के सदस्यों को मुआवजे देने से संबंधित 193 याचिकाओं का निपटारा करते हुए यह फैसला सुनाया. अदालत ने जानवरों (आवारा, जंगली या पालतू) के कारण होने वाली किसी भी घटना या दुर्घटना के बारे में शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस द्वारा पालन किए जाने वाले दिशानिर्देश भी जारी किए. अदालत ने अपने आदेश में कहा कि आवारा या जंगली जानवर के कारण दुर्घटना के बारे में जानकारी प्राप्त होने पर एसएचओ (थाना प्रभारी) को बिना किसी अनुचित देरी के एक डीडीआर (दैनिक डायरी रिपोर्ट) दर्ज करनी होगी. पुलिस अधिकारी किए गए दावे को सत्यापित करेगा तथा गवाहों के बयान दर्ज करेगा और घटनास्थल का विवरण तैयार करेगा.

## चुनाव प्रचार में लगाया जोर



मध्य प्रदेश चुनाव : जागरूकता फैलाने के लिए रंगोली बनाते लोग



मध्य प्रदेश : चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका गांधी.



राजस्थान : चुनाव प्रचार करते सीएम अशोक गहलोत.

### आदित्यनाथ ने एमपी में की चुनावी रैली, बोले-

# क्या कांग्रेस के राज में बन सकता था 'श्रीराम मंदिर'

**भाषा। पन्ना/ अशोकनगर**

कांग्रेस पर लोगों की आस्था का सम्मान नहीं करने का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पूछा कि क्या अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर कांग्रेस के राज में भव्य मंदिर बन सकता था. आदित्यनाथ ने मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों का प्रचार थमने से चंद घंटों पहले पवई और अशोक नगर विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा की चुनावी सभाओं में मौजूद लोगों से यह सवाल करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि 500 सालों के इंतजार के बाद अयोध्या में भगवान राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा होने जा रहा है. आदित्यनाथ ने सवाल किया, कांग्रेस (सत्ता में) रहती, तो क्या अयोध्या में राम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हो पाता. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के बाद केदारनाथ मंदिर के पुनरुद्धार के साथ ही वाराणसी में काशी विश्वनाथ धाम और उज्जैन में महाकाल लोक के विकास कार्य भाजपा के शासनकाल में किए गए हैं. मतदाताओं से मुखातिब आदित्यनाथ ने कहा, जब कांग्रेस न तो विकास और गरीब कल्याण के काम कर सकती है, न ही



आपकी आस्था का सम्मान कर सकती है, तो कांग्रेस जैसे बोझ को ढोने का क्या मतलब है? उन्होंने विधानसभा की 403 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के केवल दो विधायक होने का जिक्र करते हुए यह भी कहा कि उत्तरप्रदेश जैसा राज्य जब कांग्रेस को इस स्थिति में पहुंचाता है, तो राम मंदिर की समस्या का समाधान होता है. आदित्यनाथ ने आतंकवाद, नक्सलवाद और अलगाववाद को कांग्रेस की देन करार देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार ने इन समस्याओं का समाधान किया. उन्होंने आरोप लगाया कि ये समस्याएं कांग्रेस के वोट बैंक से जुड़ी थीं और इस पार्टी की "कमाई का जरिया" भी हुआ करती थीं. उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में कथित रूप से खराब कानून-व्यवस्था के कारण होली-दीपावली जैसे त्योहारों पर कर्फ्यू लग जाता था और त्योहारी उल्लास के बजाय दहशत का माहौल रहता था. आदित्यनाथ ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने राज में वोट बैंक की राजनीति के कारण लोगों को जातियों के नाम पर बांटकर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दिया. उन्होंने कहा, जब लोगों को कुछ देने के लिए कांग्रेस की सरकार की बारी आती थी, तो इनके नेता कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार तो मुसलमानों का है. वे यह नहीं कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं का है. आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जोड़ी ने मध्यप्रदेश को देश के विकसित राज्यों की पंक्ति में खड़ा कर दिया है जो कांग्रेस के राज में बीमारू प्रदेश कहलाता था. उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री का सबका साथ, सबका विकास का नारा उस रामराज्य की आधारशिला है जहां किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं किया जाता और सभी लोगों का विकास किया जाता है, लेकिन किसी भी वर्ग का तुष्टिकरण नहीं किया जाता.

# प्रियंका गांधी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को 'गद्दार' करार दिया

**भाषा। भोपाल**

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री और अपनी पार्टी के पूर्व सहयोगी ज्योतिरादित्य सिंधिया पर हमला बोलते हुए उन्हें 'गद्दार' करार दिया. प्रियंका मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार के प्रचार के लिए एक रैली को संबोधित कर रही थीं, जहां 17 नवंबर को मतदान होगा. उन्होंने कहा कि राज्य में महंगाई ने लोगों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है. प्रियंका ने कहा, क्या आप सिंधिया जी को जानते हैं? हमने उत्तर प्रदेश में एक साथ काम किया... हम यूपी के लोग अपनी शिकायत या गुस्सा व्यक्त कर देते हैं... हम सब कुछ बाहर निकाल देते हैं... हमें महाराज बोलने की आदत नहीं है. उन्होंने तंज कसते हुए कहा, क्या है कि वो कद में थोड़े छोटे पड़ गए लेकिन अहंकार में तो भई , वाह भई वाह ! उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता उनसे कहते थे कि उन्हें अपना काम कराने के लिए सिंधिया को महाराज बोलना पड़ता है और यह उनकी (कार्यकर्ताओं की) आदत नहीं है.

प्रियंका ने सिंधिया पर कटाक्ष करते हुए कहा, उन्होंने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाया है. विश्वासघात तो बहुतों ने किया है लेकिन इन्होंने ग्वालियर और चंबल की जनता के साथ विश्वासघात किया है. आपकी पीठ में छुरा घोंपा है. बनी बनाई सरकार को गिरा दिया और वो बनी बनाई सरकार आपकी थी, आपने वोट दिया था उसके लिए. उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में रोजगार की स्थिति देश में सबसे अच्छी है, जबकि मप्र में यह खराब है. कांग्रेस महासचिव ने दतिया से भाजपा प्रत्याशी और प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि वह पूरे दिन फिल्में देखते हैं कि किसने क्या पहना है? मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर कटाक्ष करते हुए प्रियंका गांधी ने उन्हें विश्व प्रसिद्ध अभिनेता करार दिया और कहा कि वह बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन को मात दे सकते हैं, लेकिन जब भी कोई काम के बारे में बात करता है तो वह असरानी (कॉमेडियन) की तरह व्यवहार करने लगते हैं. कांग्रेस नेता प्रियंका ने पुनः सिंधिया का जिक्र करते हुए कहा, एक बात है, मोदी जी (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) लोगों को पहचानने में माहिर हैं. उन्होंने दुनिया भर से गद्दारों और कायरों को इकट्ठा किया और उन्हें अपनी पार्टी में ले लिया. प्रियंका ने कहा कि उन्हें आरएसएस और भाजपा के पुराने कार्यकर्ताओं पर दया आती है जिन्होंने संगठन के लिए कड़ी मेहनत की.

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी इस बात को दोहराते रहते हैं कि उन्होंने मुझे इतनी गालियां दीं. क्या आपने सलमान खान की फिल्म तेरे नाम देखी है, जिसमें वह शुरू से आखिर तक रोते रहे थे? उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, मैं कहती हूं, आइए मोदी जी पर भी इसी नाम से एक फिल्म बनाएं.

# ओबीसी, दलित व आदिवासियों की कराएं जनगणना : राहुल गांधी

**भाषा। बेमेतरा**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को एक बार फिर जातिगत जनगणना की वकालत की और कहा कि जिस दिन देश के ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदायों को अपनी सच्ची आबादी का पता लग जाएगा, उस दिन यह मुल्क हमेशा के लिए बदल जाएगा. छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये राहुल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) शब्द को लेकर (प्रधानमंत्री) चुने गए हैं लेकिन जब ओबीसी को हक देने का समय आता है तब वह इससे इनकार करते हैं. कांग्रेस नेता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, नरेन्द्र मोदी जी जाति जनगणना करें या ना करें, जिस दिन छत्तीसगढ़ में दोबारा कांग्रेस की सरकार आएगी जाति का सर्वे यहां शुरू हो जाएगा. जिस दिन दिल्ली में हमारी सरकार आएगी पहला हस्ताक्षर जाति जनगणना पर होगा. उन्होंने कहा, जाति आधारित जनगणना ऐतिहासिक निर्णय होगा और इससे देश बदल जाएगा. जिस दिन इस देश के ओबीसी को, देश के दलित को और देश के आदिवासी को अपनी सच्ची आबादी के बारे में जानकारी मिलेगी, अपनी सच्ची शक्ति के बारे में जानकारी मिलेगी उस दिन यह देश हमेशा के लिए बदल जाएगा. यह आजादी के



बाद सबसे बड़ा क्रांतिकारी निर्णय होगा. उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी आपके लिए, आपके साथ मिलकर, कदम से कदम मिलाकर यह निर्णय लेने जा रही है, इसे कोई शक्ति नहीं रोक सकती. राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जाति जनगणना को लेकर स्पष्ट रूख नहीं अपनाने का आरोप लगाया और कहा, मोदी जी 12 हजार करोड़ रुपए के हवाई जहाज में उड़ते हैं, हर रोज नए कपड़े पहनते हैं, ओबीसी शब्द को लेकर वह चुने गए और जब समय आता है ओबीसी को हक देने का तो कहते हैं कि ओबीसी नहीं है, जाति तो हिंदुस्तान में एक ही है, वह गरीब है. हम पता लगाएंगे कि ओबीसी कितने हैं. मैं कह रहा हूं कि आज जितने हैं उतनी भागीदारी आपको मिलेगी. कर्ज माफ होगा तो किसानों का अरबपतियों का नहीं. उन्होंने केंद्र सरकार पर बड़े उद्योगपतियों का कर्ज माफ करने का आरोप लगाया और कहा, हमारी जहां भी सरकार है कर्नाटक, छत्तीसगढ़ राजस्थान और हिमाचल में, मैंने सभी मुख्यमंत्रियों से कह दिया है कि जितना पैसा भाजपा के लोग अरबपतियों को और बड़े ठेकेदार को देते हैं उतना ही पैसा कांग्रेस पार्टी को किसान, मजदूर, माताओं, बहनों के बैंक अकाउंट में डालना होगा....क्योंकि हम जानते हैं कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार और युवा चलाते हैं. कांग्रेस नेता ने इस दौरान पार्टी की घोषणा पत्र में लिखे वादों को लेकर जनता से कहा कि वह इन वादों का भरोसा करें और राज्य में कांग्रेस की दोबारा सरकार बनाएं. राज्य में 17 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के मतदान के लिए बुधवार को प्रचार का आखिरी दिन है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग

# भारत की प्रमुख ओपन यूनिवर्सिटी इग्नू से पीएचडी करना छात्रों के लिए एक बेहतर विकल्प

**एजुकेशन रिपोर्टर रजनीश प्रसाद**

इग्नू का पूरा नाम इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी है, जो भारत की एक प्रमुख ओपन यूनिवर्सिटी है. इग्नू बिना किसी आयु सीमा के कम लागत पर नियमित कक्षाओं के साथ डिस्टेंस लर्निंग कोर्सेज प्रदान करता है. यह एआईयू द्वारा मान्यता प्राप्त एक केंद्र सरकार के स्वामित्व (ऑनरशिप) वाला एजुकेशनल इंस्टिट्यूट है और इसे यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त है. इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी एआईयू द्वारा मान्यता प्राप्त एक केंद्र सरकार की ऑनरशिप वाला एजुकेशनल इंस्टिट्यूट है और इसे यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त है. संस्थान के भारत में 30 लाख से अधिक छात्र हैं. इग्नू देश में शीर्ष क्रम की ओपन या डिस्टेंस एजुकेशन यूनिवर्सिटी है, जो इसे पीएचडी के लिए एक बहुत अच्छा विकल्प बनाती है. इग्नू उन लोगों के लिए सबसे अच्छे प्लेटफार्मों में से एक है, जो एक फ्लेक्सिबल पीएचडी नौकरी करने के इच्छूक हैं साथ ही यह छात्रों को अन्य एजुकेशनल योग्यता का पीछा करने के लिए भी तैयार करता है. कॉलेज देश के अन्य दूरस्थ शिक्षा कॉलेजों के उलट, इंटर्नशिप, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट भी प्रदान करता है.

### इग्नू में टॉप पीएचडी कोर्सेज की लिस्ट

- पीएचडी इन एंथ्रोपोलॉजी
- पीएचडी इन इकोनॉमिक्स
- पीएचडी इन लाइब्रेरी एंड इंफॉर्मेशन सांइस
- पीएचडी इन पॉलिटिकल साइंस
- पीएचडी इन साइकोलॉजी
- पीएचडी इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन
- पीएचडी इन सोसियोलॉजी
- पीएचडी इन बायोकेमेस्ट्री
- पीएचडी इन केमेस्ट्री
- पीएचडी इन जियोग्राफि
- पीएचडी इन जियोलॉजी
- पीएचडी इन स्टैटिस्टिक्स
- पीएचडी इन लॉ
- पीएचडी इन नर्सिंग
- पीएचडी इन सोशल वर्क
- पीएचडी इन ट्रांसलेशन स्टडीज
- पीएचडी इन वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग
- पीएचडी इन फ्रेंच
- पीएचडी इन फूड एंड न्यूट्रिशनल साइंस
- पीएचडी इन होम साइंस
- पीएचडी इन कॉमर्स
- पीएचडी इन मैनेजमेंट
- पीएचडी इन एजुकेशन
- पीएचडी इन जेंडर एंड डेवलपमेंट स्टडीज
- पीएचडी इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन
- पीएचडी इन डायरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी
- पीएचडी इन डेवलपमेंट स्टडीज – पीएचडी इन कंप्यूटर साइंस



### इग्नू में पीएचडी के लिए योग्यता

- उम्मीदवारों के पास संबंधित क्षेत्र में मास्टर्स डिग्री होना अनिवार्य है.
- अनारक्षित श्रेणी के लोगों के लिए मास्टर्स में न्यूनतम 55% अंक प्राप्त करना अनिवार्य है और आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 5% की छूट दी गई है.
- इग्नू में पीएचडी के लिए इग्नु पीएचडी इंट्रेंस एग्जाम क्वालीफाई करने की आवश्यकता होती है.
- वे उम्मीदवार जिन्होंने कोर्स वर्क के साथ एमफिल पूरा कर लिया है, या नेट (यूजीसी / सीएसआईआर / आईसीएआर द्वारा आयोजित) या किसी अन्य समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण हैं, उन्हें इग्नू से पीएचडी के लिए इग्नू प्रवेश परीक्षा में शामिल नहीं होना पड़ेगा.

### इग्नू में एडमिशन प्रक्रिया

इग्नू में लिखित परीक्षा के बाद इंटरव्यू के आधार पर छात्रों का चयन किया जाता है. प्रवेश के लिए उपयुक्त पाए जाने वाले आवेदनों को प्रवेश परीक्षा के लिए बुलाया जाता है. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर इंटरव्यू के दौर के लिए सिलेक्ट किया जाता है. प्रवेश के लिए प्रस्ताव पत्र केवल चयनित उम्मीदवारों को ही भेजे जाते हैं.

### आवश्यक दस्तावेज

- 10वीं की मार्कशीट (स्कैन कॉपी)
- 12वीं की मार्कशीट (स्कैन कॉपी)
- स्कैन किया हुआ पासपोर्ट साइज फोटो
- बैचलर / मास्टर डिग्री
- साइन की स्कैन
- आईडी प्रूफ की स्कैन कॉपी
- एड्रेस प्रूफ की स्कैन कॉपी
- जाति प्रमाण पत्र, यदि हो.

### प्रवेश परीक्षा

- शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची जिन्हें प्रवेश परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा, उन्हें इग्नू की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाता है.
- फिर परीक्षा तिथि से एक सप्ताह पहले एडमिट कार्ड इग्नू की ऑफिशियल वेबसाइट पर जारी किया जाता है.
- उम्मीदवारों को अपना प्रवेश पत्र परीक्षा सेंटर पर लाना जरूरी होता है, अन्यथा उन्हें लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाती.
- आवेदकों को परीक्षा केंद्र पर एक मूल पहचान प्रमाण जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और आईडी कार्ड लाना जरूरी होता है.
- एंट्रेंस टेस्ट 13 शहरों में होते हैं.

### इंटरव्यू

- लिखित परीक्षा में योग्य उम्मीदवारों को इंटरव्यू राउंड के लिए बुलाया जाता है.
- इंटरव्यू में चयनित उम्मीदवारों को ही प्रवेश के लिए प्रस्ताव पत्र भेजे जाता है.

### आवेदन प्रक्रिया

- सबसे पहले यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि फॉर्म भरने से पहले प्रॉस्पेक्टस डाउनलोड करें और निर्देशों को ध्यान से पढ़ें.
- उम्मीदवारों को बाद में लॉगिन करने के लिए अपना नाम और पासवर्ड याद रखना जरूरी है.
- वेबसाइट पर साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स चुने, जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.


मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)